e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 328
बुधवार
04.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

मंजिल पर पहुंचना है तो राहो में कांटो से मत घबराना क्योंकि कांटे ही कदमो की रफ्तार बढ़ा देते है!

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने गैस त्रासदी के दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को भोपाल गैस त्रासदी की 40वीं बरसी पर दिवंगतों को भावभीनी श्रद्धांजलि दीं। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि दुनिया की इस भीषण त्रासदी के दिन मैं भोपाल प्रवास पर ही था। इसकी तकलीफ सिर्फ वो ही समझ सकता है, जिसने इसे वास्तविक रूप से भोगा है। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं जाकर गैस प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गैस त्रासदी में प्रभावितों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भगवान श्री महाकाल से प्रार्थना की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में अनेक लोग असमय काल के ग्रास में समा गए, जो बचे वो किसी न किसी रूप से एमआईसी गैस के दुष्प्रभावों से कई साल पीड़ित रहे।

### साइबर ठगी में हरियाणा से महिला गिरफ्तार, विदेशों तक जुड़े हैं तार

**देहरादून :** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स के साइबर थाना कुमाऊं परिक्षेत्र पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर एक महिला को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। साइबर ठगी के तार पंजाब, हरियाणा, केरल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के साथ विदेशों तक जुड़े हैं। ये आरोपित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फर्जी ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर पीड़ितों को ठगते थे।अभी जांच में तीन करोड़ 50 लाख रुपये ठगी का मामला प्रकाश में आया है। नैनीताल निवासी एक पीड़ित ने नवंबर 2024 में शिकायत दर्ज कराई थी कि सितंबर 2024 में व्हाट्सएप पर एक ऑनलाइन ट्रेडिंग बिजनेस का विज्ञापन देखकर उसने निवेश किया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्यूनतम | 11° |

राजभवन के फूलो-झानो उद्यान में मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी

# पांच को होगा हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार 5 दिसंबर को होगा. राजभवन के फूलो-झानो उद्यान में दिन के 12.30 बजे हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के द्वारा दिलाई जाएगी. राजभवन में इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं. आगंतुकों के साथ साथ वीआईपी के बैठने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं. जानकारी के मुताबिक हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सभी 11 मंत्रियों को एक साथ शपथ दिलाई जाएगी. कांग्रेस कोटे के मंत्रियों के नाम तय करने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार की रात झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के साथ राहुल गांधी व महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की थी. दोनों नेताओं से मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले कांग्रेस विधायकों के नाम पर चर्चा हुई. कमलेश महतो ने सभी 16 विधायकों की सूची भी कांग्रेस आलाकमान को सौंपी है.

### 9 दिसबंर से राज्य विधानसभा का विशेष सत्र

राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के साथ ही हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि जल्द ही विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। जिसमें 9 दिसबंर से 12 दिसबंर तक विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित होगा। जिसमें विधायकों से शपथ ग्रहण के साथ-साथ सदन में विश्वास मत भी हासिल किया जा सकता है। वहीं इससे पहले कैबिनेट विस्तार पर झामुमो नेता मनोज पांडे की तरफ से कहा गया था कि, राज्य में एक संतुलित मंत्रिमंडल बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा था कि, पांच विधायकों पर एक मंत्री के फॉर्मूले पर चर्चा की जा रही है।



### कैबिनेट में किस दल से कितने मंत्री?

सूत्रों के अनुसार, जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी से ही मंत्री बनाए जाने हैं, इसमें जेएमएम से छह, कांग्रेस से चार, आरजेडी से एक मंत्री बनेंगे। जबकि अन्य सहयोगी दल सीपीआई (एमएल) (एल) ने मंत्री पद लेने से मना कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, हेमंत सोरेन के अकेले शपथ लेने की वजह ये थी कि गठबंधन में मंत्री पदों के लेकर सहमति नहीं बन सकी थी।

### राजद से सुरेश पासवान का नाम आगे

गठबंधन के सहयोगी दल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से सुरेश पासवान का नाम आगे चल रहा है. हालांकि हुसैनाबाद से विधायक बने सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय यादव भी मंत्री पद के दावेदार हैं. बताते चलें कि विधानसभा का विशेष सत्र नौ दिसंबर से शुरू होगा. सरकार इसकी तैयारी में जुट गई है. सत्र के दौरान नए स्पीकर का भी चयन किया जाना है.

## सीएम हेमन्त सोरेन ने निर्माणाधीन फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें। फ्लाईओवर निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार द्वारा कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं।






## अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** सदर मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी।सदर अनुमंडल कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में खनन पदाधिकारी,सदर व लेस्लीगंज के एसडीपीओ,सदर अनुमंडल अंतर्गत सभी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।बैठक में एसडीएम ने सभी को आपसी ताल-मेल व बेहतर समन्वय के साथ पूरे अनुमंडल क्षेत्र में अवैध खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की बात कही।उन्होंने कहा कि सभी सीओ और थाना प्रभारी अपने क्षेत्र अंतर्गत संचालित क्रशर का मापी करें और यह सुनिश्चित करें कि क्रशर अपने निर्धारित एरिया में ही संचालित किया जा रहा है।बैठक में उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कहीं भी अवैध खनन को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।उन्होंने कहा कि जो लोग भी अवैध कार्य में लिप्त पाये जायेंगे उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये।

**थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करें**

बैठक में मौजूद सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी को बेहतर समझ में के साथ काम करने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा देखा गया है कि दो थाना क्षेत्र की सीमा रेखा पर अवैध बालू का कारोबार हो रहा है ऐसे स्थान पर दोनों थानों व अंचलों के पदाधिकारी आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर संबंधित पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसके पूर्व सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी ने अपने स्तर से की गयी कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया।

## बीआरपी ने सभी प्रधानाध्यापकों व संकुल साधन सेवी के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में मंगलवार को बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च व मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय व नव प्राथमिक विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापकों व संकुल साधन सेवी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के एम पी डब्लू दिलीप कुमार व नन्द कुमार ने स्वास्थ सबंधी जानकारी दिया। उन्होंने सप्ताह में एक दिन बच्चों के भोजन के उपरांत वर्ग 6 से ऊपर के छात्र-छात्रओं को एनीमिया का टैबलेट तथा 1- 5 वर्ग के बच्चों को गुलाबी रंग का टैबलेट देने की जानकारी दिया। बैठक में कम्प्यूटर कौडिनेटर राजकुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से आपार सबंधित जनकारी विस्तार से दिया। बीआरपी श्री कांत चौबे ने सभी सीआरपी को बाल शिशु पंजी का फार्मेट सभी प्रधानाध्यापक को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।उन्होंने शिशु पंजी का कार्य सभी प्रधानाध्यापक को समय सीमा के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया।उन्होंने त्रैमासिक माता- पिता - शिक्षक की बैठक आगामी 6 दिसंबर तक हरहाल में कर लेने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बैठक के बाद लिंक को भरना आवश्यक है।

## देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती मनाई गई



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को रामवि हुसैनाबाद परिसर में स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति डा राजेन्द्र प्रसाद की 140 वीं जयंती मनाई गई। डा राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। यह बताया गया कि उनका जन्मस्थली बिहार के छपरा संप्रति सीवान जिले के जीरादेई गांव था। वे कुशाग्र बुद्धि के थे, विद्यार्थी जीवन में सदैव उन्होंने प्रथम स्थान ग्रहण किया। उनके बताये गये सिद्धांतों पर चलकर ही, उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। आज कृतज्ञ राष्ट्र 75 वीं संविधान सभा दिवस भी मना रहा है,वह संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष भी रहे हैं। वक्ताओं में सुषमा पांडेय, जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता,राजेश सिंहा, पुष्पा कुमारी व रश्मि प्रकाश थीं।बाल संसद के मंत्री गण भी श्रद्धांजलि अर्पित किये।इस अवसर पर प्रार्थना सभा में बच्चों से उनके जीवनी संबंधित दस दस प्रश्न पूछे गये। लगभग डेढ़ दर्जन बच्चों ने सही जवाब दिया।

## हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की से गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया है, ये आरोप पीड़िता नाबालिग की माँ ने लगाई है, घटना कल शाम की बताई जा रही है, पीड़ित नाबालिग लड़की के परिजन के अनुसार नाबालिग लड़की धनिया लेने निकली थी, उसी बीच गांव के ही एक युवक ने नाबालिग को अरहर के खेत मे ले जाकर दुष्कर्म किया है। नाबालिग लड़की की अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में आज सुबह ईलाज किया गया जहाँ से डॉक्टरो ने बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया, इस मामले की संज्ञान में आते ही हुसैनाबाद पुलिस छानबीन में जुट गई है और आरोपी युवक की धड़ पकड़ में लग गयी है।

## जपला मुख्य डाकघर में हुआ शोक सभा



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधान डाकघर डाल्टेनगंज के पोस्टमास्टर अमृत टोपो के सड़क दुर्घटना में हुई निधन पर जपला मुख्य डाकघर में एक शोक सभा का आयोजन कर शोक संवेदनाव्यक्त किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रभारी उप डाकपाल श्याम कुमार, अरविंद ओझा, पप्पू कुमार, अभिषेक प्रभाकर, सुधीर कुमार सिंह, नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, देवेन्द्र नाथ गुप्ता श्रवण कुमार, सौरभ कुमार, रंजीत सिंह, कैलाश मेहता, सुधीर ठाकुर,कृष्ण पंडित, रवि कुमार भगवान राम,बिमलेश कुमार सोमनाथ सिंह, सहित सभी कर्मचारी एवं अभिकर्ता शामिल हुये।

## व्यक्ति नही एक विचारधारा का नाम था महावीर प्रसाद पांडेय : संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर के महान विभूति महावीर प्रसाद पांडेय की 14 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को मनाई गई.इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्य कार्यक्रम जनता उच्च विद्यालय में हुआ. जहां सबसे पहले विद्यालय परिसर में स्थापित महावीर प्रसाद पांडेय के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. इसके अलावा अतिथियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया.उनके सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया.स्व.पांडेय के छोटे पुत्र सह सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि बिश्रामपुर शिक्षित और विकसित हो. इसके लिए उन्होंने जनता उच्च विद्यालय, जमुना देवी परियोजना कन्या उच्च विद्यालय सहित कई विद्यालयों की स्थापना करी. विद्यालयों के स्थापना हेतु दर्जनों एकड़ जमीन दान किया. संजय पांडेय ने कहा कि महावीर प्रसाद पांडेय कोई व्यक्ति नही बल्कि एक विचारधारा थे. प्राचार्य भोला राय ने स्व महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. इसके अलावा यमुना देवी कन्या उच्च विधालय में भी स्व.पांडेय को नमन किया गया. इस अवसर पर अतिथियों ने महावीर प्रसाद पांडेय के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. मौके पर गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, प्राचार्य सरिता देवी, नीरज देवी, प्रमोद पाठक, अवध बिहारी तिवारी, प्रभव मिश्रा, प्रो अरुण कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, जारद हुसैन, अमित कुमार, अनीश चोपड़ा, इरफान साजिद, लाल साहब, हीरा लाल प्रसाद, अरुण कुमार, नीतिक कुमार, प्रतिमा तोपों, इंदु कुमारी, लालो राम, दुर्गावती देवी, छात्रा रश्मि कुमारी, स्नेहा कुमारी, सुजाता कुमारी, रिया कुमारी, नेहा कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद सादगी के प्रतिमूर्ति थे : निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। मौके पर उनके जीवनी पर की चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद सादगी के प्रतिमूर्ति थे। बच्चों को उनके जीवन से देशभक्ति, सादगी, सेवा, त्याग की शिक्षा लेनी चाहिए। इतना ही नहीं वे संविधान सभा के अध्यक्ष के साथ साथ तत्कालीन कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। वे स्वाधीनता के बाद आजाद



भारत के प्रथम राष्ट्रपति बने। बाद में उन्हें भारतरत्न की उपाधि प्रदान की गई। इन महान व्यक्ति का जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार राज्य के सिवान जिला के जीरादेई नामक ग्राम में हुआ था। उनके पिता का नाम महादेव सहाय और माता कमलेश्वरी देवी थी। डॉ राजेंद्र प्रसाद देशभक्ति के साथ-साथ बड़े ही विद्वान थे।उनके विषय में कहा जाता है कि किसी परीक्षा में परीक्षक ने उनके उत्तर पुस्तिका पर यह लिखा कि ÷एग्जामिनी इज बेटर देन एग्जामिनर वे भारतीय स्वतंत्रता सेनानी के साथ साथ स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। आज हम उन्हें नमन करें और उनके जीवन से सीख लें। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, खुर्शीद आलम, नीरा शर्मा, शिवानी कुमारी, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीलम केशरी, ज्योति तिवारी, सरिता दुबे, पूजा प्रकाश आदि का सराहनीय योगदान रहा। मंच का संचालन बीके ठाकुर जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीलम केशरी ने की।

## विधिक अधिकारों के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** जिला व सत्र न्यायधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव के नेतृत्व में इन दिनों वृहद विधिक जागरूकता कार्यक्रम पूरे जिले के ग्रामीण इलाकों में चलाया जा रहा है. इसी के तहत मंगलवार को बिश्रामपुर नगर परिषद के मायापुर गांव में पीएसएलवी अखिलेश चौबे के द्वारा विधिक जागरूकता शिविर लगाया गया. जिसमे चौबे ने ग्रामीणों को विधिक अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने बताया कि विधायक सेवा प्राधिकार आम लोगों को हर तरह की विधिक सेवा भी मुफ्त उपलब्ध करता है. न्याय सबके लिए है, इसकी समुचित जानकारी भी सभी लोगों को होनी चाहिए. इसके लिए डीएलएसआर द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान की जाती है. मौके पर क्षेत्रीय चौबे, विनोद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## साइकिल वितरण मे चार सौ रुपए प्रति बच्चों से की जा रही है अवैध वसूली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पलामू जिला के पाटन प्रखंड मे छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण में घोर अनिमिता बरती जा रही है। साथ ही स्कूल के शिक्षक बच्चों के मध्यान भोजन मेनू मे भी कटौती कर रहे हैं। यही तक ही नही साइकिल वितरण में प्रत्येक छात्र-छात्राओं से चार-चार सौ रुपये की अवैध वसूल किया जा रहा हैं। यह मामला पाटन प्रखंड के राजकीय कृत मध्य विद्यालय मेराल की है । बताते चले की मेराल पंचायत के मेराल गांव के स्कूली छात्र छात्राएं एवं स्कूल के अभिभावक ने राजकीय कृत मध्य विद्यालय मेराल के शिक्षक दिनेश कुमार एवं संजोजीका भवानी देवी पर साइकिल वितरण में प्रत्येक बच्चे से 400 की अवैध वसूली कि आरोप लगाई है। जबकि झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा निशुल्क साइकिल वितरण किया जान है। वही ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार को महीने की सैलेरी 95000 मिलने के बाद भी साइकिल वितरण में चार - चार सौ रुपए की अवैध वसूली किया जा है। यही तक ही नहीं



बल्कि राजकीय मध्य विद्यालय मेराल स्कूल मे उपस्थित बच्चों से पूछे जाने पर बच्चों ने बताया कि स्कूल में मध्यान भोजन में भी अनियमता बरती जा रही है। मध्यान भोजन मेनू के अनुसार नहीं दी जाती हैं। मध्यान भोजन स्वच्छ रूप से नही बनाया जाता है,बच्चों ने यह भी आरोप लगाते हुए कहा कि भोजन में कई बार कीड़े मकोड़े भी निकालते हैं। साथ ही साथ बच्चों ने बताया शौचालय हमेशा गंदा रहता है। साथ ही विद्यालय में सभी विषयों की पढ़ाई नहीं होती है। जबकि विद्यालय में आठ शिक्षक पदस्थापित है। वहीं आठ क्लास के बच्चों ने यह भी आरोप लगाया कि सभी शिक्षक अटेंडेंस बनाने के बाद कार्यालय में बैठकर गप करते रहते हैं। जिस फल स्वरुप विद्यालय आज कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। वही उपस्थित ग्रामीणों ने कहां की विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।जब इस संबंध में स्कूल के प्रधान अध्यापक दिनेश कुमार से जानने की कोशिश की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे विद्यालय में 58 छात्र छात्राओं के साइकिल वितरण के लिए साइकिल आया हुआ है जिसमें 45 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया है। और जो पैसे की बात हो रही है वह ग्रामीणों द्वारा गलत आरोप लगाया जा रहा है।अब दिलचस्प बात यह है कि अगर स्कूल के प्रधानाध्यापक के द्वारा 45 बच्चों को अगर साइकिल वितरण की गई होगी तो 400 के हिसाब से अब तक बच्चो से 17600 की किया जा चुका होगा। यही तक ही नहीं विद्यालय में साइकिल के नाम पर अवैध वसूल पैसे को लेकर मेराल गांव के ग्रामीणों एवं स्कूल के प्रधानाचार्य के साथ खूब हंगामा हुआ। सूत्रों के माने तो प्रखंड के कई स्कूलों में साइकिल वितरण में अवैध पैसा वसूली किया जा रहा है। लेकिन शिक्षा विभाग के ढोल-मूल रवैया एवं मिली भगत से यह कहना गलत नहीं होगा। साइकिल वितरण के नाम पर अवैध वसूली पर ग्रामीणों ने काफी आक्रोश देखा गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं पलामू उपयुक्त नाम से आवेदन लिखकर देने कि बात कही है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरिप्रसाद ठाकुर ने बताएं कि अगर इस प्रकार की अनिमिता बरती जा जारी है तो जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नव निर्वाचित विधायक ने निकाला आभार यात्रा



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आनंद प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने केतार, भवनाथपुर और खरौंधी में आभार यात्रा निकाला और जनता को संबोधित किया। सोमवार की शाम आभार यात्रा के तहत क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव हजारों समर्थकों के साथ खरौंधी बाजार पहुंचे। इसके पश्चात प्रखंड कार्यालय के समीप एक सभा का किया। उपस्थित समर्थकों को संबोधित करते हुये नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा आपके आशीर्वाद से भवनाथपुर विधान सभा से मैं विधायक बना हूं। इसके लिए आप लोगो का आभारी हूं। आपलोग ने मुझे सहयोग कर भवनाथपुर विधान सभा का 15 साल के कोढ़ को मिटाने का काम किया है। भवनाथपुर में पावर प्लान तथा खरौंधी में डोमनी बराज अब तक बन गया होता। लेकिन भानु प्रताप शाही ने दोनों को रोकने का काम किया। आपके सहयोग से मुझे मौका मिला है। दोनों योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा। जब मैं पहले विधायक था, तो 2009 में मैंने कोई वादा नहीं किया था। मेरा एक संकल्प था कि यहां के बेरोजगार को घर में ही रोज़गार मिल सके। इसके लिये दोनों योजनाओं को कार्य है रहा था। लेकिन पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने इसे रोकवाने का काम किया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते है उसे पूरा भी करते है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसानो के लिए कई योजनाओं को चालू करने जा रहे है।वहीं ताहिर अंसारी ने कहा आपके सहयोग से झारखंड में हमारी सरकार बन गई है। हेमंत सोरेन की सरकार दिसम्बर में मईया सम्मान योजना के तहत मिलने वाले एक हजार रुपए को बढ़ाकर 2500 रुपए देगी।

## पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा

### बीडीसी बैठक में छाया रहा सेमरा में अबुआ आवास योजना में पैसा उगाही का मुद्दा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी व सुनील सिंह ने की तथा संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार दास ने किया। पंचायत समिति के सदन में विकास कार्यों के समीक्षा किया गया, और विभिन्न योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी लिया गया। इस दौरान पंसस ने अबुआ आवास में अनियमितता का मुद्दा उठाया।योजना में भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। कहा कि वास्तविक जरूरतमंदों के बजाय संपन्न लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से अबुआ आवास, बालू, जमीन रसीद, ज़मीन सुधार में घुस लेने देन के मामले में पंचायत समिति सदस्य लालजी चौधरी ने बताया कि सभी मामले में लेन देन का मामला मुख्य रूप से चल रही है।वहीं सेमरा पंचायत के बलहिया गांव में अबुआ आवास लाभार्थी से दस हजार घुस लेकर तीस हजार डालने के मामले में दैनिक अखबार में प्रकाशित मामला में प्रखंड समन्वयक पदाधिकारी ने बताया की जांच की गई है मामला सही है अग्रतर कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई है कार्रवाई सुनिश्चित होगी। वहीं आवास के संबंध में ग्राम सभा से आए योग्य व अयोग्य लिस्ट को सार्वजनिक करने की मांग की गई। वहीं बताया गया कि गेहूं हरेक पंचायत में 7.5 क्वींटल 50त्र अनुदान राशि पर उपलब्ध है। प्रती बैग 40 किलोग्राम का 850रू मे उपलब्ध है। वहीं खाद्य सुरक्षा के एक टीम गठित कर खाद्यान्न जांच करने का फैसला लिया गया है। पंचायत समिति ने बताया कि डीलर के द्वारा 4.5प्रती यूनिट का विरोध करने पर डीलर बताते हैं कि प्रखंड से कम आपूर्ति होती है। मौके पर बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार, प्रखंड प्रोग्राम पदाधिकारी वैभव कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी प्रमोद जायसवाल, प्रखंड समन्वयक बीरबल कुमार, एफसीआई गोदाम प्रबंधक संजीव कुमार सहित प्रखंड कर्मी व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## रोटरी स्कूल के प्रबंधन ने प्रथम राष्ट्रपति के जन्मदिन के अवसर पर सुश्री रिया वर्मा को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर नगर निगम स्थित रोटरी स्कूल के प्रबंधन ने 69 वी बीपीएससी में 22वे रैंक प्राप्त करने वाली सुश्री रिया वर्मा को पुष्प-गुच्छ, अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं उत्साह वर्धन प्रमाण पत्र देकर विद्यार्थियों के बीच में सम्मानित किया।विदित हो कि सुश्री रिया वर्मा इसी विद्यालय में 6 वर्षो से पढ़ाई कर वर्ष 2014 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा अच्छे अंको के साथ उत्तीर्ण की थी। अपने विद्यार्थी जीवन में हाउस कैप्टन के साथ-साथ हेड गर्ल की भूमिका का भी निर्वहन की थी। इस अवसर पर सम्मानित करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने बताया कि रिया प्रारंभ से ही परिश्रमी थी जिसका परिणाम आज एक अफसर बिटिया के रूप में देखने को मिल रहा है।



रोटरी परिवार हमेशा उसके परिवार के साथ है तथा भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छूकर नाम रोशन करें एवं इनका जीवन स्वस्थ एवं मंगलमय हो।विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पांडेय ने बताया कि रिया वर्ग पांचवीं से दसवीं तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से की है। उसमें नेतृत्व का गुण प्रारंभ से ही देखने को मिला था जो जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। आज रिया ने अपनी कामयाबी से समाज में अपनी पहचान बनाई है। विदित हो की रिया बिहार में सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुई थी किंतु वह आगे बढ़ते हुए 69वी बीपीएससी संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में 22वां रैंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इनके उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए इन्हें यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर पुनः आगे बढ़े। इससे पूर्व प्रातः कालीन सभा में प्राचार्य ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन एवं उनके किए गये कार्यो के बारे में अवगत कराया कि वे समाज के एक ऐसे वर्ग से आते थे जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारत के प्रथम राष्ट्रपति जो 1950 से 1962 ई तक रहकर एक कृतिमान स्थापित किया जो हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इन्होंने बच्चों को बताया की एक बार परीक्षा की कॉपी जांच करते समय परीक्षक ने टिप्पणी लिखी थी की परीक्षक से कहीं परीक्षार्थी बेहतर है। अतः आप सभी विद्यार्थी उनके छोड़ें गए पदचिन्हों पर चलकर एक नई आदर्श जीवन एवं आदर्श नागरिक के रूप में बनकर इनके जन्मदिन को सफ़ल बनावे। इस अवसर पर सुश्री रिया वर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि कभी आपकी तरह मैं भी उसे पंक्ति में बैठती थी किंतु आज प्रबंधन द्वारा बुलाकर सम्मानित करना अपने आप में गौरव का पल है। आप सभी किताब को ही दोस्त बनकर सिर्फ एक सूत्री कार्यक्रम से परिश्रम करेंगे तो सफलता निश्चित ही एक दिन कदम चूमेगी क्योंकि परिश्रम करने वालों की कभी हार नहीं होती है।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### चित्रांकन प्रतियोगिता में छात्रों ने मारी बाजी

**रांची :** रातु स्थित अगरु जेके इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों के लिए एक्सिस बैंक द्वारा ड्राइंग कंपटीशन करवाया गया।यह कार्यक्रम हर साल क्राफ्ट, लेख,राइटिंग के साथ-साथ ड्राइंग स्किल्स करवाते हैं। इस कार्यक्रम में अचिंत सिंह, ब्रांच मैनेजर,दलादली, एक्सिस बैंक,निहार रंजन पंडा, झारखंड सर्किल हेड, एक्सिस बैंक,अभय कुमार,क्लस्टर हेड,बिनोद कुमार, क्लस्टर सेल्स हेड,रमनदीप सिंह रेखी, सर्कल सेल्स हेड, एक्सिस बैंक के मौजूद रहे। 7 से 14 सालों के बच्चों के लिए यह कंपटीशन करवाया गया थीम्स ऑफ ड्राइंग क्राफ्ट एंड राइटिंग कंपटीशन में 7 टू 10 ग्रेटफुल हार्ट के थीम पर आधारित चित्र रखा गया । 11 टू 14 द अनसंग हीरोज के थीम पर चित्रकला बनाना निर्धारित किया गया ।फर्स्ट विनर के लिए 1 लाख रुपए का प्राइज वही टॉप 3 रनर के लिए 50 हजार तक की राशि रखी गई साथ ही मेडल और सर्टिफिकेट सभी को दिया गया।

### प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र को किया गया याद

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित राजेन्द्र चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया।राज्यपाल ने इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के जीवन मूल्यों और उनके आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सादगी, निस्वार्थ सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति असाधारण योगदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा।उक्त अवसर पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं माननीया विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# झारखंड में संवैधानिक संस्थाओं के पद हैं खाली : बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार को निशाने पर लिया। सोशल मीडिया के माध्यम से मरांडी ने हेमंत सरकार को घेरते हुए बड़ा सवाल किया कि आखिर कब तक जनता परेशान होती रहेगी।मरांडी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा। राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में लंबे समय से पद खाली हैं, जिससे लोगों की अर्जियों पर सुनवाई नहीं हो रही। कहा कि लोकायुक्त कार्यालय में 2000 से अधिक मामले लंबित हैं। पूर्व लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय का कार्यकाल जून 2021 में समाप्त हो गया, और तब से यह पद खाली है। इसके कारण भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की सुनवाई ठप हो गई है।राज्य मानवाधिकार आयोग भी पूरी तरह से बंद है। मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए इस आयोग में पिछले लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्य नहीं हैं जिससे लोग मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में न्याय पाने से वंचित हो रहे हैं। राज्य महिला आयोग की स्थिति भी बेहद खराब है। महिलाओं की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोग काम करता है, लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों के अभाव में शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही।

## विधानसभा चुनाव के दौरान राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो : प्रतुल शाह देव

रांची। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय रही। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से भाकपा माओवादियों ने बयान जारी करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन की हार पर झारखंड की जनता को बधाई दी है,यह बहुत ही संदिग्ध है। प्रतुल ने कहा कि मीडिया के अनुसार माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के मुख्य प्रवक्ता आजाद ने बयान जारी कर भाजपा की हार पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि का यह बेहद ही संदिग्ध मामला है क्योंकि इन्हीं उग्रवादियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बाँट करचुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। जो संगठन चुनाव में विश्वास नहीं रखता, वह किसी दल विशेष की पराजय से इतना खुश कैसे हैं? प्रतुल ने कहा क्या चुनाव के समय ऐसे संगठनों ने पर्दे के पीछे से कोई बड़ा षड्यंत्र किया है? प्रतुल ने कहा कि आज तक ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ है जब माओवादी जैसे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाले प्रतिबंधित संगठन ने किसी के चुनाव हारने पर ऐसी प्रतिक्रिया दी हो।इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है। प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी संदिग्ध रही। राष्ट्र विरोधी कार्यों में लगे फॉरेन फंडिंग से फल फूल रहे इन एनजीओ ने जमकर भाजपा या गठबंधन के प्रत्याशियों को हराने के लिए कार्य किया। ऐसे एनजीओ का उद्देश्य आम आदमी की सेवा करना ना होकर राजनीति में सीधा हस्तक्षेप होता है जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इससे पूर्व भी कई बार धर्मांतरण सहित कई गलत चीजों को बढ़ावा देने वाली एनजीओ की जांच की मांग कर चुकी है। प्रतुल ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से ऐसे एनजीओ की चुनाव के दौरान गतिविधियों की जांच कर इन पर लगाम लगाने की मांग की।

## इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्रांसलेशनल बायोइन्फॉर्मेटिक्स पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 5 से 7 तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** बाईजीनियरिंग विभाग, बीआईटी मेसरा, आगामी इमर्जिंग ट्रेंड्स इन ट्रांसलेशनल बायोइनफार्मेटिक्स पर तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा की गई ।उक्त बातें संवाददाता सम्मेलन में प्रो कुणाल प्रोफेसर मुखोपाध्याय चेयरमैन, सहायक प्रोफेसर सह सम्मेलन संयोजक डॉ आलोक जैन, प्रोफेसर राजू पोद्दार और डॉक्टर कोयल मुखर्जी आयोजन सचिव ने संयुक्त रूप से कहीं। उन्होंने कहा की यह सम्मेलन 5 से 7 दिसंबर, 2024 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बाधोइन्फॉर्मेटिका रोग जीवविज्ञान, और कंप्यूटेशनल तकनीकों के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों पर चर्चा होगी। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में प्रो. एल. एस. शशिधर (FNASC, FNA, FASC, जेसी बोस नेशनल फेलो और निदेशक, एनसीबीएस, बेंगलुरु) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं, प्रो. डी. सुंदर (FNASC, निदेशक और बायोकॉन चेयर, आईबीएबी, बेंगलुरु विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। (5 दिसंबर)एआई- एमएल और बिग डेटा का रोग जीवविज्ञान में अनुप्रयोग, दूसरा दिन आणविक मॉडलिंग और संरचनात्मक बायोइन्फॉर्मेटिक्स में भविष्य की.संभावना. तीसरा दिन जटिलताओं का विश्लेषणः सिस्टम बायोलॉजी और मैथमेटिकल बायोलॉजी सम्मेलन में दुनिया भर के प्रतिष्ठित वक्ता और विशेषज्ञ भाग लेंगे, जो बायोइन्फॉर्मेटिक्स और इसके अनुप्रयोगों में नए दृष्टिकोण साझा करेंगे। बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो. इंद्रनील मन्ना इस आयोजन का नेतृत्व करेंगे। सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो. कुनाल मुखोपाध्याय, बायोइंजीनियरिंग और बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष, ने कहा, झारखंड में यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है। यह एआई, मशीन लर्निंग और अन्य बायोइन्फॉर्मेटिक्स तकनीकों के माध्यम से विविध अनुप्रयोगों पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा, जो मानवता को कई तरीकों से लाभान्वित करेगा।। विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आलोक जैन सम्मेलन के संयोजक हैं। उन्होंने कहा, यह पैनल चर्चा अत्याधुनिक तकनीकों और उनके नवाचार और खोज को बढ़ावा देने की क्षमता पर केंद्रित होगी, जो भारत के अनुसंधान परिदृश्य को नया रूप दे सकती है। प्रो. राजू पोद्दार और डॉ. कोएल मुखर्जी आयोजन सचिव हैं। यह सम्मेलन झारखंड में शोध और नवाचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। मंच संचालन प्रीति ने की।

## लांस नायक शहीद अल्बर्ट एक्का को भाकपा व झामुमो नेताओ ने दिया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लॉन्स नायक परमवीर चक्र विजेता शहीद एलबर्ट एक्का की शहादत दिवस पर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर भाकपा और झामुमो नेताओं ने शहीद एलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर भाकपा रांची जिला के वरीष्ठ नेता अजय सिंह, झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता, अजित नायक सहित कई नेता गण शामिल थे।

## तहफ्फुज ए अईमे-ए-मस्जिद व मुअज्जिन पर कॉन्फ्रेंस आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मदरसा इलियास आजाद अर्शदुल अलूम, काठीटांड, रांची मे तहफूज ए अईमे ए मस्जिद व मुअज्जिन पर कांफ्रेंस रखा गया जिसमें शहर के मशहूर और मारूफ उलेमा ने शिरकत की । शहर और आसपास के मशहूर और मारूफ उलेमा,मुफ्तीयान ए कराम हजरत शामिल हुए। मौके पर डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, शहर काजी मुफ्ती कमरे आलम, मौलाना अब्दुल्लाह कासमी,मौलाना मोहम्मद कासमी , मदरसा हुसैनिया कडरू, मुफ्ती नासिर, अरशद अयूब फारुक दिलकश उत्तर प्रदेश, मुफ्ती सनाउल्लाह उड़ीसा समेत कई उलेमा हजरात शामिल हो हुए। मौके पर डीआईजी



नौशाद आलम ने कहा जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है उसे एतबार से इमाम और मौजनीन को सैलरी नहीं मिलती है इस पर ध्यान देने की जरूरत है। वही पे मौजूद करी अंसार ने कहा पूरे झारखंड में पूरे हिंदुस्तान में इमाम और मुअज्जिन का क्या मर्तबा है वह बताया जाएगा क्या मर्तबा है बताया जाएगा, जिस तरह से इमाम और मुअज्जिन को लोग दरकिनार कर रहे, ये शहर के जितने दानिश्वर है वह बर्दाश्त नहीं करेंगे। इमाम और मुअज्जिन को इंसाफ दिला कर ही रहेंगे, इसका मर्तबा बहुत बड़ा है।

## सीएम से मिलकर एसएसपी किशोर कौशल ने दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सचिव मनीष रंजन, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्र, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन ज़मान ने शिष्टाचार मुलाकात की।

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां ने मिलकर बधाई दी ।

## 11 दिसंबर को आयेगा सभी बहनों के खाते में 2500 : सुप्रियो भट्टाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के महत्वाकांक्षी योजनाओं में मंईया सम्मान योजना की राशि वादे के मुताबिक दिसंबर के महीने से 2500 देने का जो वादा किया गया था वह पूरा हो रहा है , 11 दिसंबर से सभी माता ,बहनों, बेटियों के खाते में 2500 करके खटाखट खटाखट आने लगेंगे। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रीम भट्टाचार्य ने पत्रकारों से संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि पहले 1000 मिल रहे थे, अब 2500 दिए जा रहे हैं। आगे भी सरकार के बेहतर तरीके से काम करने की योजनाएं बना रही है। सरकार गठन के बाद कुछ और बेहतर होगा। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा दिए गए बयान की आदिम जनजाति




जो पहाड़ियां हैं उसकी देखभाल अच्छी तरीके से करें। इस बयान के पलटवार करते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत हेमंत सोरेन आदिवासी, आदिम जनजाति, पहाड़िया जातियां, बैगा जन जाति सभी के बेहतर के लिए काम कर रहे हैं। आगे भी करेंगे,भाजपा को चिंता करने की जरुरत नहीं है। भाजपा को पहले की सोचना चाहिए कि छत्तीसगढ़ , उड़ीसा, मध्य प्रदेश में जो हमारे आदिम जनजाति हैं उनकी हालत क्या है ? इस पर गौर करने की बात है और इससे में सुधार कैसे हो इसके लिए बाबूलाल मरांडी को उन प्रदेशों में जाकर निरीक्षण करना चाहिए , इन तीनों राज्यों में भाजपा की सरकार है। आदिम जनजातियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए वहां पहल करनी चाहिए। असम में जो आदिवासी चाय के बगान में काम कर रहे हैं उनके अधिकार के लिए वहां आवाज उठाने चाहिए। आगे कहा कि झारखंड में आदिम जनजातियों के लिए सरकार का योजनाएं चल रही है। उसकी शुरुआत दिशुम गुरु शिबू सोरेन के मुख्यमंत्री कार्यकाल में ही शुरू हुआ था, इसमें और बेहतर करने के लिए भी सरकार कई तरह की योजनाएं ला रही है।

## रांची : आधा दर्जन बाइक चोर गिरफ्तार,बाइक बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने पत्रकारों को बताया कि लालपुर पुलिस को चोरी की बाइक से लूट की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गिरोह के 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है और हथियार को भी जब्त किया है। चोरी की 6 बाइक भी जब्त की है। गिरोह का मास्टरमाइंड खूंटी जिला के कर्रा का रहने वाला है। बाकी, अन्य सदस्य रांची जिला के अन्य जगहों के रहने वाले हैं।



उन्होंने बताया कि 2 दिसंबर को शुभ नारायण उपाध्याय की शिकायत पर लालपुर थाने में बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। जांच के क्रम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने एक टीम गठित की और छापेमारी कर एक युवक को चोरी के आरोप में हिरासत में लिया पूछताछ के क्रम में अपना नाम तनवीर आलम बताया उसको गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में तनवीर ने बताया कि वे और उसके साथी चोरी की बाइक के नंबर गूगल से बदलकर उन्हें शहर के बाहर बेचते हैं। इसके बाद उसकी निशानदेही पर चोरी की 5 बाइक बरामद की गई। गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें अर्जुन महतो उर्फ चितरंजन महतो, बासुदेव दास, रौशन दास, भरत दास समेत अन्य शामिल हैं। पुलिस इन सभी से पूछताछ कर रही है कि और चोरी की बाइक है तो उसे भी खोजकर निकाला जायेगा।

## दिवगंत मंत्री हाजी हुसैन अंसारी का पोता बना हाफिज कुरआन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मात्र 12 वर्ष के उम्र में झारखंड के दिवंगत पूर्व मंत्री स्वर्गीय हाजी हुसैन अंसारी के पोता, असजद हसन ने कुरान हिफ्ज (कुरान बिना देखे पढ़ना) आज पूरा किया। रांची के प्रसिद्ध मदरसा हुसैनिया कडरू में खत्म कुरान पर दुआ की मजलिस हुई। मदरसा शिक्षक कारी एहसान और कारी मोहम्मद इसराइल की देखरेख में बच्चे ने हिफ्ज मुकम्मल किया। मदरसा हुसैनिया के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मोहम्मद के सरपरस्ती में असजद हसन ने कुरान मुकम्मल किया। हाफिज असजद हुसैन के पिता इकरामुल हसन ने कहा कि मेरे पिता मरहूम हाजी हुसैन अंसारी की यह ख्वाहिश थी कि पोता हाफिज बने। जिसे उसने आज पूरा किया। दिवंगत हाजी हुसैन अंसारी के बेटे शब्बीर हसन, उनके परिवार के सदस्य, कारी असजद , मिनहाज, खुदा बख्श लाइब्रेरी, कारी अब्दुल कुद्दूस,कारी अखलद, कारी रिजवान ,कारी अब्दुल मजीद,कारी असद, कारीमुश्ताक, कारी शकील, मौलाना अजहरुद्दीन, मास्टर अतहर मौजूद थे।

## 24 घंटे के अंदर ही 281 शिकायतें हुई हैं प्राप्त

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने 03 दिसंबर 2024 को समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में बैठक कर व्हाट्सएप नंबर में प्राप्त शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। जिला प्रशासन द्वारा कल जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 में 24 घंटे के अंदर ही 281 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। दर्ज की गई कुल 171 शिकायतों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है। मंजूनाथ भजंत्री ने व्हाट्सएप नंबर पर रांची जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से भी शिकायतें प्राप्त करने हेतु प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

## भाजपा ने लांस नायक अल्बर्ट एक्का तथा राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद के जयंती पर भाजपा नेताओं ने दिया श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के द्वारा लॉन्स नायक परमवीर चक्र विजेता एलबर्ट एक्का की शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार राय ने परमवीर चक्र अल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस पर अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके वीरत्व को याद किया। इस अवसर पर डॉ राय ने कहा कि वीर शहीद की उनकी जीवनी और देशभक्ति को राज्य के



लोग अपने दिल में बैठाए और सामाजिक विकृति से ऊपर उठकर देश भक्ति के माध्यम से समाज की एकात्मकता के अनुभूति को दिल में संजोने का काम करें।

यह महसूस करे कि हम सभी भारत माता के पुत्र है।डॉ राय ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की भी जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित राजेंद्र चौक पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

इस कार्यक्रम में रांची महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, अशोक बड़ाईक, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, अजीत भगत, विकास रवि, बलसाई महतो, रवि मुंडा, पायल सोनी, रामलगन राम, सुभाष अग्रवाल, रणधीर सिंह, कुंदन सिंह, संतोष राम, सोनू मिश्रा, शक्ति रामायण सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक आयोजित की गयी।

समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खराब प्रदर्शनन करनेवालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया गया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया।




किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया। उपायुक्त रांची ने केसीसी ऋण के बारें में जानकारी लिया जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा उन्हें बताया गया की चष्टष्ट ऋण वित्त वर्ष 2024-25 का लक्ष्य-76057 जिसमें सितंबर तक 34512 केसीसी ऋण वितरण लाभुकों के बीच कर दिया गया हैं। मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## राशन लाभूकों को समय पर वितरण करें राशन,नहीं तो होगी कार्रवाई : एसओआर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद रांची अनुभजन पदाधिकारी मोनी कुमारी ने नगर निगम क्षेत्र के सभी राशन डीलर , एमो, एजीएम, डीएसडी के साथ बैठक की। सभी से राशन वितरण संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त की। इसके अलावा जरुरतमंद राशन कार्ड धारी का राशन कार्ड बनाने और उसमें हो रही समस्याओं से भी अवगत हुई। पदाधिकारी ने बताया कि राशन लाभुकों को किसी



तरह की परेशानी ना हो और समय पर राशन का उठाओ कर लाभूकों तक राशन का वितरण करना सुनिश्चित किया जाये। इसके अलावा राशन कार्ड कितना पेंडिंग है और राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है , इसकी भी समीक्षा करते हुए राशन कार्ड बनाने का काम को आगे बढ़ाने का निर्देश दी।किसी तरह की शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी।

## बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के पांच खिलाड़ियों का चयन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी के पांच खिलाड़ियों का चयन सीनियर नेशनल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह चयन खेलगांव होटवार में दो दिवसीय चयन प्रतियोगिता के माध्यम से किया गया। चयनित सभी खिलाड़ी आगामी 14 से 20 दिसंबर तक जमशेदपुर में आयोजित सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में तमन्ना वर्मा, कृष चंद्र देव, बबीता कुमारी, वर्षा खालको, मनीषा कुमारी, शर्ली खेलेंगे। इस अवसर पर एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, रांची जिला संघ के अध्यक्ष नेहा महतो, सचिन चंचल भट्टाचार्य, के साथ-साथ खेल प्रेमियों ने बधाई और शुभकामनाएं दिया।

## एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में डॉ.राजेंद्र प्रसाद की मनाई गयी जयंती



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी में मंगलवार को स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्टपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह एवं प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने दीप प्रज्वलित करते हुए डॉ.राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विद्यालय के बच्चियों ने मंगलाचरण गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों द्वारा भाषण एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत डॉ.राजेंद्र की जीवनी पर प्रकाश डाला गया एवं गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत बच्चों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों का प्रस्तुतीकरण किया। उच्च सदन भाषण प्रतियोगिता में यशु लोहारा प्रथम, नैना कुमारी द्वितीय एवं आकांक्षा कैथवार तृतीय स्थान प्राप्त किया। निम्न सदन भाषण प्रतियोगिता में शुभराज कुमार प्रथम, अर्चना कुमारी द्वितीय एवं श्रेया राणा तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च सदन गायन प्रतियोगिता के अंतर्गत सिया कुमारी प्रथम, अवंशिका टोप्पो द्वितीय एवं खुशी कुमारी तृतीय स्थान पर रही। निम्न सदन गायन प्रतियोगिता में अनामिका कुमारी प्रथम, वंशिका कुमारी द्वितीय एवं काजल कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। अंत में प्रधानाध्यापक अपने आशीर्वचन में बच्चों से कहा कि हमें डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के पग चिन्हों पर चलना चाहिए। उनकी तरह लगनशील एवं मेहनती होना चाहिए तभी हम जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## बिजली बिल विसंगति से उपभोक्ता परेशान, वर्षो बाद भी नहीं हुआ निदान

**अमड़ापाड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिजली विभाग की लेटलतीफी या यूं कहें मनमानी व लापरवाही से उपभोक्ता त्रस्त हैं। ऐसा इसलिए कि क्षेत्र में बढ़े हुए बिजली बिल के न सुधरने की समस्या से खासकर शहरी उपभोक्ता परेशान हैं।मिली जानकारी के अनुसार अगर जांच किए जाएं तो दर्जनों ऐसे मामले मिल जाएंगे जिनके मीटर की रीडिंग नियमित नहीं हैं।

कई मामले ऐसे हैं जिनके बढ़े हुए पुराने फॉल्स बिल के सुधार वर्षों से नहीं हुए हैं। उपभोक्ता ऐसे बिलों का चुकता चाहकर इसलिए भी नहीं कर पाते कि उन्हें विभागीय कर्मी द्वारा सुधार का भरोसा दिया गया होता है। ऐसा ही एक मामला बासमती गांव के उपभोक्ता निताई चंद्र पाल के साथ भी है।

उनके बिल की विसंगति भी पिछले छह वर्षों में दूर नहीं हुई है। बहरहाल, तकनीकि त्रुटि या मानवीय भूल हो सकती है किंतु विसंगतियों में ससमय सुधार या संषोधन न होना विभागीय कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर देता है।

**उपभोक्ता संतोषिनी देवी की जुबानी :** अमड़ापाड़ा पोखरिया रोड के शहरी क्षेत्र के इस महिला उपभोक्ता ने बताया की मैंने कनक्सन नंबर एडीएस- 0001525 के बढ़े हुए बिजली बिल की विसंगतियों में सुधार हेतु एक आवेदन 2019 में एई और जेई को दिया था।

लंबित बिल 2063 रुपए नहीं भुगतान हो पाने के कारण मेरा कनक्सन एलडी कर दिया गया था। फिर प्रावधान के अनुसार आरसी-डीसी चार्ज और बकाए बिल का कुल भुगतान 2430 रुपए किया और अपने पति श्रवण कुमार भगत के नाम पर न्यू सीएस कनक्सन लिया।

बिजली आपूर्ति चालू हो गई। लेकिन फिर फरवरी 2019 से अक्टूबर 2019 तक मुझे 13324 का बिल निर्गत कर दिया गया जो बहुत अधिक था। बिल सुधार हेतु मेरे दिए गए आवेदन पर तत्कालीन जेई ने आवश्यक अनुशंसा भी किया था किंतु पिछले पांच वर्षों के दौरान बिल में सुधार नहीं हुआ। पिछले चार-पांच दिन पूर्व हुए छापेमारी में मेरा विद्युत संबंध विच्छेद कर दिया गया। मैं परेशान हूं।

# एनके एरिया वेलफेयर टीम ने किया रोहिणी कॉलोनी का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सीसीएल एनके एरिया वेलफेयर टीम ने रोहिणी एवं पुरनाडीह कॉलोनी का निरीक्षण किया। टीम में एसओसी सुमन कुमार, श्रमिक नेता प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, डीपी सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, देवपाल मुंडा, ध्वजा राम धोबी एवं हरेंद्र सिंह शामिल थे। सबसे पहले वेलफेयर टीम ने रोहिणी कॉलोनी के निरीक्षण किया। साथ ही पम्प हाउस, फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम एवं अधिकारियों ने कॉलोनी की समस्याओं की जानकारी ली। कामगारो ने कॉलोनी में जमे कचरे, नालियों की समय-समय पर साफ सफाई की समस्या को बताया। वही कई कामगारो ने जर्जर हालत में पहुच चुके क्वार्टर की समस्या से भी अवगत कराया। पुरनाडीह कॉलोनी का निरीक्षण में जर्जर क्वार्टर की स्थिति से भी अवगत कराया गया। टीम ने सभी का निरीक्षण कर इस पर पहल करने का आश्वासन दिया। एसओसी ने ओवरसियर और ठेकेदार को तुरंत कॉलोनी में बुलाकर इस समस्या पर त्वरित कार्य करते हुए नियमित कचरे का उठाव करने तथा कॉलोनी में साफ सफाई को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि कॉलोनी के साफ सफाई में किसी तरह की कोताही नही बरते, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जर्जर क्वार्टर की भी मरम्मत कार्य को लेकर कराने का आश्वासन दिया गया। वही धमधमिया कॉलोनी में पानी की समस्या से भी टीम को अवगत कराया गया कि धमधमिया में पानी सप्लाई व्यवस्था को ठीक किया जाय। साथ ही कचरा उठाव की भी जानकारी दी गयी। इस मौके पर रोहिणी परियोजना के मैनेजर दीपक कुमार, रामा उरांव, उमाकांत सिंह, सुधीर सिंह, जसवंत पांडेय, नरेश प्रसाद, सूरज प्रधान मुंडा, राकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## अशोक परियोजना विस्तारीकरण को लेकर झुलनडीहा में ग्राम सभा



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के अशोका परियोजना विस्तारीकरण के लिए भू हस्तांरण हेतु एनओसी के लिए बेंती पंचायत के झुलनडीहा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता संगीता उरांव ने किया। ग्राम सभा में सीसीएल अधिकारी एव टंडवा अंचल के कर्मी उपस्थित थे। ग्राम सभा में ग्रामीणो ने कहा कि जबतक रैयती भुमि, गैरमंजरुवा भुमि और जगंल भुमि को एक साथ एनओसी लेने की बात नहीं करते हैं तबतक ग्रामीण सिर्फ जगंल जमीन और जगंल झाड़ी का एनओसी के लिए बात नहीं करेंगें और यह भी कहा कि ग्राम सभा द्वारा जो पूर्व में मांग प्रस्ताव पारित किया गया था उस मांग को जल्द पुरा की जाए, तभी ग्रामीण एनओसी की बात करेगें। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने एनओसी देने से इंकार कर दिया। इस मौके पर झुलनडीहा ग्राम के ग्रामीण मौजूद थे।

## आरसीएमएस ने दी मधुकान का काम बंद करने की चेतावनी



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ कांग्रेस (इंटक) ने बात नहीं मामने पर आगामी 13 दिसंबर से एनके एरिया के केडीएच में चल रहे मधुकान प्रोजेक्टस लिमिटेड के काम को बंद करने की चेतावनी दी है। इस संबंध में आरसीएमएस के एनके एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने परियोजना पदाधिकारी, केडीएच को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि झारखंड सरकार मजदूरों के हक अधिकार के लिए कटिबद्ध है। परंतु मधुकान कंपनी राज्य सरकार के श्रम कानूनों को नजरअंदाज कर मजदूरों का शोषण कर रही है। पीओ के संज्ञान में लाया गया है कि झारखंड सरकार के आदेश के अनुसार कंपनी में 75 प्रतिशत मजदूर स्थानीय लोगों को रखना है। महीने में चार दिन साप्ताहिक अवकाश आवश्यक रूप से देना है। 26 दिन के काम के एवज में ही पूरे महीने का वेतन देना है। परंतु मधुकान कंपनी इन सभी नियमों की अनदेखी कर रही है। बताया गया कि समय समय पर मधुकान कंपनी को अपने रवैये में सुधार के लिए पत्राचार किया गया है। परंतु कंपनी की ओर से सुधार की दिशा में कोई पहल नहीं किया जा रहा है। यूनियन की ओर से चेतावनी दी गई कि 10 दिनों के अंदर मधुकान ठोस व कारगर कदम नहीं उठाती है तो 13 दिसंबर से काम बंद कर दिया जाएगा जिसकी जबाबदेही मधुकान कंपनी की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि खलारी थाना प्रभारी को भी दी गई है।

# अनगड़ा के अंचल मैदान में मनाया गया विश्व दिव्यांग दिवस





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अनगड़ा अंचल मैदान में विश्व दिव्यांग दिवस समारोह संपन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन विकलांग संघ के जिलाध्यक्ष तबरेज अंसारी ने किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनगड़ा प्रखण्ड प्रमुख दीपा उरांव अंचल पदाधिकारी जयपाल सोइ एव विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा उपप्रमुख जयपाल हजाम प्रखंड प्रभारी एतवा उरांव जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी पूर्व जिला परिषद सदस्य रंथा महली समाजसेवी छोटेलाल महतो रहें ।दिव्यांग जनों के बीच खेलकूद मटका फोड़, साईकिल रेस, दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया तथा इसमें सफल दिव्यांगो के बीच पुरस्कार वितरण किया गया दीपा उरांव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही की अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आइए हम सब मिलकर संकल्प लें, दिव्यांग जनों के आत्मसम्मान एवं अधिकारों के प्रति सजग रहकर उनकी मदद करेंगे। मौके पर उपस्थित जिला सचिव लीला देवी कोषाध्यक्ष राम दायल सिंह की भूमिका रही जयपाल सोई ने इनके कार्यो की सराहना की है ।

# कर्रा प्रखंड सभागार में ग्राम प्रधान संघ की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** प्रखंड सह अंचल सभागार में मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ की बैठक ग्राम प्रधान संघ सचिव पीटर बारला की अध्यक्षता पर किया गया.बैठक पर ग्राम प्रधान संघ प्रखंड सचिव पीटर बारला ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान व पड़हा राजाओ को मोटरसाईकिल दिलाने के लिए फाईन बढ़ाया गया है, ग्राम प्रधान पड़हा राजाओं को 7,000 रूपया का मानदेय दिया जाए, गांव में अफीम खेती पर रोक लगाने, परम्परागत व्यवस्था के तहत ग्राम सभा को मजबूत करने, ग्राम सभा कि नियमित बैठक कराने, पेशा कानून को यथाशीघ्र लागू करने, ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा के अधिकार व कर्तव्य हेतु प्रशिक्षण कि व्यवस्था, आदिवासी जमीन खरीद बिक्री पर ग्राम सभा का अनुमती लेना, जल, जंगल, जमीन पर ग्राम सभा कि सम्पूर्ण अधिकार दिया जाए. बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा बीपीओ प्रेम सुजीत कुजूर उपस्थित होकर कहा कि ग्राम प्रधान गांव के विकास में अहम कड़ी है सभी विकास कार्यो का अनुसंशा ग्रामसभा से ही होकर आगे बढ़ता है. और मनरेगा की सभी योजनाओं को ग्राम सभा पारित करती है. लेकिन ग्रामसभा को जल संचय को लेकर विशेष काम करने आवश्यकता है वही मनरेगा संचालित बागवानी, पीसीबी, मेड़बन्दी इत्यादी योजनाओं पर ग्राम प्रधानों को जानकारी दिया गया. बैठक पर मुख्य रूप से होरो पड़हा राजा सुनील होरो, सचिव? पीटर बारला, किशोर होरो, बिमल तिग्गा, बिरसा उरांव, प्रेस प्रवक्ता सगीर अहमद, नवीन कुमार, जेना मुंडा, सुबोध मुंडा, भाले मिंज, कृष्णा आईन्द, मोहना पहान, सुनील होरो, धोचा पहान के अलावे अन्य सैकड़ों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में एडवेंचर कैंप



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छात्रों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क और रोमांच की भावना को बढ़ाने के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने एक हफ्ते का रोमांचक एडवेंचर ष कैंप आयोजित किया। सभी कक्षाओं के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया और फ्लाइंग फॉक्स, 5-स्टेप क्लाइम्बिंग, ट्वाइन और नेट क्लाइम्बिंग, बर्मा ब्रिज पर चलना, कैट वॉक, मंकी क्रॉलिंग और डबल लॉग क्रॉसिंग जैसी गतिविधियों का अनुभव किया। सभी गतिविधियां प्रशिक्षित विशेषज्ञों की देखरेख में पूरी सुरक्षा के साथ कराई गई। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों की शारीरिक क्षमता और समस्या समाधान कौशल को बढ़ाती हैं तथा एनईपी 2020 और एनसीएफ एसई 2023 के अनुरूप उनके संपूर्ण विकास में मदद करती हैं।

# नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** पुष्कर स्कूल ऑफ़ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णपुरी, चुटिया, रांची- शैल्बी डीवाइन सुपर स्पेसिएलिटी अस्पताल सिरोम्टोली राँची और एरिस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रांची के संयुक्त तत्वाधान में हेल्थ चेकअप / मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में डॉक्टर देवनिस खेस, डॉक्टर रूचि, डॉक्टर रोहन, डॉक्टर सुहागिनी मुर्मू, डॉक्टर अनामिका, डॉक्टर अनूपा शिल्पी, सीनियर ओप्योमिस्ट जयश्री, ओप्योमिस्ट दीक्षा एवं मनीष कुमार ने योगदान दिया। इस कैंप में ऑर्थो, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सामान्य रोग विशेषज्ञ, डेंटल विशेषज्ञ और आंख रोग विशेषज्ञ के चिकित्सक उपस्थित थे। इस कैंप में गठिया, वाय, वात, हड्डी रोग, स्त्री रोग, सर्दी खाँसी, डाईविटीज़, प्रेशर, आँखों कि समस्या के 150 मरीजों कि निशुल्क जाँच कि गयी।जिसमें करीब 91 मरीजों में गंभीर लक्षण भी पाए गए सभी मरीज चुटिया, अनंतपुर, कृष्णपुरी, अमरावती, रामनगर, द्वारिकापुर के थे। उपस्थित चिकित्षको के दल ने सभी आने वाले लोगो का यथासंभव इलाज किया तथा परामर्श दिया। गंभीर रोग से ग्रषित को अस्पताल मे विशेष ईलाज कि जरूरत है जिन्हे शैल्बी डीवाइन अस्पताल में बुलाया गया है, कैम्प मे खुद शामिल अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर सह गठिया वाय वात रोग विशेषज्ञ डॉ देवनीस खेस ने बताया कि जिन लोगों से इस कैम्प मे ईलाज के लिएआए उन्हें सप्ताह से 13 दिनों के अंदर अस्पताल मे फ्री ईलाज किया जायेगा एवं पैथोलॉजिकल जाँच मे 20 प्रतिशत, रेडियोलॉजी जाँच मे 10 और दवाइयों मे 10 प्रतिशत कि विशेष छुट दी जायेगी। इस अवसर पर संस्था के सभी नर्सिंग शिक्षिका एवं नर्सिंग छात्राओं ने भी चिकित्षक दल के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुष्कर स्कूल ऑफ़ नर्सिंग ट्रेनिंग के अध्यक्ष और अस्पताल के डायरेक्टर के बीच आपसी सहमति बनी कि वहाँ पढ़ रहे नर्सिंग छात्राओं को शैल्बी डीवाईन सुपर स्पेसिएलिटी अस्पताल मे इंटर्नशिप करने कि सुविधा दी जायेगी और भविष्य में भी ऐसे निशुल्क कैम्प आयोजित किये जायेंगे ।

# डी.एल.एड. बैच 2022-24 का रहा शानदार प्रदर्शन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** जशपुरिया बी.एड. कॉलेज के डी.एल.एड. बैच 2022-24 ने अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए 96 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। इस सफलता ने कॉलेज का मान बढ़ाया और इसे शिक्षा क्षेत्र में एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया। कॉलेज टॉपर्स राहुल रौशन ने 84% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, द्वितीय स्थान पर अमूल कुमार ने 83% अंक प्राप्त किया,लिली नागद्वर ने 82.5% अंकों के साथ तृतीय स्थान पाया। कॉलेज के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा की इस उत्कृष्ट परिणाम ने हमारे संस्थान की गुणवत्ता को प्रमाणित किया है। यह प्रशिक्षुओं और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।÷प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने कहा, हमारे छात्रों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम है।निदेशक डॉ. शालिनी प्रिया ने कहा, छात्रों की यह उपलब्धि हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। भविष्य में भी हम इसी प्रकार की सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे। जशपुरिया बी.एड. कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर अपने छात्रों की सफलता के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता को प्रमाणित किया है।

# दिव्यांग दिवस पर मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में एक मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में डीएवी नीरजा सहाय, विवेकानंद विद्या मंदिर, सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, होली क्रॉस स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची और दीपशिखा-इंस्टीच्युट फॉर चाइल्ड डेवेलपमेंट एण्ड मेंटल हेल्थ की फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में झारखंड के डिपार्टमेंट ऑफ स्पोर्ट्स एंड यूथ अफेयर्स के खेल निदेशक श्री संदीप कुमार मुख्य अतिथि के रूप में तथा एसओबी झारखंड के सहायक क्षेत्रीय निदेशक श्री सतबीर सिंह सहोता ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य बिहू नृत्य की प्रस्तुति से हुआ। इसके बाद सरला बिरला पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेटों के नेतृत्व में प्रतिभागी स्कूलों के बच्चों का विशेष मार्च पास्ट हुआ। इस आयोजन का सबसे रोमांचक हिस्सा फुटबॉल मैच रहा जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों को दीपशिखा के छात्रों के साथ अलग-अलग टीमों में रखा गया था। आज का दिन समावेशन के अद्भुत उत्सव का दिन था, जिसने छात्रों को अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील व्यक्ति बनने की प्रेरणा दी।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों से आग्रह किया कि वे इस दुनिया को सभी के लिए एक सुंदर और सुखद स्थान बनाने में अपनी पूरी कोशिश करें। उन्होंने उन्हें यह भी समझाया कि भिन्नताओं का सम्मान करना न केवल समाज को समृद्ध बनाता है, बल्कि यह एसडीजी लक्ष्य 10- असमानताओं को कम करने का भी अभिन्न हिस्सा है। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों से यह भी आग्रह किया कि वे हमेशा दूसरों की मदद के लिए एक कदम आगे बढ़ें और जरूरतमंदों का सहारा बनें।

## मानगो में मनाई गई खुदीराम बोस की 135वीं जयंती



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अग्निबालक वीर शहीद खुदीराम बोस के 135वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में मंगलवार को सुबह 10 बजे झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति के द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले कार्यकारी अध्यक्ष नेपाल चंद्र दास, महासचिव सन्दीप सिन्हा चौधरी, पी के नंदी, उदय सोम, रंजीत मित्रा, मिहिर दास, परितोष बोस, गौतम दास, पूर्वी दत्ता, बनश्री सरकार, अरूप चौधरी, श्यामली रॉय सहित कई लोगों ने वीर शहीद खुदीराम बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री चौधरी ने कहा कि, मानगो में हो रहे फ्लाई ओवर के काम में खुदीराम बोस चौक को किसी भी तरह का नुकसान न हो, इस बात का ध्यान सरकार एवं प्रशासन को रखना होगा।

## सरदार पटेल ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा निकाली गयी जागरूकता रैली




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सरदार पटेल ग्रुप ऑफ एजुकेशन द्वारा प्रभात फेरी एवं जागरूकता रेली डिमना चौक से निकाली गयी। प्रभात फेरी के माध्यम से बाजार व गली-मोहल्ले में घुमकर लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही लोगो तक एचआईवी पीड़ित मरीजों को सरकार की ओर से दी जानेवाली सुविधा की जानकारी दी गई। प्राचार्य सईद मसूद कादरी ने छात्राओं को बताया कि एचआइवी एक जानलेवा बीमारी तो है ही, साथ ही इससे संबंधित बहुत सी भ्रांतियां समाज में फैली हुई हैं। रैली माध्यम से इन भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया। निदेशक उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि एड्स के प्रति जानकारी ही बचाव है। मौके पर निर्देशक उपेंद्र प्रसाद, प्राचार्य सईद मसूद कादरी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अर्जुन मुंडा के बड़े भाई के निधन की खबर सुनकर पहुंचे दशरथ गागराई, दी श्रद्धांजलि



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीम सिंह मुंडा के निधन की सुचना पाकर खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने जमशेदपुर उनके आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर दुःख की घड़ी में उन्हें सांत्वना दी एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए। मरांग बुरू से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की। उन्होंने कहा कि बड़े भाई भीम सिंह मुंडा हमारे अभिभावक व आदर्श थे। मालूम हो कि वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को जमशेदपुर के टाटा मोटर्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन से पुरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ रही है।

## विश्व विकलांगता दिवस पर चेसायर होम में सहभागिता समारोह आयोजित



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन ) एवं विमेन गेनिंग ग्राउंड कंसोर्टियम,क्रिया नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ 16 दिवसीय अभियान के तहत जमशेदपुर प्रखंड के चेसायर होम सुंदरनगर में विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर सहभागिता समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दृश्य अदृश्य सबकी गिनती एक समान जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विकलांग साथियों ने पोस्टर, गीत, डांस के द्वारा से अपनी अभिव्यक्तियों को व्यक्त व प्रदर्शित किया। प्रतिगोगिता में चयनित प्रतिभागियों को संस्था द्वारा उपहार प्रदान किया गया। महिला कोषांग की सलाहकार अंजली बोस ने बताया हमें सभी को अवसर देना होगा ताकि उनकी प्रतिभाएं बाहर आए और रचनात्मक विचारों को मंच मिले। इस समारोह को सफल बनाने में युवा के सदस्यों एवं लीडर महिलाओं एवं सिस्टर ने सहयोग किया।

## अवैध कोयला लदा भारी वाहन जब्त, प्राथमिकी दर्ज



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार अवैध खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु जिला खनन कार्यालय द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गालूडीह थाना अंतर्गत वाहन संख्या UP20AT - 0617 (कोयला लदा) जप्त किया गया। उपरोक्त वाहन पर थाना क्षेत्र अंतर्गत सालबनी के पार्वती ढाबा के बगल में अवैध रूप से कोयला खनिज का भंडारण कर परिवहन कराया जा रहा था। जांच में बिना खनिज परिवहन चालान के वाहन पाया गया। जप्त वाहन को थाना को सुपुर्द करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने ओटीएटीई रणनीति के साथ मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 4 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 रु है। यह फंड आर. ओ.टी.ए.टी.ई. स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है। इसके तहत, इक्विटी में 20-80 प्रतिशत, डेट इंस्ट्रूमेंट्स में 10-70 प्रतिशत और गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 10-70 प्रतिशत के बीच आवंटन क्षमता है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विराज गांधी ने कहा, सैमको में, हम गतिशील निवेश शक्ति में विश्वास करते हैं। हमारा फंड पारंपरिक स्थिर आवंटन रणनीतियों के विपरीत, रीयल टाइम बाजार स्थिति के अनुकूल डिज़ाइन किए गए अद्वितीय आर. ओ.टी.ए.टी.ई. मॉडल पर आधारित है।

# अनुसंधान, उद्यमिता और शिक्षा क्षेत्र में मजबूती को लेकर एनआईटी जमशेदपुर एवं आईआईएम विशाखापत्तनम में एमओयू




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) विशाखापत्तनम ने अनुसंधान, उद्यमिता और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर आईआईएम विशाखापत्तनम के निदेशक प्रो. एम. चंद्रशेखर और एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने हस्ताक्षर किए।
यह साझेदारी एनआईटी जमशेदपुर के छात्रों को बी.टेक के साथ-साथ आईआईएम विशाखापत्तनम में प्रबंधन की डिग्री हासिल करने में सक्षम बनाती है, जो उन्हें दोहरी डिग्री का अनूठा अवसर प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, हाल ही में स्नातक हुए छात्र आईआईएम विशाखापत्तनम में एमबीए कर सकते हैं, जिससे उनके पेशेवर विकास के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद एक बैठक में, प्रो. शमीम जावेद ने संकाय और डीन को प्रबंधन की डिग्री की पात्रता और संरचना के बारे में जानकारी दी। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एनआईटी जमशेदपुर में स्थापित सेक्शन 8 कंपनी को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। प्रो. चंद्रशेखर ने अंतःविषय कौशल विकास के महत्व पर जोर देते हुए इन पहलों के लिए आईआईएम विशाखापत्तनम के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। प्रो. सूत्रधार ने तकनीकी विशेषज्ञता को प्रबंधन कौशल के साथ जोड़ने की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। इस सहयोग से शैक्षणिक कार्यक्रमों को मजबूत करने, उद्यमशीलता के उपक्रमों को बढ़ाने और एनआईटी जमशेदपुर के छात्रों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करने की उम्मीद है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के आवास पहुंचे खरसावां विधायक

**अर्जुन मुंडा के माता का लिया आशीर्वाद**



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरसावां के लागातार तीसरी बार नवनिर्वाचित विधायक दशरथ गागराई अपनी धर्मपत्नी बासंती गागराई के साथ जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के आवास पहुंचे। जहां विधायक एवं उनकी धर्मपत्नी ने पूर्व मुख्यमंत्री के बीमार चल रही माता जी का कुशलक्षेम जाना और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। बता दे कि पिछ्ले कुछ महीनों से पूर्व मुख्यमंत्री की माता जी बीमार चल रही हैं। बीमार चल रही माता की हाल चाल जानने व देखने के लिए मुंडा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के आवास घोड़ाबांधा पहुंचे थे।इस दौरान विधायक एवं उनकी पत्नी ने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ.मीरा मुंडा का भी आशीर्वाद लिया। साथ ही राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की। विधायक दशरथ गागराई ने इसे शिष्टाचार मुलाकत बताया।

## कारगिल शहीद नागेश्वर महतो के जयंती पर विधायक सविता महतो ने दिया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नागासेरेंग मोड़ स्थित शहीद नागेश्वर महतो के मुर्ती पर विधायक सविता महतो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कारगिल शहीद नागेश्वर महतो के जयंती पर मंगलवार को विधायक सविता महतो नें माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान विधायक नें कहा शाहिद का खून व्यर्थ नहीं जाएगा। विधायक नें कहा कारगिल युद्ध के दौरान नागेश्वर महतो शहीद हो गए थे उनके जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया गया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए सैनिक रात दिन पहरेदारी कर हमें सुरक्षा प्रदान करते हैं। देश के सैनिकों के प्रति हमें श्रद्धा और प्रेम रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे जांबाज सैनिक नागेश्वर महतो शहीद हो गए थे। ऐसे ही अमर शहीदों ने अपना जान देकर देश को अटूट रखने का काम किया है, हम अमर शहीदों को भुला नहीं सकते। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, अमित सिन्हा, बिजय कृष्ण महतो, राजीव मांझी, जगदीश लायेक, जगदीश पुरान, जिबानंद साव आदि काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## लगातार दूसरी बार विधायक बनने पर पटमदा डिग्री कॉलेज की ओर से मंगल कालिंदी को दी गई बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विधायक मंगल कालिंदी के लगातार दूसरी बार जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से चुने जाने पर सोमवार को पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला के प्रभारी प्राचार्य कृष्ण पद महतो के नेतृत्व में गुलदस्ता देकर बधाई दी गई। मौके पर शासी निकाय के सचिव चंद्रशेखर टुडू, उप प्राचार्य विश्वनाथ महतो, शिक्षक प्रतिनिधि चंद्रशेखर महतो, सहला बानो, विश्वजीत महतो, मथुर महतो आदि ने उनके पटमदा आगमन पर बेलटांड़ चौक में स्वागत भी किया। प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो ने कहा कि विधायक मंगल कालिंदी कॉलेज के सर्वागीण विकास में हमेशा तत्पर रहते हैं, उनके पिछले कार्यकाल में पटमदा डिग्री कॉलेज के सरकारीकरण के विषय पर कई बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर बात रखी गई थी एवं विधानसभा के शून्यकाल सत्र में भी इस मुद्दे पर उन्होंने प्रश्न भी उठाए थे। विधायक के मार्गदर्शन से ही कॉलेज को नैक के मूल्यांकन में बी ग्रेड हासिल हुआ है। उन्होंने कहा की उम्मीद है कि विधायक के इस कार्यकाल में कॉलेज का सरकारीकरण हो जायेगा। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, सिजेन हेंब्रम व कालीराम सिंह आदि उपस्थित थे।

## पुल निर्माण कार्य का प्रमुख ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता बनाये रखने की दी नसीहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुसाबनी :** मुसाबनी प्रखंड के प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने मंगलवार को फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत के पाटकिता सासांगगोड़ा नाला में बन रहे पुल का निरीक्षण ग्रामीणों के साथ किया। ग्रामीण विकास विभाग मद से पुल का निर्माण मां शेरावाली इंफोकोन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है। प्रमुख ने बताया कि लगभग 72 लाख की लागत से हो रहे पुल निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। प्रमुख ने संवेदक को चेतावनी देते हुए कहा की मानक अनुरूप सीमेंट का प्रयोग करें। प्राक्कलन के अनुसार काम करें अन्यथा विरोध इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों से किया जायेगा। प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने बताया पुल मे लोकल सीमेंट लगाया जा रहा है। 16 एमएम के स्थान पर 12 व 10 एमएम के छड़ लगाए जा रहे हैं। कंक्रीट और सीमेंट मिक्सिंग अनुपात में भी काफी गड़बड़ी हो रही है। मजदूरों को सरकारी मजदूरी दर से कम दिया जा रहा है। संवेदक के द्वारा सूचना बोर्ड में सही मजदूरी दर नहीं लिखा गया है। प्रमुख ने कड़ी चेतावनी देते हुए संवेदक को कार्य में सुधार करने एवं गुणवत्तापूर्ण काम करने की नसीहत दी। निरीक्षण करने के दौरान जमशेद सोरेन, विकास सोरेन, अमन मुर्मू, उपेंद्र सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## पटमदा में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** टाटा- पटमदा मुख्य सड़क पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पटमदा शाखा के सामने मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे हुई एक सड़क दुघर्टना में बिड़रा निवासी 30 वर्षीय युवक नीतीश गोप घायल हो गया। वह अकेले ही बाइक से अपने बड़े भाई क्षितिश गोप को लाने के लिए बेलटांड़ जा रहा था। नशे की हालत में होने की वजह से अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पटमदा थाना के अवर निरीक्षक गोपाल कुमार ने एक टेम्पो में माचा स्थित सीएचसी अस्पताल भेज दिया। चिकित्सक डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि उसके सिर पर चोट है और उसे बेहोशी की हालत में एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बड़े भाई खितिश गोप ने बताया कि नीतीश मैकेनिक है और पटमदा थाना के नीचे रामकृष्ण मिशन के समीप बाइक गैराज चलाते हैं। बड़े भाई धान झाड़ने की मशीन खरीदने गया था और उन्हें लाने के लिए वह बाइक से बेलटांड़ जा रहा था कि रास्ते में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दूसरी घटना माचा गांव के सामने मंगलवार की सुबह हुई। दो बाइकों की आपस में टक्कर हो जाने से पश्चिम बंगाल के आमड़ाबेड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय श्यामल महतो भी घायल हो गए हैं। उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

## समाज में समानता का सशक्त संदेश देने हेतु नृत्य-नाटिका चंडालिका का मंचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने शतदल लेडीज क्लब के सहयोग से रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित नृत्य-नाटिका 'चंडालिका' का प्रभावशाली मंचन लिटिल फ्लावर स्कूल ऑडिटोरियम, टेल्को में किया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में व्याप्त अस्पृश्यता की समस्या को उजागर करना और इसके नैतिक व सामाजिक पहलुओं पर चर्चा करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील फाउंडेशन के सीईओ सौरव रॉय थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा मोटर्स अस्पताल के प्रमुख डॉ. संजय कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. पूर्णिमा रॉय, डॉ. दीप्रिया अमिताभ, और स्कूल की सिस्टर फ्लोरेंस भी मौजूद थीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें रोटरी क्लब के अध्यक्ष शुभ्रजीत बसु, संयुक्त सचिव नंदी बसु और सेवा परियोजनाओं की निदेशक जयंती दत्त ने हिस्सा लिया। अध्यक्ष शुभ्रजीत बसु ने अपने स्वागत भाषण में क्लब की चार दशक पुरानी सेवा परंपरा को रेखांकित किया और अस्पृश्यता जैसे मुद्दों पर चर्चा की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बारीडीह के सिद्धेश्वर डेफ एंड डम्ब स्कूल के छात्रों द्वारा प्रस्तुत मधुर कवि वंदना से हुई। यह प्रस्तुति रोटेरियन प्रेमा गोगना के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। 'चंडालिका' की मार्मिक प्रस्तुति अदिति किरणेकर के निर्देशन में हुई, जिसे एक प्रतिभाशाली नृत्य मंडली ने जीवंत बना दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष शुभ्रजीत बसु और उनकी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि सौरव रॉय ने अपने संबोधन में आयोजकों को इस प्रासंगिक विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी और समाज में समानता की आवश्यकता पर जोर दिया।

## डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती पर उन्हें दी गई श्रद्धांजलि



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चित्रगुप्त महासमिति गम्हरिया की ओर से देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बड़ा गम्हरिया के चित्रगुप्त भवन में आयोजित कार्यक्रम में सदस्यों द्वारा उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समिति के उपाध्यक्ष केएम श्रीवास्तव ने राजेन्द्र बाबू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। इस मौके पर कई वक्ताओं ने उनका जीवन परिचय कराया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजय कुमार वर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ मनोज कुमार, पूर्व अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, मुकेश श्रीवास्तव, महेश कुमार समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिये पटमदा में खिलाड़ियों का चयन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विजय बोस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट- 2023 की चैंपियन बनी पटमदा प्रखंड क्रिकेट टीम एक बार फिर अपनी बादशाहत को कायम रखने की तैयारी में है। यही वजह है कि यहां के युवा खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। 2024 का आयोजन शुरू हो चुका है। इस बार भी मजबूत टीम का गठन जरूरी है इसलिए कमेटी की ओर से जोर लगाया जा रहा है। झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन पटमदा शाखा के अध्यक्ष प्रदीप बेसरा ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से कई जानकारियां दी। उन्होंने समस्त सदस्यों व खिलाड़ियों को चयन हेतु बुधवार को पटमदा के एसएस प्लस टू हाई स्कूल मैदान में आमंत्रित किया है। सुबह 8 बजे से खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदीप बेसरा ने कहा कि पहले की तुलना में इस बार कमेटी के सक्रिय सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई है जो खिलाड़ियों को हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मदद करेंगे। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मोहम्मद महमूद, राजेश दास, सुधीर महतो व गौरांग दास मौजूद थे।

## रोल प्ले प्रतियोगिता के विजेता हुये सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली के द्वारा संचालित राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना (एनपीइपी) के अंतर्गत रोल प्ले प्रतियोगिता-2024 का आयोजन गम्हरिया स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली के सदस्यों के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा, जमशेदपुर आकाशवाणी के उद्घोषक शाहिद अनवर एवं संकाय सदस्य आर लक्ष्मण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चांडिल प्रखंड के यूएचएस, कल्याणपुर के दीपिका गोराई, कामिल हांसदा, अविनाश लोहार, पायल दास एवं बबली गोप को मिला। दूसरा स्थान खरसावां के केजीबीवी के खुशबू महतो, दीपा प्रधान, खुशबू महतो, लक्ष्मी मार्ग एवं सुलेखा महतो को मिला। इसमें तीसरा स्थान खरसावां के केजीबीवी के ही किरण हेम्ब्रोम, सुनीता मुडी, नेमत अंसारी, होलिका महतो एवं डोली माझी को मिला। प्रतियोगिता में केजीबीवी, गम्हरिया ने पोषण, स्वास्थ्य एवं केजीबीवी कुचाई ने लैंगिक समानता पर प्रस्तुति दी।

विचार प्रवाह

संपादकीय

## क्या 1971 याद नहीं

**बांग्लादेश** में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कातिलाना हमले और उनके मंदिरों को तोडऩे, आग लगा देने की घटनाओं पर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर संसद के दोनों सदनों में वक्तव्य देंगे। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सामने भी मंत्रालय बांग्लादेश की घटनाओं का खुलासा करेगा। क्या बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात और हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचारों पर भारत सरकार का यह रुख ही पर्याप्त है? क्या प्रधानमंत्री मोदी को वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस से सख्त लहजे में बात नहीं करनी चाहिए? क्या बांग्लादेश को 1971 की याद नहीं दिलानी चाहिए? हम नहीं जानते कि कूटनीति क्या कहती है, लेकिन हम वहां के हिंदुओं के अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं।

> विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सामने भी मंत्रालय बांग्लादेश की घटनाओं का खुलासा करेगा। क्या बांग्लादेश की कट्टरपंथी जमात और हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचारों पर भारत सरकार का यह रुख ही पर्याप्त है? क्या प्रधानमंत्री मोदी को वहां की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस से सख्त लहजे में बात नहीं करनी चाहिए? क्या बांग्लादेश को 1971 की याद नहीं दिलानी चाहिए? हम नहीं जानते कि कूटनीति क्या कहती है, लेकिन हम वहां के हिंदुओं के अस्तित्व को लेकर चिंतित हैं। बांग्ला हिंदू भी बुनियादी तौर पर 'भारतीय' ही हैं। चिंतित सरोकार तो यह है कि यूनुस मौजूदा घटनाओं और हत्याओं को 'हिंदू अत्याचार' मानते ही नहीं! बांग्लादेश की सडक़ों पर जो बेखौफ भीड़ दिखाई देती है, हिंदुओं को मारने-काटने के जो नारे बुलंद किए जा रहे हैं, रात में हिंदुओं के घरों में घुसकर सेना और पुलिस जो यातनाएं दे रही हैं, अपहरण-धर्मांतरण किए जा रहे हैं

बांग्ला हिंदू भी बुनियादी तौर पर 'भारतीय' ही हैं। चिंतित सरोकार तो यह है कि यूनुस मौजूदा घटनाओं और हत्याओं को 'हिंदू अत्याचार' मानते ही नहीं! बांग्लादेश की सडक़ों पर जो बेखौफ भीड़ दिखाई देती है, हिंदुओं को मारने-काटने के जो नारे बुलंद किए जा रहे हैं, रात में हिंदुओं के घरों में घुसकर सेना और पुलिस जो यातनाएं दे रही हैं, अपहरण-धर्मांतरण किए जा रहे हैं, मंदिरों में देवी-देवताओं की जिस तरह प्रतिमाएं खंडित की जा रही हैं, क्या वे खुद हिंदू ही कर रहे हैं? भारत के हिंदू हों या बांग्लादेश में बसे हिंदू हों, सभी सनातनी संस्कृति के आस्थावान समुदाय हैं। उनके जीवन और धार्मिक स्वतंत्रता की सुरक्षा करना प्रधानमंत्री मोदी का ही समान दायित्व है। यह बांग्लादेश का आंतरिक मामला नहीं है। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह का राज्यसभा में दिया यह बयान बिल्कुल गलत है कि हिंदुओं और अल्पसंख्यकों की रक्षा करना वहां की सरकार की जिम्मेदारी है। वहां के कट्टरपंथी तो बांग्लादेश को हिंदू-मुक्त करना चाहते हैं। वे ऐसे ऐलान भी करते रहे हैं। स्थानीय विश्वविद्यालयों से हिंदू प्रोफेसरों को जबरन निकाला जाता रहा है। वहां की सरकार खामोश, कन्नी काट कर बैठी रहेगी, तो क्या भारत सरकार भी तटस्थ बनी रहेगी? शायद बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को याद नहीं है कि 1971 में पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश बनाने में भारत का निर्णायक योगदान था। यदि भारतीय सेना तत्कालीन 'मुक्तिवाहिनी' के आंदोलन के साथ न जुड़ती, तो शायद बांग्लादेश ही न बनता! बेखौफ, बेलगाम घूमती कट्टरपंथी जमात को यह इतिहास पढ़ाया जाना चाहिए। बांग्लादेश की मौजूदा पीढ़ी को यह भी याद नहीं होगा कि जब 'बांग्लादेश' बन रहा था, तब चारों ओर भुखमरी, गरीबी के ही हालात थे। उस दौर में 'इस्कॉन' ने ही रोजाना लाखों लोगों को भोजन मुहैया कराया था। भारत में भी करीब 12,000 बांग्लादेशियों को हर रोज खाना खिलाया गया था। आज भी बांग्लादेश में 'इस्कॉन' 77 मंदिरों का संचालन कर रहा है और 75,000 से अधिक उसके अनुयायी हैं। तब प्रख्यात सितारवादक पंडित रवि शंकर ने एक अन्य विदेशी संगीतकार के साथ मिल कर न्यूयॉर्क में कंसर्ट किया था, जिससे बांग्लादेश के लिए 100 करोड़ रुपए जुटाए गए थे। क्या बांग्लादेशी उस एहसान की कीमत चुका सकते हैं? क्या उसी 'इस्कॉन' को हिंदू-विरोधी जमात 'आतंकवादी' करार देगी? यह तो संतोष की बात है और उसके लिए अदालत के नीर-क्षीर विवेक का आभार व्यक्त करना चाहिए कि ढाका उच्च न्यायालय ने 'इस्कॉन' पर प्रतिबंध लगाने से इंकार कर दिया और हुकूमत समर्थित याचिका को खारिज कर दिया। बहरहाल, हिंदुओं की सुरक्षा की सबसे अधिक जिम्मेदारी भारत सरकार की बनती है।

### राहुल-प्रियंका गांधी की कांग्रेस की रीति नीति देखता हूँ तो इनकी राजनीतिक जमींदारी के हश्र को महसूस भी करता हूँ

## जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी कांग्रेस?

**कमलेश पांडे**

> 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है? आखिर कमजोर 'सियासी बैशाखियों' के सहारे उसकी जीत कितना मुकम्मल कहलाएगी और स्थायी बन पाएगी, यह उससे भी ज्यादा विचारणीय पहलू है! वैसे भी जब कांग्रेस विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों में क्षेत्रीय दलों की वैशाखी ढूंढ़ती है या फिर मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो मुझे इसके रणनीतिकारों पर तरस आती है। ऐसा इसलिए कि मैंने भू-जमींदारी देखी है, जहां पर लोग अपनी जमीनें ठेके या बंटाईदारी पर देकर अनाज और पैसे दोनों लेते हैं।

**कांग्रेस** एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका देशव्यापी जनाधार है। लेकिन वह 'जीत' और 'गठबंधन' की मृगमरीचिका में आखिर कबतक भटकेगी, यह एक यक्ष प्रश्न है? आखिर कमजोर 'सियासी बैशाखियों' के सहारे उसकी जीत कितना मुकम्मल कहलाएगी और स्थायी बन पाएगी, यह उससे भी ज्यादा विचारणीय पहलू है! वैसे भी जब कांग्रेस विभिन्न महत्वपूर्ण राज्यों में क्षेत्रीय दलों की वैशाखी ढूंढ़ती है या फिर मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो मुझे इसके रणनीतिकारों पर तरस आती है। ऐसा इसलिए कि मैंने भू-जमींदारी देखी है, जहां पर लोग अपनी जमीनें ठेके या बंटाईदारी पर देकर अनाज और पैसे दोनों लेते हैं। ठीक उसी तरह से आज कांग्रेस के रसूखदार और धन्नासेठ नेता पार्टी संगठन में पद और चुनावी टिकट देने के वास्ते 'वोट' और 'पैसा' दोनों लेते/लिवाते हैं, यह जानते हुए भी कि सामने वाला न तो उनका जनाधार बढ़ा पाएगा और न ही चुनाव जीत/जीतवा पाएगा। ऐसा वो सिर्फ इसलिए करते हैं कि सामने वाला अमीर है, वफादार है, पिछलग्गू भर है या फिर निहित समीकरण वश किसी ने उसकी सिफारिश की है। बेशक कुछ अपवाद भी हो सकते हैं, लेकिन वही जिनके नेहरू-गांधी परिवार से ठीकठाक सम्बन्ध हैं। अब बात पते की करते हैं। जैसे एक शातिर बंटाईदार अपने भूस्वामी की भूमि पर भी कब्जा कर लेता है और इसमें जब वह असफल होता है तो जमीन मालिक से कम कीमत में उसकी रजिस्ट्री करवाना चाहता है। अनुभवहीन भूस्वामियों को ऐसा करते हुए भी देखा सुना है। ठीक इसी प्रकार लालू प्रसाद और स्व. मुलायम सिंह यादव जैसे नवसियासी बटाईदारों ने कांग्रेस के साथ किया और आज क्षेत्रीय सियासी जमींदार बन बैठे हैं। ऐसा इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि निहित स्वार्थवश पीवी नरसिम्हाराव यही चाहते थे! उनके तिकड़म को सोनिया गांधी नहीं समझ सकीं! वहीं, आज जब राहुल-प्रियंका गांधी की कांग्रेस की रीति नीति देखता हूँ तो इनकी राजनीतिक जमींदारी के हश्र को महसूस भी करता हूँ। कांग्रेस माने या न माने, लेकिन समाजवादी, वामपंथी और राष्ट्रवादी सियासी जमींदारों ने उसकी राजनीतिक जमींदारी को क्षत-विक्षत करने में अहम भूमिका निभाई है और हैरत की बात यह है कि वह समझ नहीं पाई और नादान बनी रही। जबकि इसके



खिलाफ ठोस और जमीनी रणनीति बनानी चाहिए। जैसे कि उसके बाद जन्मी भाजपा ने किया है। माना कि सत्ता प्राप्ति के लोभ में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन यानी यूपीए/महागठबंधन की सोच तो सही है, लेकिन इनके इशारे पर कांग्रेस संगठन को हांकना कतई सही नहीं है। कांग्रेस इससे इंकार कर सकती है, लेकिन वह आज इसी की पूरी सियासी कीमत अदा कर रही है। आज वह सत्ता में नहीं है, फिर भी उन्हीं लोगों से सहारा ढूंढ रही है, जो उसकी सियासी पतन के लिए कसूरवार हैं। चूंकि मैंने एआईसीसी/बीजेपी/तीसरे मोर्चे को कवर किया है, इसलिए दावे के साथ कह सकता हूँ कि कांग्रेस के अंग्रेजी भाषी दलाल नेताओं ने उसके जमीनी नेताओं को भाजपा या क्षेत्रीय दलों में जाने के लिए अभिशप्त कर दिया। चूंकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए वो अपने व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इस बात में कोई दो राय नहीं कि किसी भी स्थापित दल को चलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय लायजनरों की जरूरत पड़ती है, लेकिन इनके निहित स्वार्थों के ऊपर यदि ब्लॉक, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर जनाधार रखने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाएगी तो फिर वोट कहाँ से आएगा, यह सोचने की फुर्सत सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के पास नहीं होगी। अतीत पर नजर डालें तो एक जमाना था जब गांव-गांव में कांग्रेस के मजबूत शुभचिंतक थे, लेकिन पार्टी की अव्यवहारिक रीति-नीति के चलते वह इससे दूर होते चले गए। दो टूक कहें तो भाजपा में या क्षेत्रीय दलों में शिफ्ट हो गए। ऐसे में आज कांग्रेस के पास सिर्फ उन 'धनपशुओं' की टोली बची है, जिनको दूसरी राजनीतिक पार्टियां कभी तवज्जो नहीं देतीं। इनका काम कांग्रेस की सत्ता और संगठन के बड़े नेताओं के शाही खर्चों का इंतजाम करना भर है और इसलिए इनके समर्थक ब्लॉक, जिला, राज्य व राष्ट्रीय संगठनों पर हावी हैं। चूंकि इनका कोई जनाधार नहीं है और ये जनाधार वाले कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं देते, इसलिए कांग्रेस खत्म होती चली गई। वहीं, जब से क्षेत्रीय कांग्रेस के नेता अस्तित्व रक्षा के लिए बिहार में राजद प्रमुख लालू प्रसाद व तेजस्वी यादव तथा उत्तरप्रदेश में सपा प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव जैसे मजबूत नेताओं के इशारे पर काम करने लगे, तब से पार्टी संगठन की स्थिति और अधिक दयनीय हो गई। आलम यह है कि कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टी, जिसे देश की आजादी का श्रेय प्राप्त है, जब जनजीवन व राष्ट्रीय हितों से इतर प्रमुख जातीय, सांप्रदायिक और क्षेत्रीय समीकरणों पर खेलने लगी, तो उसकी जोड़-तोड़ से सत्ता तो बदलती रही, परंतु जनाधार छीजता चला गया। क्योंकि उसके प्रति निष्ठावान रहे प्रतिभाशाली पेशेवर, कारोबारी, प्रशासक और समाजसेवी आदि उससे दूर होते चले गए। चूंकि पहले क्षेत्रीय दलों और उसके बाद भाजपा ने उन्हें तवज्जो दी, इसलिए वो सब इनके साथ जुड़ गए, जिससे इन्हें अप्रत्याशित मजबूती मिली और कांग्रेस को कमजोरी मुबारक हुई। अब जब कांग्रेस की टू कॉपी भाजपा बनती जा रही है तो भी कांग्रेस के थिंक टैंक को असली मुद्दे समझ में नहीं आ रहे हैं। शायद उसकी इसी मनोवृत्ति पर चोट करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि कांग्रेस को पुराने ढर्रे की राजनीति बंद करनी होगी और नए ढर्रे बनाने होंगे। अन्यथा सियासी सफलता मुश्किल है। लिहाजा कांग्रेस की इसी कमजोरी को मजबूती में बदलने का आह्वान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने किया है। हाल ही में हरियाणा और महाराष्ट्र में पार्टी और गठबंधन की हुई करारी हार के बाद हुई पहली कांग्रेस वर्किंग कमिटि की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दो टूक कहा कि अब पार्टी में जवाबदेही तय करने का वक्त आ गया है। क्योंकि इन दोनों ही राज्यों में महज चंद महीने पहले पार्टी का प्रदर्शन काफी संतोषजनक रहा था। लेकिन अब जो नई दुर्गति सामने आई है, वह हमें नए सिरे से सोचने पर मजबूर करती है।

दृष्टि कोण

## दफन हो चुके मुद्दों को भुलाना जरूरी

**संभल** की घटना ने एक बार फिर पूजा स्थल अधिनियम 1991 पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस कानून को इस तरह की सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए पारित किया गया था। यह अधिनियम धार्मिक स्थलों के स्वरूप में किसी भी प्रकार के परिवर्तन को प्रतिबंधित करता है और यह प्रावधान करता है कि 15 अगस्त 1947 को धार्मिक स्थलों का जो स्वरूप था, उसे बनाए रखा जाएगा। इस अधिनियम में दिए गए कुछ अपवादों को न्यायालयों ने अपने-अपने हिसाब से व्याख्यायित किया है। यही कारण है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों से निकलकर आए एक नए अपवाद ने इस अधिनियम को लगभग अप्रभावी बना दिया है। उपासना स्थल अधिनियम इस हद तक कमजोर हो चुका है कि भारत में बाबरी-अयोध्या जैसे नए विवादों की बाढ़ आ सकती है। संभल की इस मस्जिद के पहले इस तरह के आदेश पहले वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के लिए भी दिए गए थे। पूजा स्थल विधेयक को लेकर 2019 में सुप्रीम कोर्ट की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अयोध्या राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर अपने फैसले में कहा था कि ऐतिहासिक गलतियों को कानून हाथ में लेकर ठीक नहीं किया जा सकता। सार्वजनिक उपासना स्थलों के स्वरूप को बनाए रखते हुए संसद ने स्पष्ट रूप से यह सुनिश्चित किया है कि इतिहास और उसकी गलतियों का उपयोग वर्तमान और भविष्य को दबाने के लिए उपकरण के रूप में नहीं किया जाएगा। यह टिप्पणी पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 का संदर्भ देती है, जो 15 अगस्त 1947 के बाद से किसी भी धार्मिक स्थल के स्वरूप को बदलने की मांग को प्रतिबंधित करता है और ऐसा प्रयास करने वाले व्यक्ति को दंडित करने का प्रावधान करता है। 1991 में यह अधिनियम पारित हुआ और 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने इसके महत्व को दोहराया। अदालत ने 1991 के अधिनियम से एक अपवाद के रूप में स्वीकार किया क्योंकि यह 1947 से पहले की कानूनी प्रक्रिया से जुड़ा था। इससे लगा कि देश को सांप्रदायिक जहर से मुक्त कर दिया है। पर ऐसा हो नहीं सका। मौजूदा हालात ये हैं कि हर महीने कहीं न कहीं से खबर आती है कि यह मस्जिद पहले मंदिर या यह शिवाला था। इसमें बहुत सारे मामले कोर्ट में भी पहुंच चुके हैं। पूजा स्थल अधिनियम में मौजूद अपवाद और इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पेश किया गया नया अपवाद, ढेर सारे विवादों को कानूनी और सामाजिक रूप से बढ़ावा दे रहा है। अयोध्या में राममंदिर का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट से हल होने और मंदिर बन जाने के बाद लगा था कि भारत धार्मिक और सांप्रदायिक सौहार्द के एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। इसके बावजूद यह मुद्दा सच्चाई नहीं बन सका। अब देश में अलग-अलग स्थानों पर मंदिर-मस्जिद का मुद्दा सुलग रहा है। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद के मामले में कुछ समय पहले हिंदू पक्ष के वकील ने दावा किया था कि देश में केवल काशी और मथुरा की मस्जिदें ही विवादित नहीं हैं, बल्कि इनकी संख्या कहीं ज्यादा है। ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने अदालत में कहा था कि भारत भर में विवादित मस्जिदों और स्मारकों की संख्या लगभग 50 है। इनमें कुछ प्रमुख ऐसी हैं जहां भविष्य में कभी भी विवाद बढने के आसार बन सकते हैं। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि अब पुरानी बातों को भूलने का वक्त है। उन्होंने कहा था कि रामलला के साथ भारत का गौरव लौट कर आया है। इसके अलावा हमें सबको साथ लेकर चलना है, अब विवादों से बचना होगा। इसके बावजूद मथुरा में शाही मस्जिद, धार (मध्यप्रदेश) में भोजशाला परिसर, दिल्ली में कुतुब मीनार, लखनऊ में टीली वाली मस्जिद, अजमेर में मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह, मध्य प्रदेश में कमाल-उद-दीन मस्जिद, वाराणसी की धरहरा मस्जिद, बंदायूं की शाही इमाम मस्जिद सहित देश में और कई स्थानों पर विवादों को हवा देने में कसर नहीं छोड़ी जा रही है। ऐतिहासिक धार्मिक स्थलों पर ऐसे विवादों के मद्देनजर कई बार पूजा स्थल अधिनियम में बदलाव की मांग की जा चुकी है, ताकि इस तरह के दफन हो चुके मुद्दों को फिर से नहीं उठाया जाए। नेताओं ने इस मांग को अनसुना कर दिया। इसके विपरीत भाजपा पूजा स्थल अधिनियम 1991 को खत्म किए जाने की मांग कर चुकी है, ताकि देश में बहुत से धार्मिक स्थलों को मुक्त कराया जा सके।

कुछ अलग

## ठंड पर बयान

**नेताजी** का बयान आया है। यह बयान भ्रष्टाचार पर नहीं आया है। महंगाई पर भी नहीं आया है। राजनीतिक सूरते हाल पर भी नहीं आया है। बयान ठंड पर आया है। इस बार जल्दी ठंड क्यों आ गई और इस ठंड में नेताजी की कंपकंपी क्यों छूट रही है, इस बारे नेताजी बयान दे रहे हैं। अब नेताजी बयान दे रहे हैं और विपक्ष वाले नेता जी के बयान पर ध्यान दे रहे हैं। नेताजी कह रहे हैं कि हमने ठंड से निपटने के पूरे इंतजाम किए थे। चाक चौबंद व्यवस्था की थी। जगह-जगह नाके लगाए थे। नाकों पर अपने बंदे भी बिठाए थे। ठंड की ऐसी तैसी फेरने में हमने कोई प्रयास बाकी नहीं रखे थे। लेकिन इसके बावजूद ठंड ने सुरक्षा चक्र भेद दिया तो इसके पीछे दो ही बातें हो सकती हैं। विदेशी शक्तियों का हाथ भी हो सकता है और विपक्ष की खुराफात भी हो सकती है। इनमें विपक्ष पर मुझे ज्यादा शक है। विपक्ष के नेता आए दिन अपने आलाकमान के पास जाते रहते हैं। साजिश वहीं रची गई होगी। वैसे भी विपक्ष के पास कोई पॉजिटिव एजेंडा नहीं है। सरकार को डंडा देना ही विपक्ष का एकमात्र एजेंडा है। पहले विपक्ष ने सरकार गिराने का षड्यंत्र रचा और अब विपक्ष ठंड का माहौल पैदा करके सरकार को ठंडी करना चाहता है। विपक्ष चाहता है कि मैं ठंड से कांप कांप कर घुटने टेक दूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। जल्दी ही सदन में इस बारे एक अध्यादेश लाया जाएगा। ठोस कानून बनाया जाएगा। इस बार तो ठंड ने अपना करतब दिखा दिया। लेकिन अगली बार से ऐसा नहीं होने दिया जाएगा, यह मैं पब्लिक को पूरा भरोसा दिलाता हूं। अभी इधर नेताजी का बयान टेलीकास्ट हुआ ही था कि विपक्ष भी अपने अस्त्र-शस्त्र लेकर ठंड में कूद गया। दूसरा बयान विपक्ष के नेता का आ गया। विपक्ष के नेता का कहना था कि सरकार की तमाम योजनाएं ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। सारे वायदे ठंडे बस्ते में पड़े हैं। कर्मचारी और पेंशनरों के एरियर भुगतान के बिल ठंडे बस्ते में पड़े हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि सरकार के इरादे ही ठंडे पड़े हैं। ठंड यहीं से शीतलहर में बदली है। इसके लिए नेताजी खुद जिम्मेदार हैं और उनकी सरकार जिम्मेदार है। हम तो हमेशा माहौल गर्म रखते हैं। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब मीडिया में हमारा गरमा गरम बयान नहीं आता। लेकिन सरकार मृत्यु शैया पर पड़ी है। एकदम से ठंडी पड़ी है। जान प्राण काम होते जा रहे हैं। सत्तारूढ़ दल के अपने ही नेता अपने बिस्तरों से निकलकर हमारे दल में आ रहे हैं और अलाव ताप रहे हैं। हम अपने अलाव कभी ठंडा नहीं होने देते। जब हमारी सरकार होती है, तब हम लोगों के चूल्हे ठंडे नहीं होने देते। हम लोगों की उम्मीदें ठंडी नहीं होने देते। हम एक से एक गरमा गरम योजनाएं लाते हैं। इन योजनाओं पर फिर हम रोटियां संेकते हैं। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि एक ठंडी सरकार सत्ता में आई है और चारों तरफ ठंड और धुंध का माहौल बना दिया है। कुछ भी आर-पार नहीं दिख रहा। सरकार दिशाहीन हो गई है। सरकार का अपने अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं रहा। इसलिए ठंड बेकाबू हो गई है। इसमें हमारा कोई हाथ नहीं है। हमने वैसे भी हाथों में दस्ताने पहन रखे हैं। हमने गले में मफलर लपेट रखा है। हम अपने शरीर को गर्म रखने के लिए कई तरह की चीजें खाते और पीते हैं। लेकिन सरकार सिर्फ और सिर्फ मुल्क को खाने में लगी है। यहां के संसाधनों को बेचने में लगी है। माफिया को बढ़ावा देने में लगी है। सत्तारूढ़ दल का ध्यान लूट खसूट की तरफ है। सरकार सत्ता के नशे में है। और मौके का फायदा उठाकर ठंड ने हमला बोल दिया है।

देश दुनीया से

## चिंताएं और समाधान

**शिक्षा** किसी भी राज्य की प्रगति का आधार है। जब किसी राज्य की शिक्षा प्रणाली कमजोर होती है, तो इसका सीधा असर वहां के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास पर पड़ता है। लेकिन यह स्थिति बदली जा सकती है। उचित नीतियां, सामूहिक प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में पीछे से शीर्ष तक लाया जा सकता है। इसके लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं। हिमाचल प्रदेश, जिसे कभी देश के अग्रणी शिक्षित राज्यों में गिना जाता था, का शिक्षा स्तर 21वें स्थान पर खिसकना वास्तव में चिंताजनक है। यह स्थिति न केवल राज्य के शैक्षिक ढांचे की कमजोरियों को उजागर करती है, बल्कि प्रदेश की समग्र प्रगति के लिए भी एक बड़ा खतरा बन सकती है। यह समय है कि इस गिरावट के कारणों को पहचाना जाए और उन्हें सटीक सुधारात्मक कदमों के माध्यम से दूर किया जाए। शिक्षा की प्राथमिकता तय करने के लिए राजनीतिक और प्रशासनिक संकल्प होना बहुत जरूरी है। राज्य सरकार को शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल करना होगा। इसके लिए बजट में शिक्षा के लिए अधिक आवंटन सुनिश्चित करना होगा। साथ ही यह लक्ष्य निर्धारण हो कि राज्य को प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा में सुधार के लिए ठोस और समयबद्ध लक्ष्य तय करने चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षकों की नियुक्ति और प्रशिक्षण हेतु योग्य शिक्षकों की भर्ती हो। शिक्षकों की भर्ती में पारदर्शिता हो और योग्यता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही नियमित प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को नई-नई शिक्षण पद्धतियों और तकनीकों का प्रशिक्षण देना जरूरी है। माननीय शिक्षा सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार श्री राजेश कंवर का एक स्वागतयोग्य वक्तव्य है कि हिमाचल प्रदेश के हर स्कूल में पुस्तकालय और जिम जैसी वर्तमान आधारभूत सुविधा होनी चाहिए। अगर बुनियादी ढांचे का सुधार करना हो तो सबसे पहले है स्कूलों की स्थिति को सुधारना चाहिए। हर स्कूल में पक्की इमारत, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, पुस्तकालय और विज्ञान प्रयोगशाला जैसी सुविधाएं होनी चाहिए। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्मार्ट क्लासरूम का निर्माण आवश्यक है। डिजिटल शिक्षा का प्रसार भी होना चाहिए। डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराना, छात्रों और शिक्षकों को टैबलेट, लैपटॉप या अन्य डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। इंटरनेट के विस्तार के साथ ऑनलाइन पाठ्यक्रम को और रुचिकर बनाने के लिए छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन पाठ्यक्रम और सामग्री विकसित की जाए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु इसके तहत कौशल विकास, मूल्य आधारित शिक्षा और मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा दिया जाए। स्कूल ड्रॉपआउट और पलायन को रोकना आज एक चुनौती भी है। मूल्यांकन सुधार हेतु रटने की बजाय व्यावहारिक शिक्षा और कौशल आधारित मूल्यांकन प्रणाली लागू की जाए। परख कार्यक्रम भारत की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाने की एक कोशिश है। यह छात्रों की क्षमताओं को सही तरीके से आंकने और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यदि इसे प्रभावी रूप से लागू किया जाए तो यह न केवल भारत के शिक्षा मानकों को ऊंचा उठाएगा, बल्कि इसे एक वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक स्तर पर भी ले जाएगा। सामुदायिक भागीदारी और जागरूकता के माध्यम से अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाए। हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में शिक्षा के महत्व को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। स्थानीय संगठनों की मदद से गैर-सरकारी संगठनों और पंचायतों को शिक्षा के प्रचार-प्रसार में शामिल किया जाए। पीएम श्री स्कूल और राजीव गांधी मॉडल स्कूल हिमाचल प्रदेश के शिक्षा तंत्र में सुधार के लिए मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। ये न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएंगे, बल्कि राज्य के बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। यदि इन योजनाओं को पूरी ईमानदारी और समर्पण से लागू किया जाए, तो हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में फिर से अपनी



जगह बना सकता है। इसके साथ ही छात्रवृत्ति, पुरस्कार और प्रोत्साहन जैसी योजनाएं शिक्षा के स्तर को और बढ़ा सकती हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा और वजीफे दिए जाएं। प्रतिभाशाली छात्रों के लिए विशेष पुरस्कार और उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। शिक्षक सम्मान के लिए कोई संस्था निगरानी करे, न कि शिक्षक खुद पुरस्कार पाने के लिए आवेदन करें। जो शिक्षक सच में इस सम्मान का हकदार है, वो शहर और गांव में कहीं भी हो सकता है। राज्य में शैक्षणिक परियोजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए निजी कंपनियों और संस्थानों के साथ साझेदारी की जाए। क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। इसके लिए पर्यटन और कृषि शिक्षा के तहत हिमाचल प्रदेश जैसे राज्य में पर्यटन, कृषि या हस्तशिल्प में जो समृद्ध है, तो इन क्षेत्रों में विशेषज्ञता आधारित पाठ्यक्रम बनाए जाएं। किसी भी राज्य को शिक्षा के क्षेत्र में नीचे से ऊपर लाना कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। इसके लिए सरकार, शिक्षक, अभिभावक और समाज, सभी को मिलकर काम करना होगा। यदि योजनाओं को ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जाए, तो वह दिन दूर नहीं जब राज्य शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम छू सकेगा। शिक्षा में सुधार न केवल राज्य की प्रगति को तेज करेगा, बल्कि यहां के नागरिकों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा का स्तर गिरना न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी एक बड़ा खतरा है। यह समस्या तत्काल ध्यान और सुधारात्मक उपायों की मांग करती है।

आप का नजरीया

## क्यों दोषी है जदरांगल परिसर

**शीतकालीन** सत्र के मुआवजे में जी रही क्षेत्रीय राजनीति के केंद्र में हर सरकार की समीक्षा तय है और इसीलिए मुद्दे जब मुद्दई बनते हैं तो यथार्थ की कलई खुल जाती है। हिमाचल का राजनीतिक वास्तुशिल्प कुछ इस तरह बनता जा रहा है कि सत्ता अपनी बिसात की प्रदक्षिणा करती है। इसी संदर्भ में केंद्रीय विश्वविद्यालय के जिन्न हमेशा सियासी जमात से रू-ब-रू होते हैं। इस बार शांता कुमार ने पहल करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय के विषय पर राज्य सरकार की मंशा को मरोड़ा है। सवाल देहरा और धर्मशाला के बीच कई बार बंटा, टूटा या मनहूस हुआ, लेकिन सत्य की तस्वीर यह है कि जदरांगल परिसर के आबाद होने से पहले राजनीतिक दीवारें ऊंची होती चली गईं। 'कफन पहने तेरा शृंगार होता रहा उम्मीद से, कि कल जब जंजीरें टूटेंगी तो तेरी हस्ती होगी।' धर्मशाला में पंजीकृत केंद्रीय विश्वविद्यालय का पात्र तो नहीं मिला, लेकिन कुपात्र इसकी स्थापना से ही इस कोशिश में रहे कि धर्मशाला का दावा बिक जाए। यह पहला ऐसा जिला मुख्यालय है जो भले ही आजादी से पूर्व अपनी बेहतर शिक्षा व चिकित्सा सुविधाओं के लिए तत्कालीन पंजाब के एक बड़े हिस्से को संबोधित करता था, लेकिन आज पहले मेडिकल कालेज की पृष्ठभूमि को छीना गया और बाद में छीना-झपटी में केंद्रीय विश्वविद्यालय का वजूद छलनी हो गया। कई विधायक, कई मुख्यमंत्री, कई केंद्रीय हस्तियां और कई सरकारों के ओहदेदार, जदरांगल के हमाम में नंगे हैं। ऐसे में शांता कुमार ने सूई चुभोई तो जख्म केवल कांग्रेस की राज्य सरकार को ही नहीं होंगे, बल्कि उनके अपने यानी भाजपा के दावे भी कसूरवार हैं। एक दशक गुजर गया इस बेशर्मी को ओढ़े जो सरासर राजनीति का घिनौना खेल साबित हुई। इसी हिमाचल में कुछ ऐसी इमारतें बनी हैं और स्वयं हाईकोर्ट भवन का नक्शा गगन चूम रहा है, लेकिन केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला परिसर को कोलकाता व दिल्ली की कई सख्त परीक्षाओं से गुजरना पड़ा। लानतें ऐसी कि एक पूर्व भाजपा मंत्री ने पूरे धर्मशाला को नाकाबिल और भौगोलिक दृष्टि से अति कमजोर तक बता दिया, लेकिन महाशय अब न जमीन पर रहे और न ही राजनीति के। आश्चर्य यह कि कांगड़ा का एक हिस्सा हमीरपुर की ताकत बन गया और इस तरह शांता बनाम धूमल और बाद में वीरभद्र बनाम धूमल या अब जयराम ठाकुर बनाम सुखविंदर सुक्खू के बीच धर्मशाला का परिसर झूल रहा है। कायदे से सत्ता में आते ही वर्तमान सरकार तीस करोड़ जमा करा देती, तो आज न्याय की पुकार शांता कुमार को उद्वेलित न करती, मगर यहां तो बार-बार जनांदोलनों को ठुकरा कर धरती की छाती चीर दी जाती है। शांता कुमार ने देहरा बनाम धर्मशाला नहीं किया, फिर भी जब यह पूछा कि वहां की विधायक अगर तीन सौ करोड़ की प्रगति ला सकती हैं, तो जदरांगल परिसर के लिए तीस करोड़ की कंजूसी क्यों। यह राजनीतिक बयान हो सकता है, लेकिन तथ्यों से परे नहीं है, क्योंकि तीस करोड़ जमा होते ही 250 करोड़ का परिसर खड़ा होगा। इस तरह की छीना-झपटी ने शिक्षा के प्रति राजनीतिक असंवेदना का परिचय तो दिया है और जदरांगल परिसर को लूटने वाले कई किरदार दोनों तरफ मिल जाएंगे। ऐसे में राज्य के वरिष्ठ मंत्री चौधरी चंद्र कुमार जब यह पूछते हैं कि शांता कुमार ने अपने दौर में धर्मशाला केंद्रीय विश्वविद्यालय के पक्ष में क्या किया, तो पूर्व मुख्यमंत्री को भी बयानों से हटकर हकीकत की खतोकिताबत में कुछ पन्ने दर्ज करने होंगे।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



वन भूमि पर बना अवैध घर पर चला बुलडोजर, वन विभाग ने किया ध्वस्त

# ग्रामीणों का आरोप बिना सूचना व नोटिस के चला दिया गया बुलडोजर, प्रधानमंत्री आवास भी हुआ ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** प्रखंड के कुंदा पंचायत के ककहिया गांव में वन भूमि पर अवैध तरीके से बनाए गए घरों को वन विभाग की टीम ने मंगलवार को ध्वस्त कर दिया।वन विभाग की इस कार्रवाई से ग्रामीण काफी नाराज हैं।ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की यह कार्रवाई बगैर किसी सूचना की हुई है।वन विभाग की टीम उनके घर तोड़ने से पहले उन्हें सूचना या नोटिस देना चाहिए था।वन विभाग की टीम ने ककहिया गांव में बनाए गए नौ घरों को तीन जेसीबी मशीन की मदद से घर को ध्वस्त कर दिया।ककहिया गांव के सम्फुल देवी, सुषमा देवी, रीना देवी, उमावती देवी, हरि गंझू, मोधन गंझू, अक्ल गंझू रमेश गंझू, ब्रह्मदेव यादव आदि का घर ध्वस्त किया गया है। वन विभाग के इस कार्रवाई से वन भूमि पर अवैध तरीके से घर बनाने वालों में हड़कंप मच गया है।वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन भूमि पर अवैध तरीके से घर बनाना कानूनन अपराध है। वन भूमि पर अवैध तरीके से घर बनाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। ककहिया गांव के ग्रामीणों ने बताया की~हमलोगों का जमीन यहां खतियानी है।पूर्वजो से ही जमीन पर काबिज है। वन विभाग द्वारा हमलोगों को कोई नोटिस या सूचना नही दी गई।यह अचानक कार्रवाई से काफी नाराज हैं। लाखो रुपए की हुई है आर्थिक नुकसान हुआ है।घर मे रखे समान दब गए हैं।आदिवासी घर से बेघर हो गए।आदिवासीयो के बने प्रधानमंत्री आवास को वन बिभाग ने किया धराशायी ।मिली जानकारी के अनुसार ककहिया गांव के गौरी गंझू,रमेश गंझू,हरि गंझू को 2022 में इनलोगो को तीन प्रधामनंत्री आवास स्वीकृत हुआ था।जिसे वन बिभाग ने ध्वस्त कर दिया।एक तरफ वन बिभाग वन पट्टा बाट रही है तो एक तरफ वन बिभाग घर ध्वस्त कर रही है।वन विभाग की टीम मंगलवार को ककहिया गांव पहुंचकर तीन प्रधानमंत्री आवास को ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई से ग्रामीण काफी नाराज हैं। छोटे छोटे बच्चे बेघर हो गए हैं। इन्हें रहने का आशियाना नही है। ठंढ में रहने को आदिवासी विवश हैं। वन क्षेत्र पदाधिकारी अजित कुमार ने बताया कि खतियानी जमीन का हम नही कह सकते हैं।हम जानते हैं उस जमीन वन भूमि था।इनलोगो को हाई कोर्ट रिजेक्ट कर दिया था। ऊपर से ही सरकार का आदेश था तोड़ने के लिए उस आधार पर तोड़ा गया है। मजिस्ट्रेट के रूप में कुंदा अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, सीआई सोनू कुमार,प्रतापपुर रेंजर अजित कुमार थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह एंव भारी संख्या में वन रक्षी शामिल थे।

## जेएसएलपीएस के तहत समूह का हुआ बैठक, ऋण वापसी पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सलगा गांव में निशा आजिविका सखी मंडल समूह के सदस्यों की बैठक मंगलवार को किया गया। बैठक प्रतिमा देवी के नेतृत्व में किया गया। संचालन सोनिया देवी ने किया। बैठक में समूह से जुड़े बैंक से ऋण लिए थे।जिसे काफी दिनों से ब्याज व मूल वापस नहीं किया गया था। जिसे लेकर के सीसी सुनील कुमार बैंक सखी सरोज देवी के कड़ी मेहनत से समूह में लगभग एक किस्त की राशि 8000 आठ हजार रुज़्वापस करवाया गया है।एवं सिसी ने समूह के सदस्यों को हिदायत किया है। कि यदि आप समय से पैसा जमा नहीं करते हैं। तो आप सभी समूह के सदस्यों के प्रति कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मौके पर उपस्थित जमुनी देवी एतवरिया देवी गुड़िया देवी मीना देवी रमतिया देवी व अन्य महिला उपस्थित थी।

## बिरहोर परिवार की सर्वे को लेकर बीडीओ ने किया कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने कर्मियों के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक किया। जिसका उद्देश्य सरकार के द्वारा आदिम जनजाति परिवारों को मूलभूत एवं महत्वाकांक्षी योजना मिल सके।जिसे लेकर के समीक्षा किया गया। जिसमें बताया गया कि आदिम जनजाति के परिवार तथा बच्चों का आधार कार्ड जाति प्रमाण पत्र आवासीय प्रमाण पत्र राशन कार्ड पेंशन आवास समेत सभी योजना का लाभ बिरहोर परिवार को मिल सके।इससे संबंधित कई निर्देश कर्मियों को दिया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय उज्जवल कुमार सिंह चितरंजन शर्मा प्रियंका प्रिया उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मचान में रखा पुवाल जलकर हुआ राख



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के गांगपुर में बीते सोमवार के शाम शॉट सर्किट होने से मचान में आग लग गया।ग्रामीणों के तत्परता से आग पर काबू पाया गया। हालांकि मचान में रखे 75 प्रतिशत पुआल जल गया। मचान गांव के सोहन यादव का था। उसके घर के सामने मचान था। मचान के बगल में बिजली पॉल था। उसी से तीन चार घर में बिजली कनेक्शन गया था।इसी मे अचानक शॉट सर्किट हो गया। जिससे मचान में आग लग गया।

# उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की सुनी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से मनरेगा से संबंधित, भूमि विवाद, राशन, विद्युत से संबंधित, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी से संबंधि, चबूतरा बनाने की मांग से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है।एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा प्रेस मीडिया सम्मेलन कार्यक्रम किया गया आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा मंगलवार को सिमरिया स्थित कार्यालय में प्रेस मीडिया सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की सचिव मौसमी बाखला, एदला मुखिया शंकुतला देवी एवं पत्रकारों तथा कार्यकर्ता के लोगों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था की सचिव ने बताया कि जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ (जीएचवी) महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ होने वाली हिंसा है, जो उनके लिंग के कारण होती है। यह हिंसा शारीरिक, यौन, मानसिक या आर्थिक रूप में हो सकती है और इसका उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को नियंत्रित करना, उनकी स्वतंत्रता को सीमित करना और उनके अधिकारों का उल्लंघन करना होता है। जेंडर आधारित हिंसा में शारीरिक हिंसा यौन हिंसा, मानसिक हिंसा आर्थिक हिंसा यदि शामिल है। जेंडर आधारित हिंसा के कारण भी लिंग भेदभाव, महिलाओं और लड़कियों को कमजोर और कम महत्वपूर्ण माना जाना। पितृसत्तात्मक समाज पुरुषों का वर्चस्व और महिलाओं का दमन। शिक्षा और जागरूकता की कम महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता की कमी। आर्थिक और सामाजिक असमानता महिलाओं और लड़कियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति की कमजोरी है। जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ लड़ने के लिए लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने, महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना, महिलाओं और लड़कियों को कानूनी सहायता प्रदान करना। महिलाओं और लड़कियों को सामाजिक समर्थन प्रदान करना। आदि कार्य किए जा रहे हैं। मौके पर प्रतिमा कुमारी, रानी कुमारी, भूमिका कुमारी, प्रगति कुमारी, सरोज तिर्की, कविता देवी के अलावे अन्य लोग मौजूद थे

## कई विद्यालयों का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरिया के द्वारा यूएमएस मनातू विद्यालय का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में 01 सरकारी शिक्षक एवं 04 सहायक अध्यापक पदस्थापित है। विद्यालय में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक में कुल 173 विद्यार्थी नामांकित है। जहां 88 विद्यार्थियों की उपस्थिति पंजी में संधारित पाई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के द्वारा कक्षा में उपस्थित सभी विद्यार्थियों से पठन-पाठन की जानकारी लिया गया। विद्यालय में संचालित मध्यान भोजन का निरीक्षण किया गया। शिक्षिका श्रीमती कुमारी साहनी के द्वारा 23 अगस्त 2024 को विद्यालय में योगदान समर्पित किया गया है परंतु अभी तक इनके द्वारा वर्तमान प्रभारी श्री गोपाल साहू से प्रभार का आदान-प्रदान नहीं किया गया है। दोनों शिक्षकों को इस सबंध स्पष्टीकरण किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सिमरिया को निर्देश दिया गया है कि 72 घंटे के अंदर प्रभार का आदान-प्रदान कराते हुए प्रतिवेदित कराना सुनिश्चित करेंगे।

## उपायुक्त ने कारा सुरक्षा समिति की बैठक में दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया साथ ही कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, कारा अधीक्षक लातेहार व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिसा लिया।छात्रों ने कृषि आधारित यातायात सुरक्षा, गणित और संचार का मॉडल कर खुब प्रभावित किया। इसके लावा समय आधारित कृषि प्रणालियां, यातायात सुरक्षा, सोलर सिस्टम व डीप इरीगेशन के कई तरह के मॉडल का प्रदर्शन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की कार्यकुशलता सबों के सामने आती है। विज्ञान प्रदर्शनियां छात्रों में रचनात्मकता को बढ़ाती हैं। उन्होने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का आधार है। विज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने छात्रों के द्वारा बनाये गये मॉडलों की प्रशंसा की।उप-प्राचार्य प्रदीप कुमार ठाकुर ने भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील छात्रों से की। कहा कि प्रतियोगिता आदि में भाग लेने से स्वयं का मूल्याकंन करने का अवसर प्रदान होता है। मौके पर विज्ञान शिक्षक अरुण कुमार, भौतिक विज्ञान के शिक्षक सुशांत भत्रा, रसायन विज्ञान शिक्षिका रुमिका उरांव, जीव विज्ञान शिक्षक भानूप्रिया अन्य शिक्षक उपस्थित थे। विद्यााल की निष्ठा रानी, आकृति कुमारी, संजना कुमारी, आसिम राज मिंज, दीपांजली और बॉबी समेंत अन्य छात्र व छात्राओं ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

## तुवेद कोयला खान में यूनियन संघ का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** दामोदर घाटी निगम के तुबेद कोयला खान में मंगलवार को यूनियन संघ चुनाव का आयोजन किया गया।इस चुनाव में छह यूनियन ने भाग लिया था। इस चुनाव मे मतदाता के रूप में एनसीडब्ल्यू (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) के 12 और अन्य डीवीसी के कर्मचारियों ने भाग लिया साथ ही साथ लेबर ऑफिस से अबू जफ़र ने भी युनियन संघ के चुनाव में भाग लिया। जहां नोडल पदाधिकारी के रूप में रवि प्रकाश तिवारी (प्रबंधक, मानव संसाधन ) ने चुनाव के सभी कार्यो की व्यवस्था की देख रेख की।चुनाव का निरीक्षण दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) के द्वारा किया गया।एएसआई एन. एन. मिश्रा की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन हुआ।इस अवसर पर अकाउंटेंट संजय कुमार, अकाउंटेंट बिमलेश कुमार, ब्रजेश कुमार, एवं डीवीसी के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## झारखंड मंत्रीमंडल में कांग्रेस के नये चेहरे के रूप में रामचंद्र सिंह



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण के बाद झारखंड में मंत्रीमंडल में गठन होना अभी बाकी है। जहाँ गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों के द्वारा अब तक अपनी तरफ से मंत्री बनाए जाने को लेकर नाम तय नहीं किया गया है जिसको लेकर महागठबंधन के नेता और विधायक दिल्ली और पटना की दौड़ लगा रहें हैं। वहीं कांग्रेस इस बार नये चेहरे क़ो मंत्रीमंडल में जगह देने की योजना बना रही हैं। जिसके तहत आदिवासी चेहरे के रूप में लातेहार मनिका विधानसभा के कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह सबसे आगे चल रहें हैं। वहीं आदिवासी चेहरे के रूप में नमन विकसल, राजेश कच्छप, और नेहा तिर्की के नाम शामिल हैं। वहीं अन्य पार्टी में मंत्रीमंडल क़ो लेकर संशय बरकरार हैं।

# दो हाइवा के आमने सामने टक्कर में एक चालक घायल, रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** थाना क्षेत्र के गया - चतरा मुख्य पथ के गोदोबार गांव के हीरो शोरूम पास सोमवार के अहले सुबह क़रीब दो बजे दो हाइवा के आमने सामने टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में बोड़ा मोड़ की तरफ से पत्थर बोल्डर लाने जा रही हाइवा के चालक को गंभीर चोट आयी है। वहीं हंटरगंज की तरफ से जा रही हाइवा टक्कर मारकर मौके से फरार बतायी जा रही है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही हंटरगंज पुलिस पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची और घायल चालक को इलाज के लिये हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुवे गया मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार चतरा की तरफ से जा रही हाइवा के चालक को झपकी आने से दोनों गाड़ी आमने-सामने टकरा गयी। जिसमें बोडा तरफ से आ रही हाइवा क्षतिग्रस्त हो गयी है। वही बोडा तरफ से आ रही हाईवा भी अनियंत्रित होकर पीछे से टक्कर हो गई जिसमें चालक को मामूली चोट पहुंची है। चालक की पहचान कुलदीप साव 45 वर्षीय हजारीबाग जिला इचाक थाना क्षेत्र के करियात गांव का रहने वाला है।

## लातेहार जिले में सूचना अधिकार अधिनियम हुआ निष्क्रिय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सूचना अधिकार अधिनियम 2005 लातेहार जिले में निष्क्रिय हो चुका है संबंधित अधिकारी मामले को गंभीरता से लेना तो दूर आरटीआई कार्यकर्ता को सूचना भी देना मुनासिब नहीं समझते ऐसे में संबंधित अधिकारियों की मनमानी चल रही है। जहां आरटीआई कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं में गबन व भ्रष्टाचार को उजागर करने को लेकर आरटीआई के नियमों का सहारा लेते हैं पर संबंधित अधिकारी नियमों की धज्जियां उड़ाते उन्हें उनके सवालों का जवाब देने में कतराते हैं । आरटीआई कार्यकर्ता तस्लीम ख़ान के द्वारा बरवाडीह प्रखंड में कब्रिस्तान घेराबंदी से संबंधित जानकारी के लिए दिनांक 8 - 10 -2024 को रजिस्ट्री के माध्यम से प्रथम अपीलीय पदाधिकारी को अपील किया पर अपील का जवाब उन्हें अबतक नहीं मिल सका साथ ही बरवाडीह प्रखंड के विद्यालयों को सत्र 2024 -25 का खेल सामग्री क्रय करने को लेकर आवंटित राशि में गबन को उजागर करने को लेकर संबंधित जानकारी आठ अक्टूबर को ही जिला शिक्षा अधिक्षक लातेहार से सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत् जानकारी तलब की गई थी जो अबतक उसकी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है इसके अलावा बरवाडीह प्रखंड में 15 वें वित्त मद अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को लेकर भी सूचना अधिकार अधिनियम से जानकारी नहीं दी जा रही है। वहीं इस मामले में आरटीआई कार्यकर्ता तस्लीम ख़ान ने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा आरटीआई नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, लातेहार जिले में सूचना अधिकार अधिनियम को निष्क्रिय कर दिया गया है।

## उप मुखिया ने मुखिया पर योजना में अनियमितता बरतने का लगाया आरोप

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका प्रखंड के मटलौंग पंचायत के उप मुखिया रायपाल उरांव ने मटलौंग पंचायत के मुखिया पर 15 वें वित के तहत कराये सभी योजनाओं पर भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। वहीं मंगलवार को लातेहार समाहरणालय पहुंच उपायुक्त को लिखित आवेदन देते हुए उप मुखिया ने कहा कि मुखिया माया रानी देवी की मनमानी आये दिन बढ़ती जा रही है मुखिया बिना ग्राम सभा के ही योजनाओं को पास कर अपने निजी लोगों को मिलाकर उनको ही योजनाओं का लाभ देने का काम कर रहे हैं जबकि पंचायत के उप मुखिया होने के नाते उनका कर्तव्य बनता है कि पंचायत में चल रहे सभी योजनाओं का जानकारी मुझे भी दें। लेकिन मेरे जानकारी के बिना ही मुखिया कुछ बिचौलियों की मिलाकर एक ही परिवार के पिता पुत्र को अध्यक्ष सचिव बनाकर योजना स्वीकृत कर दिया गया है।जिसका नतीजा है। आम ग्रामीण भी काफी परेशान हो गये है।

## आंगनबाड़ी सेविका ने 46 बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए मंगलवार को समाज कल्याण पदाधिकारी के निर्देशानुसार लातेहार जिला मुख्यालय के चंदनडीह आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या 2 में आंगनबाड़ी सेविका रेखा देवी एवं सहायिका हेंमती देवी के द्वारा 46 बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। इस दौरान रेखा देवी ने कहा कि लातेहार जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए छोटे- छोटे बच्चों के बीच गरम कपड़ा का वितरण किया गया है। मौके पर बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## दो बाइक के टक्कर में एक अधेड़ घायल, रेफर

**हंटरगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के गोदोबार बालिका विद्यालय के पास दो बाइकों में टक्कर होने से एक बाइक चालक अधेड़ गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं दूसरा बाइक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। घायल बाइक चालक को ग्रामीणों ने आनन-फानन में हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोदोबार निवासी नरेश प्रजापति 45 वर्षीय अपने हीरो बाइक से फोटो कॉपी करवाने कैफे जा रहे थे इस दौरान कैफे की ओर बाइक से सड़क पार ही कर रहे थे कि उसी दौरान हंटरगंज की ओर से एक तेज रफ़्तार बाइक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए धक्का मार दिया।

# एक महीने के अंदर गोली मारकर की गई तीन लोगो की हत्या, सुरक्षा को लेकर लोगो में बढ़ी चिंता

## मंजीत यादव, प्रकाश ठाकुर के बाद कटकमदाग प्रमुख प्रतिनिधि उदय साव की हत्या से लोगों में आक्रोश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में 1 महीने के अंदर तीन प्रमुख लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 29 अक्टूबर को हजारीबाग के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरगांव के सिरका स्थित हजारीबाग रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी वह वार्ड पार्षद के पति मंजीत यादव की उनके आवास के पास बाइक सवार अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी इसके बाद बड़कागांव में प्रकाश ठाकुर को उनके घर में घुसकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई वहीं सोमवार के रात्रि तकरीबन 9.30 बजे कटकमदाग प्रखंड के प्रमुख कुमारी विनीता के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उदय साव कटकमदाग पंचायत के पूर्व मुखिया और कांग्रेस के नेता भी रहे हैं। अपराधियों ने पुलिस लाइन के पीछे इस घटना को अंजाम दिया है। उदय साव के सर में गोली लगने से ज्यादा रक्त स्राव होने लगा। फिर घटनास्थल से आरोग्य हॉस्पिटल आने के क्रम में मौत हो गई।, लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद आम जनों में पुलिस प्रशासन पर विश्वास उठता जा रहा है लोगों में अपनी सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई है। वही समाज में आक्रोश की स्थिति भी उत्पन्न हो गई है आपको बता दें कि मंजीत यादव की हत्या का अब तक उद्भेदन नहीं हो पाया है। इस संबंध में पुलिस का कहना है की जांच की जा रही है, किंतु एक माह से अधिक समय हो जाने के बाद भी अभी तक इस मामले को लेकर पुलिस कुछ भी खुलासा नहीं कर पाई है जब तक पुलिस इस मामले का खुलासा कर पाती तब तक दो अन्य घटना भी इसी प्रकार की घट चुकी है जिससे लोगों में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर विश्वास घटते जा रहा है।

# सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग में बढ़ते अपराधिक मामलों पर जताई गहरी चिंता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग में लगातार बढ़ते अपराध को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में पिछले करीब एक महीने में तीन प्रमुख लोगों की गोली मारकर हत्या होने से अब डर की स्थिति बन रही है। झारखंड में गठबंधन की सरकार पुनः एक बार बनने के बाद हजारीबाग जिले में दो लोगों की लोगों की सरेआम गोली मारकर की गई हत्या से स्पष्ट झलकता है कि यह सरकार कानून व्यवस्था को संभालने में नाकाम साबित हो रही है। इस सरकार में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। इस राज में आमजन अब सुरक्षित महसूस नहीं करते है। हजारीबाग में करीब एक महीने के अंदर पहले हजारीबाग रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष सह समाजसेवी मंजीत यादव को उनके ही घर के पास दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किया गया। अभी दो दिन पहले ही बड़कागांव के प्रकाश ठाकुर को उनके ही घर में घुसकर रात के करीब साढ़े 11 बजे गोली मारकर हत्या कर दिया गया और अब आज ही रात के करीब 9 बजे हजारीबाग के व्यस्तम पुलिस लाइन के पीछे के मार्ग पर कटकमदाग के प्रमुख के पति उदय साव को गोली मारकर हत्या करके अपराधी फरार हो गए । सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह घटना समाज को कलंकित करने वाली हैं और बेहद हृदयविदारक हैं। उन्होंने इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि हजारीबाग पुलिस प्रशासन को ऐसी घटनाओं से जागृत होकर आरोपियों को जल्द चिन्हित कर कठोर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति हजारीबाग में ना हो। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि अगर प्रशासन और सरकार जल्द ऐसी आपराधिक घटनाओं पर नकेल नहीं कसती है तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने ईश्वर से मृत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवारजनों को इस अत्यंत विकट दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की भी कामना की । इधर उदय साव की हत्या की खबर पर सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली ।

# कांग्रेस नेता अरुण साहू ने उदय साव की हत्या पर जताया गहरा शोक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** सोमवार रात करीब 9 बजे हजारीबाग के व्यस्त पुलिस लाइन क्षेत्र के पीछे एक भयावह घटना घटी। कटकमदाग प्रखंड के पूर्व मुखिया उदय साव की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। बरही विधानसभा के कांग्रेस नेता अरुण साहू ने इस निर्मम हत्या पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे समाज के लिए एक कलंकपूर्ण घटना करार दिया। अरुण साहू ने हजारीबाग पुलिस प्रशासन से अपराधियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से समाज का ताना-बाना कमजोर होता है। प्रशासन को सतर्कता बरतनी होगी और अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस नेता ने उदय साव के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में हम सब साव परिवार के साथ हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करें।

# डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया, देश और राज्य की उन्नति के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें चित्रांश : राजीव रंजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत रत्न देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140 वीं जयंती धूमधाम से प्रधान कैफेटेरिया वैभवी बैंक्वेट हॉल मनाया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान व संचालन बैजनाथ लाल ने किया द्य कार्यक्रम से पहले जयंती दिवस पर शोभायात्रा निकाला गया जो प्रधान कैफेटेरिया से बंशीलाल चौक , झंडा चौक , शास्त्री चौक से जिला परिषद चौक से होते हुए भी सी आवास के समीप स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिसके बाद शोभायात्रा पुनः प्रधान कैफेटेरिया पहुंचा द्य जिसके बाद भगवान चित्रगुप्त की आरती हुई तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत हुआ द्य मंच के कार्यक्रम में बारी बारी से वक्ताओं ने देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डाला वहीं कायस्थ समाज के युवक युवतियों को अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया इस दौरान डॉ प्रभात कुमार प्रधान के पी एच डी की उपाधि प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया वहीं चित्रगुप्त मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों को मंदिर निर्माण में अपनी सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया । अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जुड़े जोड़े और जुड़ाव रख एक दूसरे के सुख दुख में सहभागी बनते हुए समाज को आगे ले जाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाएं द्य मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ (प्रो) प्रदीप कुमार प्रधान ने कहा कि देश के आजादी से लेकर भारत के नव निर्माण में भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के सबसे अलग पहचान रहा है उन्होंने देश को बुलंदियों तक ले जाने के लिए अपना सर्वस्व योगदान दिया आगे उन्होंने कहा कि कायस्थ समाज के प्रणेता रहे स्वामी विवेकानंद , राजेंद्र प्रसाद , लाल बहादुर शास्त्री , जय प्रकाश नारायण सहित दर्जनों ने देश को आगे ले जाने के लिए अपनी अहम भूमिका अदा की है द्य वहीं मुख्य अतिथि राजीव रंजन ने सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ा ही गौरव का पल है कि मुझे इस कार्यक्रम में आने का मौका मिला मैं अपने आदर्श के रूप में डॉ राजेंद्र प्रसाद को मानता हूं और उनके आदर्शों को आत्मसात करते हुए सादगी के साथ समाज और देश की उन्नति के लिए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा हूँ आगे उन्होंने कायस्थ समाज के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि समाज राज्य और देश की उन्नति के लिए चित्रांशों का अहम योगदान रहा और यह कड़ी टूटे नहीं इसके लिए युवा आगे आएं और समाज का नेतृत्व कर देश को नई बुलंदियों तक ले जाने के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें द्य कार्यक्रम प्रभारी राजीव रंजन ने आने वाले समय में समाज के द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी ।

# बीडीओ ने दिव्यांग को सौंपा ट्राइसाइकिल, उनके आंखों में दिखी खुशी की चमक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बाल विकास मद से ट्राइसाइकिल स्वीकृत बेंदगी निवासी अमित कुमार पिता रामचन्द्र प्रसाद को दिया। ट्राईसाइकिल पाकर दिव्यांग का चेहरा में खुशी का ठिकाना नहीं रहा, उन्होंने बीडीओ सह अंचलाधिकारी अमित किस्कू को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, बाल विकास के कंप्यूटर ऑपरेटर मनोज कुमार, महिला पर्यवेक्षक सहित ब्लॉक कर्मी उपस्थित थे। मौके पर किशुन यादव ने कहा कि कुछ जन्मजात दिव्यांग तो कुछ घटनात्मक दिव्यांग हो जाते हैं और गांव में रहने का विवश हो जाते हैं। घर के बाहर जाने का इच्छा मार कर जीते हैं। वैसी परिस्थिति में उन दिव्यांग के लिए ट्राइसाइकिल मिलना काफी उनके जीवन में वरदान साबित होता है।

# अदाणी एंटरप्राइजेज को तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से किया गया सम्मानित




**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 2024 संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये सम्मान स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं। भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जो नवाचार, स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं। अदाणी एंटरप्राइजेज को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। कंपनी को स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में समुदायों, व्यक्तियों और पर्यावरण को लाभ पहुंचाने वाली तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए मान्यता मिली। गोंदुलपारा में टीबी पोषण अभियान जैसी पहल के माध्यम से अदाणी एंटरप्राइजेज समुदाय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जो तपेदिक से प्रभावित लोगों की मदद करता है। एक मोबाइल मेडिकल यूनिट भी दूरदराज के क्षेत्रों में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है, जिससे पहुंच में सुधार होता है। परियोजना ममता माताओं और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए संसाधन और शिक्षा प्रदान करती है। अदाणी फाउंडेशन द्वारा समर्थित महिला सहकारी संस्था, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एमयूबीएसएस, कौशल विकास और उद्यमिता प्रशिक्षण के माध्यम से आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाती है, जिससे उनके समुदायों में आत्मनिर्भरता और सकारात्मक बदलाव को बढ़ावा मिलता है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले के दूरदराज के बसी बरधा गाँव में सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटिंग स्थापित की, ताकि बिजली से वंचित स्थानीय लोगों को अभिनव प्रकाश समाधान प्रदान किया जा सके। अदाणी एंटरप्राइजेज की सीएसआर टीम के प्रवक्ता ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह पुरस्कार लोगों और समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने के हमारे अथक प्रयासों का प्रमाण हैं। हम एक सकारात्मक और टिकाऊ भविष्य बनाने की दिशा में प्रयास करना जारी रखेंगे। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड अपने सामाजिक उत्तरदायित्व लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध है और ऐसे अभिनव कार्यक्रमों को लागू करना जारी रखेगा जिनका समाज पर स्थायी प्रभाव हो। पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में हुआ, जहां सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रदान किए गए। इसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामनाथ अठावले और पुरी से संसद सदस्य संबित पात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजक ब्रांड होन्चोज़ के नेतृत्व और अरुण मिश्रा ने पुरस्कार प्रदान किया।

# अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को सिकरी पुलिस ने किया जब्त



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिकरी ओपी प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से क्षेत्र में ट्रैक्टर गाड़ी से पुलिस को चकमा देकर बालू का अवैध कारोबार किए जाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर जिस पर एक सौ सीएफटी से अधिक बालू लोड था जिसे अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। इसी क्रम में सिकरी राजा बागी मुख्य सड़क से पकड़ा गया।इस दौरान पुलिस को देख कर ट्रैक्टर चालक चकमा देकर फरार हो गया । और अंत में सिकरी ओपी पुलिस द्वारा ट्रैक्टर पर लोड बालू के कागजात की जांच पड़ताल की गई। कागजात नहीं मिलने पर जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है साथ ही कहा कि क्षेत्र में बालू कोयला या कोई भी ऐसा कार्य जो कानून दृष्टिकोण से गैर कानूनी है उस कार्य को करने वालों के विरुद्ध पुलिस की पैनी नजर है। उसके विरुद्ध विधि संगत कार्रवाई की जाएगी।

# शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण, विधायकों ने मरीजों की सुनी समस्यायें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक महत्वपूर्ण औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद और बरही विधायक मनोज यादव ने किया। दोनों नेताओं ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और मरीजों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याओं और शिकायतों को सुना। निरीक्षण के दौरान, दोनों विधायकों ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट और सदर अस्पताल के सिविल सर्जन से बातचीत की और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा हमारी प्राथमिकता है कि अस्पताल में हर मरीज को समय पर और उचित इलाज मिले। अस्पताल में सुधार की जरूरत है, ताकि मरीजों को कोई भी असुविधा न हो। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि अस्पताल में सफाई, बेड की उपलब्धता, दवाओं का पर्याप्त स्टॉक और अन्य आवश्यक सेवाओं को और भी बेहतर बनाया जाए साथ ही कहा हमारी कोशिश है कि अस्पताल को एक सुविधा केंद्र बनाया जाए, जहां मरीजों को हर सुविधा उपलब्ध हो। विधायक मनोज यादव ने इस अवसर पर कहा हम लगातार हजारीबाग और इसके आसपास के इलाकों के अस्पतालों की स्थिति की निगरानी करेंगे ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में कोई कमी न रहे। उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों से भी आग्रह किया कि वे अपनी जिम्मेदारी समझें और मरीजों के इलाज में कोई भी कमी न छोड़ें। निरीक्षण के दौरान, दोनों विधायकों ने मरीजों से सीधे बातचीत की और उनके इलाज से संबंधित समस्याओं को सुना। कुछ मरीजों ने अस्पताल में अधिक डॉक्टरों की आवश्यकता की बात की, जबकि कुछ ने चिकित्सा सेवाओं में सुधार की अपेक्षाएं जताईं। विधायक प्रदीप प्रसाद और मनोज यादव ने इन समस्याओं का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया। साथ ही विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा हम जल्द ही अस्पताल के प्रशासन के साथ एक बैठक करेंगे, ताकि अस्पताल के संचालन में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अस्पताल के मरीजों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं सही समय पर उपलब्ध हों। विधायक मनोज यादव ने कहा हमने यह सुनिश्चित किया है कि हर मरीज को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। अस्पताल में सुधार के लिए हम सभी आवश्यक कदम उठाएंगे और मरीजों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह निरीक्षण शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की वर्तमान स्थिति में सुधार लाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और दोनों विधायकों ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

# मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने आठवीं वर्ग के छात्र व छात्राओं के बीच साइकिल का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पड़रिया के प्रांगण में मंगलवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित उन्नति का पहिया के तहत अध्यतरन आठवीं वर्ग के छात्रङ्कछात्राओं के बीच 28 साइकिल का वितरण किया गया।इस अवसर पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधी हरेंद्र गोप पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास ने इन बच्चों के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल मिलने के बाद सभी बच्चे उत्साहित नजर आए, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि बच्चों को साइकिल मिलने से उनकी पढ़ाई और आसान होगी, सुदूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को स्कूल आनेङ्कजाने में परेशानी होती थी, अब साइकिल मिलने से उन बच्चों को खासकर बच्चियों को पढ़ने आनेङ्कजाने में काफी मदद मिलेगी। यह उन्नति का पहिया नहीं एक लक्ष्य प्राप्त करने का पहिया है, यह साइकिल बच्चों को संघर्ष करना सिखाती है, बच्चों को अपने जीवन में एक नया रूप देने के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचाने में यह साइकिल कारगर साबित होगा। आगे उन्होंने कहा कि सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मौके पर प्रधानाध्यापक दशरथ कुमार, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, वार्ड सदस्य मीनेश शर्मा स्कूल के छात्र-छात्राओं व ग्रामीण उपस्थित थे।

# केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने लगाया रक्तदान शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के तत्वाधान में रक्त दान शिविर का आयोजन सिकरी साइट कार्यालय में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के द्वारा किया गया। उक्त रक्त दान शिविर एनटीपीसी सीएमपी प्रबंधन के अनुरोध पर शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में केंद्रीय आधोगिक सुरक्षा बल के जवानों ने स्वैक्षिक रक्त दान में बढ़ चढ़ भाग लिया। शिविर में बल के सदस्यों द्वारा 20 यूनिट रक्त दान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के सहायक कमांडेंट नवीन राजा ने उपस्थित होकर बल के जवानों को बधाई देते हुए कहा कि केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इस तरह के सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहती है।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले के विरोध में प्रदर्शन, बंद रही दुकानें, बांग्लादेशियों को बाहर करो का लगा नारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** बांग्लादेश में वहाँ के धार्मिक अल्पसंख्यकों पर हो रहे लगातार अत्याचार के खिलाफ देश के साथ साथ विदेशों में भी उबाल है। मंगलवार को हजारीबाग में भी लोग सड़कों पर उतर कर विरोध जताया और भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को बाहर करने की मांग उठाई गई। इस दौरान पूरा शहर स्वतः बंद रहा और लोगों अपनी अपनी प्रतिष्ठानें बंद कर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। सर्व सनातन समाज द्वारा सांकेतिक बंद बुलाया गया था। सुबह करीब दस बजे से लोग कर्जन ग्राउंड पहुंचने लगे थे और दिन के साढ़े 12 बजे शांति मार्च प्रारंभ हुआ। लोग हाथों में तख्ती घर से लेकर आए थे और बांग्लादेशी घुसपैठिएं को बाहर निकालों, उन्हे भोजन पानी, काम और राशन देना बंद करो, हिंदुओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान का नारा लगाए जा रहे थे। शांति मार्च सरकारी बस स्टैंड होकर बुढ़वा महादेव पहुंची और फिर वहां से अनंदा चौक, छठ तालाब होकर झंडा पहुंची। यहां स पुन ◌ बंशीलाल चौक होकर कर्जन ग्राउंड पहुंचकर सभा संपन्न हो गई। इससे पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया और मंच से वक्ताओं ने भविष्य के भारत, भारत के सामने चुनौतियां, धार्मिक जेहाद, लव जेहाद, बांग्लोदेशी घुसपैठ और सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहे जनसंख्या बदलाव की भी जानकारी दी। बांग्लादेश में हो रहे हमले को इस्लामिक साजिश करार देकर इसके खिलाफ हिंदु जनमानस को एकजुट होकर उठ खड़ा होने के लिए आह्वान किया गया। समारोह में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के साथ साथ बरही विधायक मनोज यादव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जुड़े विभिन्न संगठन, सामाजिक संगठन और सनातन से संबंधित विभिन्न जाति के लोग भी शामिल हुए। मंच से जाति का भेद हटाकर सनातनी बनने और हिंदू होने का संकल्प दोहराया गया। आर्ष कन्या गुरुकूल की बेटियों के साथ आचार्य कौटिल्य भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे थे। दो हजार से अधिक की संख्या में महिलाएं विरोध प्रदर्शन की हिस्सा बनी। शहर में शांतिमार्च बेहद हीं शांतिपूर्वक आयोजित हुआ। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता उपाए किए गए थे। बड़ी संख्या में महिला व पुलिस बल को तैनात किया गया था। जगह जगह बजरंग दल, विश्व हिंदु परिषद और आरएसएस के कार्यकर्ता भी यातायात व्यवस्था को सुचारु करा रहे थे। यातायात विभाग भी आयोजन को लेकर सक्रिय रही और किसी को अव्यवस्था ना हो इसे लेकर पुख्ता इतंजाम किए गए थे।

**आयोजन को सफल बनाने में इनकी रही भूमिका :** प्रकाश गुप्ता, बासुदेव प्रसाद, डा. चेतलाल प्रसाद, संजय श्रीवास्तव, आशुतोष कुमार, आर्य समाज से आचार्य कौटिल्य , सीख समाज से सुरजीत सिंह, दीपक जैन, पवन जैन, हीरालाल राम जी, इस्कॉन से केशवानंद महाराज , रामलखन मुंडा, महेन्द्र बेक, नरेश खंडेलवाल, सुमेर सेठी, अमरदीप यादव, मनमीत अकेला, विनोद कुमार, हर्ष अजमेरा सहित अन्य है।

# जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रिय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को सीसील हजारीबाग क्षेत्र के तापिन साउथ परियोजना के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 3 दिवसीय अंतर क्षेत्रिय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र के महाप्रबंधक( समन्वय )एम .पी सिंह ने बैलून का गुच्छा उड़ा कर तथा वॉलीबॉल को मार कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीसीएल मुख्यालय राँची से प्रबंधक (खेल) आदिल हुसैन भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में हजारीबाग क्षेत्र के सभी परियोजना के परियोजना पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय सलाहकार तथा कल्याण तथा सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में कुल 11 टीमें हिस्सा ले रही है।इस प्रतियोगिता के पहले मैच में कथारा ने बरका सयाल क्षेत्र को पराजित किया। इस प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच 05/12/24 को खेला जाएगा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि हर्ष नाथ मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल मुख्यालय, राँची होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पल्लब चक्रबर्ती, स्टाफ ऑफिसर (कार्मिक), उमेश चंद्रा प्रबंधक (कार्मिक), पीयूष, सहायक प्रबंधक( सीडी), चंद्रिका प्रसाद,अश्विनी कुमार, निर्भय दुबे, आदित्य कुमार, तथा पूरे कार्मिक विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

# डीएमएफटी मद से हो रहे पथ निर्माण का उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में किया गया निरीक्षण

## सड़क निर्माण के दौरान प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता के विषय पर ग्रामीण ली गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** सोमवार को डीएमएफटी मद से हो रहे हैं सड़क निर्माण की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा टीम गठित कर हो रहे हैं निर्माण कार्यों का ऑन द स्पॉट जाकर पदाधिकारियों द्वारा किया गया निरीक्षण।रामगढ़ जिला अंतर्गत ग्रामीण से शहरी क्षेत्रों तक आवागमन की सुविधा को दुरुस्त करने के उद्देश्य से डीएमएफटी मद से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पथ निर्माण सहित अन्य योजनाओं के तहत लोगों को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से हो रहे निर्माण कार्यों का जांच हेतु उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार टीम गठित किया गया।जांच टीम द्वारा डीएमएफटी के तहत विभिन्न योजना अंतर्गत नेहरू रोड में सड़क निर्माण कार्य का पदाधिकारियों द्वारा जा जाकर निरीक्षण किया गया साथ ही क्षेत्र के लोगों से भी निर्माण की गुणवत्ता पर चर्चा की गई इस दौरान लोगों ने डीएमएफटी के तहत हो रहे निर्माण कार्य की प्रशंसा करते हुए उपायुक्त को धन्यवाद कहा।जांच टीम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, डीएमएफटी लीड सुकांतो मेटे, सहायक अभियंता भवन निर्माण शुभम सक्षम सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्री अग्रसेन स्कूल में मनी परमवीर अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनाई है। सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त शिक्षक पात्रिक मिंज ने कहा कि 1971 में अलबर्ट एक्का ने पाक सेना का बंकर उड़ा दिया। पाक सैनिकों को मार गिराया। रेलवे के आउटर सिग्नल इलाका को कब्जे में लेने के बाद वापस आने के दौरान टॉप टावर मकान के ऊपर में खड़ी पाक सेना ने अचानक मशीनगन से उन पर हमला कर दिया। इसमें 15 भारतीय सैनिक मारे गए। तब अलबर्ट दौड़ते हुए टॉप टावर पर चढ़ गए और मशीनगन को कब्जे में लेकर दुश्मनों को तहस-नहस कर दिया। इस दौरान अलबर्ट एक्का को 20 से अधिक गोलियां लगीं। वह टॉप टावर से नीचे गिर गए और अपनी अंतिम सांस ली। उस दिन अगर एलबर्ट एक्का नहीं रहते तो 150 जवान मारे जाते। वर्ष 1971 में हुए भारत पाक युद्ध के समय अल्बर्ट मात्र 29 वर्ष के थे.कार्यक्रम का संचालन कर रहे निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने कहा कि अपनी अदम्य साहस का परिचय देते हुए लांस नायक अल्बर्ट ने दुश्मनों का सामना किया और वीरगति को प्राप्त हुए। वीरता पूर्वक शहदत के लिए लांस नायक अल्बर्ट एक्का को मरणोपरांत परमवीर चक्र प्रदान किया गया। यह एकीकृत बिहार में मरणोपरांत परमवीर चक्र का सम्मान पाने वाले वे पहले वीर सपूत थे. पुण्यतिथि के मौके पर क्विज, निबंध, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अल्बर्ट एक्का की जीवनी से परिचित कराया गया। इस अवसर पर अरविंद दुबे, सूफियान अख्तर उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के आयोजन को लेकर हुई बैठक

**10 दिसंबर तक प्रतिभागी कर सकते हैं प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु रजिस्ट्रेशन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** आगामी 13 दिसंबर को राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 के आयोजन के मद्देनजर जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ की अध्यक्षता में सोमवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित जिला खेल कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम ने बैठक में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी, एन सी सी रामगढ़ के पदाधिकारी एवं जिले के सभी महाविद्यालय के प्रभारी पदाधिकारियो को आगामी 13.12.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं महोत्सव के दौरान होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 स्थानीय मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग बीएड कॉलेज में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला एकल,विज्ञान मेला सामूहिक एवं फोटोग्राफी का आयोजन किया जाना है प्रतियोगिता में वैसे प्रतिभागी जिनकी आयु 18 वर्ष से 29 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं चयनित प्रतिभागी अनुमंडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी का रजिस्ट्रेशन का अंतिम तिथि 10. 12.2024 होगा। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु दिए गए लिंक पर कर सकेंगे https://forms.gle/VcmfGYKviRJDb~VU वही रजिस्ट्रेशन एवं प्रतियोगिता संबंधित अधिक जानकारी के लिए महेश प्रसाद संपर्क नंबर 9 801 12 1528 नीतीश कुमार मोदी संपर्क नंबर 9135 9 73356 एवं जिला खेल कार्यालय रामगढ़ के संपर्क नंबर 8 709816456 में संपर्क कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से राहुल सिंह, डॉ कमल राज, श्रीधर मुंडा, अनामिका, डॉ अशोक राम, डॉ विशेश्वर रविदास, प्रो0 उत्तम कुमार, विकास कुमार, नितीश कुमार मोदी सहित अन्य उपस्थित थे।

### हजारीबाग सांसद एनएच प्राधिकरण के अध्यक्ष से मिलें

# क्षेत्र के एनएच के निर्माण में हो रहे विलंब और ब्लैक स्पॉट को लेकर सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव से औपचारिक मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के विषय में विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्य में हो रहे विलंब और ब्लैक स्पॉट से संबंधित विषयों पर ज्ञापन सौंपते हुए जनहित में इस दिशा में यथाशीघ्र सकारात्मक पहल करने की मांग की । सांसद मनीष जायसवाल ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव को बताया की हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट दुर्घटना का सबब बने हुए है,जिनमें धनुआ ङ्क भनुआ जंगल जो कि नेशनल हाईवे संख्या 2 पर स्थित है, रांचीङ्क हजारीबाग हाईवे पर चूटूपालू घाटी व हजारीबाग के चरही घाटी पर स्थित यूपी मोड हैं। इन ब्लैक स्पॉट्स पर अब तक सैकड़ों दुर्घटनाएं हुई है, जिनमें काफी लोगों की जाने गई है, इस विषय में अविलंब स्थायी समाधान करने का उनसे आग्रह किया। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत निर्माणाधीन जीटी रोड नेशनल हाईवे संख्या दो के अंतर्गत चौपारण से गोरहर तक सिक्स लेन का कार्य संचालित किया जा रहा है, जिनके अंतर्गत चौपारण बरकट्ठा फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा है. चौपारण का फ्लाई ओवर पिछले 12 वर्षों से निर्माणाधीन है, जिसमें अभी तक केवल पाये का ही निर्माण हो पाया हैइसी प्रकार बरकट्ठा में भी पाये का निर्माण भी पूरी तरह से नहीं किया गया है, शेष कार्य 12 वर्षों से लंबित है। सिक्स लेन का कार्य के कारण पूरे क्षेत्र में नालियों की स्थिति बद से बत्तर कर दी गई है ,जिस वजह से जल भराव की समस्या से वहां के लोग पिछले 10 वर्षों से जूझ रहे है, इन दोनों जगह पर कार्य प्रगति पर रहने के कारण दुर्घटनाएं भी रोज देखने को मिलती रहती है। स्थानीय स्तर पर ठेकेदार या राष्ट्रीय राजमार्ग के क्षेत्रीय अधिकारियों से शिकायत भी की गई लेकिन आश्वासन के अलावा कोई प्रगति नहीं हुई, अतः इस विषय को संज्ञान में लेते हुए अविलंब कार्यवाही का उनसे आग्रह किया ।

# संडे का भुगतान नहीं करने व कम सैलरी क्रेडिट करने एवं पिछले पीएचडी नहीं होने पर मजदूरों में रोष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना स्थित पोटंगा वर्कशॉप और बेस वर्कशॉप में सीसीएलकर्मीयों के द्वारा पिछले दिनों में संडे ड्यूटी कराकर संडे का पैमेंट भुगतान नहीं करने व इस महिने में कम सैलरी क्रेडिट करने एवं पिछले महीने का पीएचडी पेड नहीं करने पर रोष व्यक्त करते हुए। उरीमारी परियोजना में कार्यरत मजदूरों ने सीसीएल का उत्पादन लगभग दो घंटे बंद रखा। वहीं इस बंदी का नेतृत्व आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने किया। वहीं मजदूरों ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं मजदूरों ने संडे का पैसा भुगतान करो, पिछले महीने कि पीएचडी क्लियर करो आदि नारे लगाए। वहीं मजदूरों के मसीहा आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने परियोजना में पहुंच सहकर्मीयो को मजबूत करते हुए कहा कि सीसीएल प्रबंधन मजदूरों के साथ नाइंसाफी कर रही है। उन्हें उनका मजदूरी किया गया पैसा भुगतान नहीं कर रही है। जिसके कारण आज मजदूरों में काफी रोष है। वहीं दो घंटे तक उत्पादन ठप रहने पर परियोजना पदाधिकारी दिलिप कुमार व खान प्रबंधक पीके सेन गुप्ता पोटंगा वर्कशॉप पहुंचे। वहीं इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू व मजदूरों के साथ पीओ व खान प्रबंधक ने बैठक कि। वहीं इस बैठक में प्रबंधन के मजदूरों कि मांगो पर सकारात्मक आश्वासन मिलने के बाद उत्पादन कार्य को चालू किया गया। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, गणेश राम, बाल्मिकी यादव, विश्वनाथ मांझी, राजेन्द्र यादव, चंदू जायसवाल, श्रावण कुमार, बिनोद सिंह,अलि हसन खान, टहल गोप, रवि शंकर सिंह आदि सैकड़ों मजदूर मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी के प्रयास से वार्ड नंबर 5 के गोरियारी बागी रामगढ़ कैंट में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर कराया गया उपलब्ध

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को वार्ड नंबर 5 के गोरियारी बागी रामगढ़ कैंट में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसको 24 घंटे के अंदर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी एवं रामगढ़ के नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी के प्रयास से उपलब्ध कराया गया जिसका उद्घाटन क्षेत्र वासियों द्वारा मुझे एवं हम लोगों के अभिभावक सुभाष गोसाई को करने का अवसर प्रदान किया गया जिसके लिए क्षेत्र वासियों का दिल से आभार साथ ही अल्प समय में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए नवनिर्वाचित विधायक ममता देवी एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी का दिल से आभार ट्रांसफार्मर उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप से सुभाष गोसाई शिबू डांगी विनोद महतो कमलेश कुमार पांडे मुरली साहब रंजीत कुशवाहा प्रियांशु गोस्वामी राम मिस्त्री आदि उपस्थित है नगर कांग्रेस कमेटी रामगढ़ शहर के समस्याओं के निदान के लिए सदैव तत्पर रहेगी।

# एला एंग्लाइज स्कूल में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज स्कूल में मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। सर्वप्रथम प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी श्रद्ध सुमन अर्पित किए।अवसर पर कक्षा 11वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर आधारित नाटक, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। वहीं प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद एक महान नेता और भारत के पहले राष्ट्रपति थे। उनकी जीवनी हमें जीवन में सादगी के साथ सत्य और समर्पण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उनके आदर्शों पर चलकर ही देश और समाज की उन्नति संभव है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार विश्वकसेन, सूरज देव सिंह, मिथलेश बेदिया, कंचन दास, राजन कुमार, अजित शर्मा, कंचन सोनी, अजित सिन्हा, गौरव कुमार साहू, सिद्धार्थ कुमार, सुजय कुमार, रूचि सिंह, प्रियंका पटेल, सीमा कुमारी, सुमन खलखो, चंचला कुमारी, शबाना, सोनी सरिता सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

### आरसीएमयू इंटक व आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार को लेकर हुई वार्ता

# उरीमारी व पोटंगा के बेरोजगार विस्थापितों को आउटसोर्सिंग में रोजगार दे कंपनी : राजू यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी परियोजना के आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी प्रबंधक और आरसीएमयू इंटक के पदाधिकारीयो कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक में उरीमारी पंचायत व पोटंगा पंचायत के बेरोजगार विस्थापित ग्रामीणों को आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार को लेकर कंपनी प्रबंधन के साथ वार्ता कि गई। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि उरीमारी व पोटंगा के विस्थापित ग्रामीणों को कंपनी में रोजगार देना होगा। जिससे यहां के मुल निवासी विस्थापित ग्रामीण दुसरे राज्यों में काम करने को बाध्य ना हो। वहीं आशीर्वाद आउटसोर्सिंग कंपनी के मैनेजर दिवाकर विश्वकर्मा ने कहा कि इस मामले पर अनुचित कार्य किया जाएगा। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विश्वनाथ मांझी,मनाराम मांझी, दाशाराम मांझी,मनु टुडू,सीगू मांझी,चन्दू जयसवाल,बासदेव सोरेन, राकेश बेसरा, सुरेश मांझी, मनोज, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# जुबिली कॉलेज के खिलाड़ी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने हजारीबाग गये




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के खिलाड़ी मंगलवार को विनोबा भावे यूनिवर्सिटी अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024- 2025 में भाग लेने संत कोलंबा कॉलेज हजारीबाग गये। जुबिली कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसकेएस झा और खेल प्रशिक्षक मनोज कुमार सहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। बताया जाता है कि संत कोलंबा कॉलेज में 4 दिसंबर 6 दिसंबर तक अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जुबिली कॉलेज से कोच नवीन कुमार के नेतृत्व में कुल 16 खिलाड़ी रवाना हुए हैं। जिसमें अंजलि मुंडा, आकृति उरांव, अनुराधा कुमारी, मुस्कान विश्वकर्मा, सोनी कुमारी, भारती कुमारी, पूजा कुमारी, गीता कुमारी, अंजली कुमारी, अंशिका कुमारी, सिमरन भारती, विशाल मांझी, मुन्ना बेदिया, विकास उरांव, राजेंद्र उरांव, कृष्ण कुमार मुंडा शामिल हैं।

# द वेब्स रेस्टुरेंट के मालिक ने रामगढ़ एसपी एवं काण्ड के उदभेदन में सम्मलित पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना अन्तर्गत द वेब्स रेस्टुरेंट, शिवाजी रोड ,रामगढ़ के मालिक के नोकर के द्वारा घर का अलमीरा तोड़ कर नगद करीब 20 लाख रूपया एवं जेवरात की चोरी की घटना कारित की गई जिसका उदभेदन 48 घंटे के अन्दर करते हुए प्राथामिकी अभियुक्त को राज्य से बाहर जिला सागर, मध्य प्रदेश जाकर गिरफ्तार किया गया एवं चोरी हुआ नगद-14,31,120/रूपया, जेवरात बरामद कर लिया गया। इस पर काण्ड के वादी संजीव कुमार चड्डा के द्वारा रामगढ़ पुलिस को धन्यवाद देते हुए पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ एवं काण्ड के उदभेदन में सम्मलित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को शॉल एवं पुष्प गुच्छ देकर शम्मानित किया गया।

# गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ में चुनाव कमेटी की हुई बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रामगढ़ में चुनाव कमेटी की बैठक चुनाव अध्यक्ष सरदार नरेंद्र सिंह चमन की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में यह फैसले लिए गए कि जो समाज के बच्चे 15 दिसंबर 2024 तक 18 वर्ष की आयु या उससे ज्यादा के हो जाएगे तो वो नये सदस्य के लिए सदस्यता फॉर्म ले सकते है।नई सदस्यता का फॉर्म 3 दिसंबर से लेकर सात दिसंबर तक चुनाव कार्यालय से 100 नकद भुगतान करके संध्या 7 से 7.30 के बिच लिया जा सकेगा। जमा करने की तिथि 9 दिसंबर से 10 दिसंबर संध्या शाम 7 से 7.30के बिच चुनाव कार्यालय में निर्धारित की गयी है। डुप्लीकेट कार्ड बनाने का भी प्रावधान वर्तमान सदस्यो के लिए आवेदन के साथ 200 रुपये नकद भुगतान देके बनाया जा सकेगा। बैठक में चुनाव कमिटी के सदस्य सरदार कवलजीत सिंह लाम्बा, सरदार हार्मिंदर सिंह जॉली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार हरजाप सिंह अध्यक्ष के साथ मौजूद थे।

## सैमको म्यूचुअल फंड ने डायनेमिक रोटेट रणनीति के साथ अभिनव मल्टी एसेट एलोकेशन फंड किया लॉन्च

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमको एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने मल्टी एसेट एलोकेशन फंड (एमएएएफ) के नए फंड ऑफर (एनएफओ) की घोषणा की, जो 4 दिसंबर, 2024 को खुलेगा और 18 दिसंबर, 2024 को बंद होगा। यह फंड इक्विटी, गोल्ड और डेट/आर्बिट्रेज के बीच आवंटित होगा, ताकि रिटर्न को अनुकूलित किया जा सके और जोखिम को कम किया जा सके। इस योजना की न्यूनतम आवेदन राशि 5,000 है। यह फंड R.O.T.A.T.E. स्ट्रेटजी द्वारा संचालित होगा। इस रणनीति के अनुसार, जब शेयर बाजार में तेजी होती है तो फंड मुख्य रूप से इक्विटी मोड में घूमने की क्षमता रखता है, जब शेयर बाजार में गिरावट आती है लेकिन सोना बेहतर प्रदर्शन कर रहा होता है तो गोल्ड मोड में और जब शेयर और सोना दोनों गिर रहे होते हैं तो डेट/आर्बिट्रेज मोड में घूमने की क्षमता रखता है। इस प्रकार स्थिर रिटर्न देने और निवेशक की संपत्ति की रक्षा करने का प्रयास करता है। एसेट आवंटन में लचीलापन देते हुए, यह फंड विभिन्न श्रेणियों में निवेश करने के लिए गतिशील दृष्टिकोण प्रदान करता है। इसके तहत, इक्विटी में 20-80त्न, डेट इंस्ट्रूमेंट्स में 10-70त्न और गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ में 10-70त्न के बीच आवंटन क्षमता है। यह कमोडिटी डेरिवेटिव्स में 30त्न तक और REITs और InvITs में 10त्न तक निवेश कर सकता है। जबकि पारंपरिक निवेश फंड अक्सर सोने और अन्य कमोडिटीज उद्योग के स्थिर जोखिम को बनाए रखते हैं।

## होंडा मोटरसाइकिल, स्कूटर इंडिया बेचता है, नवंबर 2024 में 4,72,749 यूनिट

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की । इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है । उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की ङ्क्षञ्जष्ठ बिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है । इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं ।


**नवंबर 2024 की मुख्य विशेषताएं :-** 1. उत्पाद- होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (HMSI) ने आज इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में ACTIVA e: और त्तष्ट1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरुआत की । त्तष्ट1 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी । 2. सड़क सुरक्षा- भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों - हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) में जागरूकता अभियान चलाया। , अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), और द्वारका (गुजरात)।

## घर-घर डिजिटल शिक्षा पहुंचायेगी इंडस टावर्स लिमिटेड की डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन




**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश की जानी - मानी कंपनी इंडस टावर्स लिमिटेड ने डिजिटल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग किया है । इसके तहत झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में वंचित समुदाय के बीच घर-घर जाकर एक डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन के माध्यम से लोगों को डिजिटल शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह कार्य एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ भागीदारी में किया जा रहा है। इस संबंध में इंडस टावर्स लिमिटेड के सर्किल सीईओ रितेश बत्स , सर्किल एचआर हेड शाहनवाज अहमद तथा सर्कल ओ एंड एम हेड पंकज सिन्हा ने बताया कि झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन (डीटीवी) के माध्यम से डिजिटल शिक्षा के प्रसार की शुरुआत की गयी। झारखंड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और ई गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल ने आज इसका उद्घाटन केराली पब्लिक स्कूल (नेवरी विकास) रांची से किया। इस अवसर पर भाल ने कहा कि डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन के माध्यम से झारखंड के सुदूरवर्ती इलाकों के बच्चे - बच्चियों को कंप्यूटर शिक्षा और इसकी तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान युग कंप्यूटर तथा डिजिटल का है और इसके लिए अभी से ही बच्चे - बच्चियों को जानकारी सुलभ कराना उनके भविष्य के लिए बेहतर कदम है। इंडस टावर्स के अधिकारियों ने इस मौके पर बताया कि 20 सीटर इस डिजिटल वैन को विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है जिसमें सौर ऊर्जा से चलने वाला कंप्यूटर, प्रिंटर और ई लर्निंग टूल भी लगाए गए हैं । यह डिजिटल वैन उच्च दक्षता वाले सौर पैनल से सुसज्जित है जो अपनी आवश्यकता के लिए प्रतिदिन 15 किलोवाट ऊर्जा उत्पन्न करता है। इसके अलावा सौर मॉड्यूल की विफलता की स्थिति में वैकल्पिक स्रोत के रूप में वाहन में बैटरी के साथ यूपीएस, 5.5 केवीए जनरेटर और डायरेक्ट एसी लाइन केबल भी लगाए गए हैं।

## सीओ ने बैठक में ग्राम प्रधानों को दिया निर्देश



**हिरणपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को घाघरजानि स्थित अंचल कार्यालय सभागार में ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। जिसमें अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकार के द्वारा लेम्प्स के माध्यम से इस वर्ष धान प्रति क्विंटल 3200 रुपये में कृषको से अधिप्राप्ति की जाएगी। इसको लेकर अपने अपने क्षेत्र के कृषको को जागरूक करें। सभी छोटे बड़े कृषक सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना की लाभ प्राप्त कर सके। निकटवर्ती चयनित लेम्प्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की जाएगी । उन्होंने ग्राम प्रधानों को सख्त निर्देश दिया कि गौचर भूमि की किसी भी हालात में अतिक्रमण न हो पाए। इसको लेकर सभी को सजग रहना आवश्यक है। गौचर भूमि की अतिक्रमण किये जाने पर कार्रवाई की जाएगी ।लगान वसूली को लेकर उन्होंने कहा कि विगत वर्ष का लगान राशि जिस किसी ग्राम प्रधान ने जमा नही किया है। वह 20 दिसम्बर तक कार्यालय में अवश्य जमा करें। जमा करने के बाद ही नया लगान रसीद निर्गत किया जाएगा। गैर मजरुआ भूमि का सत्यापन अवश्य ही किया जाना है। सम्बन्धित मौजा क्षेत्र में जितने भी गैर मजरुआ भूमि है। उन्हें जल्द से जल्द चिन्हित करें। उस भूमि की वर्तमान स्थिति क्या है , इसका आकलन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इस अवसर पर अंचल निरीक्षक विकास बास्की सहित सभी राजस्व कर्मी उलस्थित थे।

# सीतपहाड़ी में कोलकाता के मशहूर डाक्टरों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

▼ **ढाई सौ मरीजों का स्वास्थ्य जाँच कर दवाई उपलब्ध कराया गया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**






**पाकुड़ :** जिले के विख्यात समाजसेवी लुत्फ़ल हक के सौजन्य से पत्थर औद्योगिक क्षेत्र हिरणपुर प्रखंड के सीतपहाड़ी में कोलकाता के मशहूर डाक्टरों द्वारा निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया.जाँच शिविर में महिला,पुरुष,वृद्ध,बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी.बारी बारी से सैकड़ों लोगों ने हेल्थ चेकअप कराया.वहीं दवा भी निःशुल्क उपलब्ध कराया गया.उल्लेखनीय है की समाजसेवी लुत्फ़ल हक द्वारा विगत सोमवार को मंझलाडीह गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था. जिसमें दो सौ लोगों ने स्वास्थ्य जाँच कराया था. वहीं मंगलवार को लगभग ढाई सौ लोगों ने चेकअप कराया. सभी को दवा भी उपलब्ध कराया.इधर कोलाकता के नामचीन डॉक्टर यासीह मित्रा व डॉक्टर तीतास मल्लिक मुख्य रूप से मौजूद थे.लुत्फ़ल हक़ ने बताया की प्रायः निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर मेरे द्वारा लगाया जाता है.मुफ्त में दवाई भी दी जाती है.

**लुत्फ़ल हक जिले का नाम कर रहे रौशन :-**

लुत्फ़ल हक एक सफल व्यवसाई है. उनके द्वारा हमेशा समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते रहें है.जाति और मजहब से उठकर समाजसेवा के क्षेत्र में काम करने की वजह से उन्हें समाजसेवा के क्षेत्र में दर्जनों अवार्ड देश-विदेश में मिल चुके है.उनके द्वारा प्रतिदिन ढाई सौ जरूरतमंद लोगों का भोजन पाकुड़ रेलवे स्टेशन में कराया जाता है. कोरोना काल में ऑक्सीजन से लेकर सैकड़ों जरूरतमंदो के बीच सूखा राशन उपलब्ध कराया गया था.कड़ाके की ठण्ड को देखते हुए प्रत्येक साल कंबल और टोपी का वितरण किया जाता है।


**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting Request For Proposal for Construction Supervision Consultancy Services (1st Call)**

**RFP No: SHAJ/Proc/SC/Banta-Rahe-Bundu/2024/685** **Date: 02.12.2024**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request of Proposal for services of "***Construction Supervision Consultancy Services for Widening & Strengthening /Reconstruction of Banta-Rahe-Bundu road two lane with paved shoulder (Total Length-30.47km.) in Ranchi district***" on SBD mode in State of Jharkhand. The cost of the work is **Rs. 162.00 crore (approx).**
2. The interested consultancy firm who have experience in services of similar works and required technical & financial strength may obtain Request of Proposal (RFP) document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in **from 04.12.2024 (15:00 hrs) to 23.12.2024 (15:00 hrs).**
   The complete RFP Application shall be submitted online by **23.12.2024 (upto 15:00 hrs)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in as per instruction in RFP-Instruction to Bidder for e-tendering. All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website.
   ***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***
3. To participate in the bidding, it is mandatory for the applicants to get registered their firm /Joint Venture with **e-tendering portal of http://jharkhandtenders.gov.in to have user ID & password.**
4. The consultancy firm are required to submit non-refundable document **fee of Rs. 30,000/- (Rs. Thirty thousand only)** and **Bid Security of Rs. 1,00,000/-** (Rs. One Lakh only). **Tender fees and Earnest money Deposit (EMD) shall be deposited Online as per Information Technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.** The undersigned will open the received bid online on **24.12.2024** at **15:00 hrs.**

**Sd/-**
**Member (Technical)**
**State Highways Authority of Jharkhand**
**Deen Dayal Nagar**
**(Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

PR 341023 State Highway Authority of Jharkhand (24-25)_D



**STATE HIGHWAYS AUTHORITY OF JHARKHAND**
**Government of Jharkhand**

**e-procurement Notice inviting Request For Proposal for Authority Engineer (1st Call)**

**RFP No: SHAJ/Proc/SC/Shankha to Khajuri/2024/687 Date: 02.12.2024**

1. State Highways Authority of Jharkhand, Ranchi invites Request of Proposal for **Consultancy services for Authority's Engineer for Supervision of Widening and Strengthening / Reconstruction of NH-39 to Shankha to Khajuri Road in the state of Jharkhand.on EPC mode.** The approximate cost of the work is Rs 187.25 crore.
2. The interested consultancy firm who have experience in services of similar works and required technical & financial strength may obtain Request of Proposal (RFP) document from e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in **from 04.12.2024 (03:30 pm) to 23.12.2024. (03:00 pm).**

The complete RFP Application shall be submitted online by **23.12.2024 (upto 03:00 pm)** on e-tendering portal www.jharkhandtenders.gov.in as per instruction in RFP-Instruction to Bidder for e-tendering. All the details regarding this RFP will be available on the above mentioned website.
***No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.***

3. To participate in the bidding, it is mandatory for the applicants to get registered their firm /Joint Venture with **e-tendering portal of http://jharkhandtenders.gov.in to have user ID & password.**
4. The consultancy firm are required to submit non-refundable document **fee of Rs. 30,000/- (Rs. Thirty thousand only) & Bid Security (EMD) of Rs. 1,00,000.00 (Rs. One Lakh) only. Tender fees and Earnest money Deposit(EMD) shall be deposited online as per Information Technology & E-Governance Department order no 120 dated 03.10.2023.** The undersigned will open the received bid online on **24.12.2024** at **15:30 hrs.** **Sd/-Member (Technical)**

**State Highways Authority of Jharkhand**
**Deen Dayal Nagar (Near Office of Executive Engineer, NH Division, Ranchi)**
**Booty Road, Ranchi-834008. Ph.: 0651-2361306**
**E-mail: membertechnical.shaj3@gmail.com**

**PR 341018 (State Highway Authority of Jharkhand)24-25*D**



**कार्यालय अधीक्षक, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग।**
**प्रेस विज्ञप्ति**
(विज्ञापन सं0 01/2024–25)

**शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग के विभिन्न विभागों में कनीय रेजिडन्ट (JR- Non Academic) एक वर्षीय रिक्त टेन्योर पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन।**

1. स्वा0 चि0 शिक्षा एवं प0 क0 विभाग, झारखंड के नियंत्रणाधीन शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग के विभिन्न विभागें में कनीय रेजिडेन्ट (JR-Non Academic) के रिक्त पदों पर Walk-In-Interview के माध्यम से नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है। रिक्ति की वर्तमान स्थिति निम्नवत् है जो कम या अधिक हो सकती है।
रिक्ति की विवरणी।

| क्रमांक | विभाग का नाम | कुल रिक्ति |
|---|---|---|
| 1. | मेडिसीन | 01 |
| 2. | अस्थि | 01 |
| 3. | दन्त | 01 |
| | कुल | 03 |

2. योग्यता :– JR के पद के लिये न्यूनतम योग्यता MBBS होगी।
3. अर्हता :– जो Internship पूरा किये हों। Internship Completion Certificate चयन प्रक्रिया हेतु प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
4. चयन का आधार :– Walk-In-Interview के माध्यम से चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया के अन्तर्गत तत्संबंधी अभिलेखों/प्रमाण पत्रों की जाँच की जायगी। तदनुसार विभागावार रिक्ति के विरूद्ध चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायगी। यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष के लिये होगी, जिसे संतोष प्रदकार्य के उपरांत संबंधित विभागाध्यक्ष की अनुशंसा पर एक–एक वर्ष की अवधि विस्तार के साथ अधिकतम तीन वर्षों के लिये की जा सकती है।
5. एम0 बी0 बी0 एस0/बी0 डी0 एस0 उर्तीणता संबंधी प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा एवं रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट झारखंड मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना आवश्यक होगा।
6. मानदेय :– रूपया 54,500/–प्रतिमाह
7. नियुक्ति की शर्तें :–
(क) इन्हें सरकारी कर्मचारी को देय आकस्मिक अवकाश के अलावा अन्य कोई भी अवकाश देय नहीं होगा।
(ख) इन्हें संबंधित विभागाध्यक्ष, अधीक्षक, प्राचार्य एवं विभाग से समय–समय पर प्राप्त होने वाले निदेश का पालन करना अनिवार्य होगा।
(ग) संविदा आधारित यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक होगी एवं चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भविष्य में नियमित नियुक्ति का दावा नहीं किया जायगा।
(घ)यदि कोई आवेदक एक से अधिक विषयों के लिये आवेदन करेगा तो इन्हें अपनी इच्छित विषयों में प्राथमिकता स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। उचित प्राथमिकता के अभाव में प्रथम उपलब्ध स्थान पर उन्हें चयनित किया जायगा।
(ङ)चयनित अभ्यर्थी इस आशय का शपथ पत्र (Affidavit) देगें कि एक माह के पूर्व सूचना के पूर्व सेवा से त्यागपत्र नहीं देंगे अन्यथा एक माह का Renumeration का भुगतान नहीं किया जायगा।
8. अधिकतम उम्र सीमा :– सभी कोटि के लिये अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी।
9. Walk-In-Interview शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग के प्राचार्य की अध्यक्षता में कॉलेज परिसर स्थित प्रशासनिक भवन के College Council Room-Cum-Conference Room में दिनांक 11/12/2024 के पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक निर्धारित है।

अधीक्षक,
शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल,
हजारीबाग।

**PR 341099 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D**



**जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, लातेहार**

**चालक अनुज्ञप्ति धारियों के चालक अनुज्ञप्ति से संबंधित हेतु आवश्यक सूचना**

ज्ञापांक– 894 /जि0परि0
दिनांक– 02.12.2024

एतद द्वारा निम्न चालक अनुज्ञप्तिधारकों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार से Online चालक अनुज्ञप्ति का निर्गमन वर्ष 2016 से प्रारंभ हो गया था। आप सभी का चालक अनुज्ञप्ति का निर्गत वर्ष 2019 एवं Backlog Entry अरूणाचल प्रदेश में दिखाया गया है, जबकि जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार से वर्ष 2019 में कोई भी मैनुअल DL निर्गत नहीं हुआ है। इस संबंध में दिनांक–10.12.2024 तक जिला परिवहन कार्यालय, लातेहार में आकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा चालक अनुज्ञप्ति को निरस्त कर दिया जायेगा।

| Sl No | DL No | Sl No | DL No | Sl No | DL No | Sl No | DL No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH19 20190000601 | 86 | JH19 20190000705 | 171 | JH19 20190000815 | 256 | JH19 20190002110 |
| 2 | JH19 20190000606 | 87 | JH19 20190000706 | 172 | JH19 20190002011 | 257 | JH19 20190002111 |
| 3 | JH19 20190000607 | 88 | JH19 20190000707 | 173 | JH19 20190002012 | 258 | JH19 20190002112 |
| 4 | JH19 20190000608 | 89 | JH19 20190000708 | 174 | JH19 20190002013 | 259 | JH19 20190002113 |
| 5 | JH19 20190000609 | 90 | JH19 20190000709 | 175 | JH19 20190002014 | 260 | JH19 20190002115 |
| 6 | JH19 20190000611 | 91 | JH19 20190000710 | 176 | JH19 20190002015 | 261 | JH19 20190002116 |
| 7 | JH19 20190000613 | 92 | JH19 20190000711 | 177 | JH19 20190002016 | 262 | JH19 20190002117 |
| 8 | JH19 20190000614 | 93 | JH19 20190000712 | 178 | JH19 20190002017 | 263 | JH19 20190002118 |
| 9 | JH19 20190000616 | 94 | JH19 20190000713 | 179 | JH19 20190002018 | 264 | JH19 20190002119 |
| 10 | JH19 20190000617 | 95 | JH19 20190000714 | 180 | JH19 20190002019 | 265 | JH19 20190002120 |
| 11 | JH19 20190000619 | 96 | JH19 20190000715 | 181 | JH19 20190002020 | 266 | JH19 20190002121 |
| 12 | JH19 20190000621 | 97 | JH19 20190000716 | 182 | JH19 20190002024 | 267 | JH19 20190002122 |
| 13 | JH19 20190000622 | 98 | JH19 20190000717 | 183 | JH19 20190002025 | 268 | JH19 20190002123 |
| 14 | JH19 20190000624 | 99 | JH19 20190000718 | 184 | JH19 20190002026 | 269 | JH19 20190002124 |
| 15 | JH19 20190000625 | 100 | JH19 20190000719 | 185 | JH19 20190002027 | 270 | JH19 20190002125 |
| 16 | JH19 20190000626 | 101 | JH19 20190000720 | 186 | JH19 20190002028 | 271 | JH19 20190002126 |
| 17 | JH19 20190000627 | 102 | JH19 20190000721 | 187 | JH19 20190002029 | 272 | JH19 20190002127 |
| 18 | JH19 20190000629 | 103 | JH19 20190000722 | 188 | JH19 20190002030 | 273 | JH19 20190002128 |
| 19 | JH19 20190000630 | 104 | JH19 20190000723 | 189 | JH19 20190002031 | 274 | JH19 20190002129 |
| 20 | JH19 20190000631 | 105 | JH19 20190000724 | 190 | JH19 20190002032 | 275 | JH19 20190002130 |
| 21 | JH19 20190000632 | 106 | JH19 20190000725 | 191 | JH19 20190002033 | 276 | JH19 20190002132 |
| 22 | JH19 20190000634 | 107 | JH19 20190000726 | 192 | JH19 20190002034 | 277 | JH19 20190002133 |
| 23 | JH19 20190000635 | 108 | JH19 20190000727 | 193 | JH19 20190002035 | 278 | JH19 20190002134 |
| 24 | JH19 20190000636 | 109 | JH19 20190000728 | 194 | JH19 20190002037 | 279 | JH19 20190002135 |
| 25 | JH19 20190000637 | 110 | JH19 20190000729 | 195 | JH19 20190002038 | 280 | JH19 20190002136 |
| 26 | JH19 20190000638 | 111 | JH19 20190000731 | 196 | JH19 20190002039 | 281 | JH19 20190002137 |
| 27 | JH19 20190000640 | 112 | JH19 20190000732 | 197 | JH19 20190002040 | 282 | JH19 20190002138 |
| 28 | JH19 20190000641 | 113 | JH19 20190000733 | 198 | JH19 20190002041 | 283 | JH19 20190002139 |
| 29 | JH19 20190000642 | 114 | JH19 20190000734 | 199 | JH19 20190002042 | 284 | JH19 20190002141 |
| 30 | JH19 20190000643 | 115 | JH19 20190000735 | 200 | JH19 20190002043 | 285 | JH19 20190002142 |
| 31 | JH19 20190000644 | 116 | JH19 20190000736 | 201 | JH19 20190002045 | 286 | JH19 20190002143 |
| 32 | JH19 20190000646 | 117 | JH19 20190000737 | 202 | JH19 20190002046 | 287 | JH19 20190002144 |
| 33 | JH19 20190000649 | 118 | JH19 20190000738 | 203 | JH19 20190002047 | 288 | JH19 20190002145 |
| 34 | JH19 20190000651 | 119 | JH19 20190000739 | 204 | JH19 20190002048 | 289 | JH19 20190002147 |
| 35 | JH19 20190000652 | 120 | JH19 20190000740 | 205 | JH19 20190002050 | 290 | JH19 20190002149 |
| 36 | JH19 20190000653 | 121 | JH19 20190000741 | 206 | JH19 20190002051 | 291 | JH19 20190002150 |
| 37 | JH19 20190000654 | 122 | JH19 20190000742 | 207 | JH19 20190002053 | 292 | JH19 20190002151 |
| 38 | JH19 20190000655 | 123 | JH19 20190000743 | 208 | JH19 20190002054 | 293 | JH19 20190002152 |
| 39 | JH19 20190000656 | 124 | JH19 20190000744 | 209 | JH19 20190002055 | 294 | JH19 20190002153 |
| 40 | JH19 20190000657 | 125 | JH19 20190000745 | 210 | JH19 20190002056 | 295 | JH19 20190002154 |
| 41 | JH19 20190000658 | 126 | JH19 20190000746 | 211 | JH19 20190002059 | 296 | JH19 20190002155 |
| 42 | JH19 20190000659 | 127 | JH19 20190000747 | 212 | JH19 20190002060 | 297 | JH19 20190002156 |
| 43 | JH19 20190000660 | 128 | JH19 20190000748 | 213 | JH19 20190002061 | 298 | JH19 20190002157 |
| 44 | JH19 20190000661 | 129 | JH19 20190000749 | 214 | JH19 20190002062 | 299 | JH19 20190002158 |
| 45 | JH19 20190000662 | 130 | JH19 20190000750 | 215 | JH19 20190002063 | 300 | JH19 20190002159 |
| 46 | JH19 20190000663 | 131 | JH19 20190000751 | 216 | JH19 20190002064 | 301 | JH19 20190002160 |
| 47 | JH19 20190000664 | 132 | JH19 20190000753 | 217 | JH19 20190002065 | 302 | JH19 20190002161 |
| 48 | JH19 20190000665 | 133 | JH19 20190000754 | 218 | JH19 20190002066 | 303 | JH19 20190002162 |
| 49 | JH19 20190000666 | 134 | JH19 20190000755 | 219 | JH19 20190002067 | 304 | JH19 20190002163 |
| 50 | JH19 20190000667 | 135 | JH19 20190000757 | 220 | JH19 20190002068 | 305 | JH19 20190002164 |
| 51 | JH19 20190000668 | 136 | JH19 20190000758 | 221 | JH19 20190002069 | 306 | JH19 20190002165 |
| 52 | JH19 20190000669 | 137 | JH19 20190000759 | 222 | JH19 20190002070 | 307 | JH19 20190002166 |
| 53 | JH19 20190000670 | 138 | JH19 20190000760 | 223 | JH19 20190002071 | 308 | JH19 20190002167 |
| 54 | JH19 20190000671 | 139 | JH19 20190000761 | 224 | JH19 20190002072 | 309 | JH19 20190002169 |
| 55 | JH19 20190000672 | 140 | JH19 20190000762 | 225 | JH19 20190002073 | 310 | JH19 20190002170 |
| 56 | JH19 20190000673 | 141 | JH19 20190000763 | 226 | JH19 20190002074 | 311 | JH19 20190002171 |
| 57 | JH19 20190000674 | 142 | JH19 20190000764 | 227 | JH19 20190002075 | 312 | JH19 20190002172 |
| 58 | JH19 20190000675 | 143 | JH19 20190000765 | 228 | JH19 20190002076 | 313 | JH19 20190002173 |
| 59 | JH19 20190000676 | 144 | JH19 20190000766 | 229 | JH19 20190002077 | 314 | JH19 20190002174 |
| 60 | JH19 20190000678 | 145 | JH19 20190000767 | 230 | JH19 20190002078 | 315 | JH19 20190002175 |
| 61 | JH19 20190000679 | 146 | JH19 20190000768 | 231 | JH19 20190002079 | 316 | JH19 20190002176 |
| 62 | JH19 20190000680 | 147 | JH19 20190000769 | 232 | JH19 20190002080 | 317 | JH19 20190002177 |
| 63 | JH19 20190000681 | 148 | JH19 20190000771 | 233 | JH19 20190002081 | 318 | JH19 20190002178 |
| 64 | JH19 20190000682 | 149 | JH19 20190000772 | 234 | JH19 20190002082 | 319 | JH19 20190002179 |
| 65 | JH19 20190000683 | 150 | JH19 20190000773 | 235 | JH19 20190002083 | 320 | JH19 20190002180 |
| 66 | JH19 20190000684 | 151 | JH19 20190000774 | 236 | JH19 20190002084 | 321 | JH19 20190002181 |
| 67 | JH19 20190000685 | 152 | JH19 20190000775 | 237 | JH19 20190002085 | 322 | JH19 20190002182 |
| 68 | JH19 20190000686 | 153 | JH19 20190000776 | 238 | JH19 20190002086 | 323 | JH19 20190002183 |
| 69 | JH19 20190000687 | 154 | JH19 20190000777 | 239 | JH19 20190002090 | 324 | JH19 20190002184 |
| 70 | JH19 20190000688 | 155 | JH19 20190000778 | 240 | JH19 20190002092 | 325 | JH19 20190002185 |
| 71 | JH19 20190000689 | 156 | JH19 20190000779 | 241 | JH19 20190002093 | 326 | JH19 20190002186 |
| 72 | JH19 20190000690 | 157 | JH19 20190000780 | 242 | JH19 20190002094 | 327 | JH19 20190002187 |
| 73 | JH19 20190000691 | 158 | JH19 20190000781 | 243 | JH19 20190002095 | 328 | JH19 20190002188 |
| 74 | JH19 20190000692 | 159 | JH19 20190000782 | 244 | JH19 20190002096 | 329 | JH19 20190002189 |
| 75 | JH19 20190000693 | 160 | JH19 20190000783 | 245 | JH19 20190002097 | 330 | JH19 20190002190 |
| 76 | JH19 20190000694 | 161 | JH19 20190000784 | 246 | JH19 20190002098 | 331 | JH19 20190002191 |
| 77 | JH19 20190000695 | 162 | JH19 20190000785 | 247 | JH19 20190002101 | 332 | JH19 20190002192 |
| 78 | JH19 20190000696 | 163 | JH19 20190000786 | 248 | JH19 20190002102 | 333 | JH19 20190002193 |
| 79 | JH19 20190000697 | 164 | JH19 20190000787 | 249 | JH19 20190002103 | 334 | JH19 20190002194 |
| 80 | JH19 20190000698 | 165 | JH19 20190000788 | 250 | JH19 20190002104 | 335 | JH19 20190002195 |
| 81 | JH19 20190000699 | 166 | JH19 20190000789 | 251 | JH19 20190002105 | 336 | JH19 20190002196 |
| 82 | JH19 20190000701 | 167 | JH19 20190000790 | 252 | JH19 20190002106 | 337 | JH19 20190002197 |
| 83 | JH19 20190000702 | 168 | JH19 20190000800 | 253 | JH19 20190002107 | 338 | JH19 20190002198 |
| 84 | JH19 20190000703 | 169 | JH19 20190000810 | 254 | JH19 20190002108 | 339 | JH19 20190002199 |
| 85 | JH19 20190000704 | 170 | JH19 20190000813 | 255 | JH19 20190002109 | 340 | JH19 20190002200 |

जिला परिवहन पदाधिकारी
लातेहार

PR 341000 Transport (24-25)_D

**अविराम की राहत परवीन डीएलएड में दक्षिण छोटा नागपुर लेवल पर बनी टॉपर**

## अविराम कॉलेज का मुख्य लक्ष्य प्रतिभाओं को निखारना और जिले का नाम शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है : इंद्रजीत कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की डी एल एड सत्र 2022.24 की प्रशिक्षु राहत परवीन ने झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में राज्य के लगभग सत्तर कॉलेज के लगभग सात सौ प्रशिछुओ में अविराम की राहत ने न केवल महाविद्यालय में अपितु दक्षिणी छोटा नागपुर में शीर्ष पर रही और महाविद्यालय के अठान्बे प्रशिक्षु फर्स्ट डिवीजन डिक्टिंक्शन के साथ रहे। प्रथम स्थान राहत का क्रमश द्वितीय से दश तक प्रियंका, प्रियंका टोप्पो, सना, रजनी, श्रवण, स्नेहा, रौनक, नेहा, रिचा रहीं। राहत परवीन लोहरदगा के सेरेंगहातू की निवासी है इनके पिता एशाक माता सुमन कुजूर हैं। अविराम के प्रशिक्षु प्रतिवर्ष राज्य के टॉपर्स में स्थान पाते है जो लोहरदगा जिले के लिए गौरव की बात है।सचिव इंद्रजीत कुमार ने प्रशिक्षु समेत सभी स्टाफ को बधाई दी और कहा कि ऐसे ही निरंतर प्रतिभाओं को निखारना है और जिले का नाम शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है बीएड में भी अविराम के प्रशिक्षु सदैव शीर्ष पर रहते है रांची विश्विद्यालय में जबकि महाविद्यालय जनजाति बहुत ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है परंतु कभी शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया गया विश्व पटल पर प्रसिद्ध हस्तियां महाविद्यालय में बुलाई जाती है जिससे प्रशिक्षुओ का समग्र विकास हो सके शिक्षा जगत में नवीन परिवर्तनों आयामों से परिचय प्राप्त कर सकें। प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी ने बताया कि राहत पढ़ाई के साथ साथ अन्य क्रियाकलापों में भी सक्रिय रूप से सहभाग करती थीं। ममता, पवन, पंकज, आफताब, रेणुका, शशि, चिनिबास, कुंदन, मनु आदि सभी द्वारा बधाई दी गई। राहत को सचिव अविराम इंद्रजीत कुमार द्वारा बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया इसके पश्चात सभी प्राध्यापको ने मिठाई खिलाई और राहत ने वर्तमान प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद स्थापित किया और उन्हें कैसे परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए जाए चर्चा की तथा अपनी सफलता का श्रेय महाविद्यालय के सचिव,प्राचार्य तथा प्राध्यापको और अपने माता पिता को दिया।

## अनियंत्रित होकर स्पेन लोहा लोड ट्रक पेड़ से टकराया, चालक घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कुंडगदी मोड़ के समीप निर्मित डायवर्सन में आए दिन सड़क दुर्घटना आम हो गया है। लगतार घटना के बावजूद संवेदक की मनमानी कार्य जारी है। विदित हो कि मंगलवार को लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ एन एच 143 ए पर कंडरा पथ के समीप वि के एस कंट्रक्शन के द्वारा वर्षो पूर्व से पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। और काफी धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। तथा निर्मित डायवर्सन पक्की नही होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रहा है। बताया जाता है कि मंगलवार को राउलकेला उड़ीसा से स्पेन लोहा लोड कर पटना जा रहा ट्रक ओ डी 14 ए सी 8322 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया जिसमें चालक बिहार राज्य के आरा जिला निवासी राजेश सिंह गाड़ी के अंदर स्टीयरिंग में बुरी तरह से दब गया और पथ लगभग दो घंटा जाम हो गया। गाड़ी में फंसे चालक को निकालने में स्थानीय ग्रामीण तथा पुलिस प्रशासन काफी सहयोग मिला और सुरक्षित निकाल इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात चालक का बेहतर इलाज हेतु पटना बिहार परिजनों द्वारा ले जाया गया। विदित हो कि घटना को लेकर मंगलवार को दिन भर यात्री परेशान रहें। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने घटना का आरोप संवेदक की लापरवाही बताया है।

## लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने को लेकर चलाया जगरूकता अभियान



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को लोहरदगा सदर बाल विकास परियोजना अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा में किया गया। जिसमें लगभग 1200 विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट, पॉस एक्ट, महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं के अधिकार पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में ज्योति कुमारी प्रसाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंजना रानी मिंज शिक्षिका, बिंदी बृजबाला शिक्षिका, गीता देवी आंगनबाड़ी सेविका आदि कार्यक्रम में बच्चों के बीच उपस्थित थे।

## शिक्षा को प्राथमिकता देना इंसान का पहला कर्तव्य : आफताब आलम



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखण्ड अंजुमन के सदर आफताब आलम के द्वारा बनाये गए वाट्सएप ग्रुप के समाजसेवी सदस्यों के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए मदरसों मे पढ़ रहे बच्चों के साथ साथ जरूरत मंदों के लिए कम्बल मुहैया कराने का विचार किया तथा ग्रुप के सदस्यों के द्वारा किये गए सहयोग से मंगलवार को प्रखण्ड के नगजुआ स्थित मदरसा अशरफिया गौशुल उलूम के बच्चों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। आफताब आलम ने कहा कि शिक्षा स्वास्थ्य जैसी अहम मुद्दों पर हर समय हम लोग बढ़-चढ़कर काम करेंगे और जहां पर भी प्रशासनिक सहयोग की बात हो तो शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकारी लाभ दिलवाने का भी प्रयास होगा मौके पर क्षेत्र के गण्यमान्य लोग भी उपस्थित हुए और मदरसे की तरक्की पर विचार विमर्श किये साथ ही साथ कैरो व भंडरा प्रखण्ड अंजुमन के कई ओहदेदार के द्वारा मदरसे के पेयजल, शौचालय, कमरे की कमी, चारदीवारी आदि बुनियादी समस्याओं से अवगत हुए और सभी के सहयोग से यथासंभव बुनियादी समस्याओं को दूर करने की बात कही।इस अवसर पर कैरो प्रखण्ड अंजुमन के सेकेट्री समीद अंसारी ने बतलाया कि समाजिक लोगों के द्वारा सहयोग किया जा रहा है जिससे कि जिले के ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे मदरसों के बच्चों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है अभी और भी मदरसों में कम्बल का वितरण किया जाना है।जिसके बाद मदरसा के नाजीम मौलान इजहारूल इमान साहब ने सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया मौके पर कैरो प्रखण्ड अंजुमन के नायब सेक्रेटरी महबूब आलम, मौलाना आजाद वेलफेयर सोसाइटी कैरो के सदर महताब आलम, मंजुल आंसारी, मन्जूर अंसारी, शाहजंहा अंसारी, सोएब खान, रोजाउद्दीन अंसारी, जमानत अंसारी, नईम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों द्वारा उत्पात मचाये जाने पर विधायक कोलेबिरा ने सहयोग के लिए अपने कार्यकर्ताओ को भेजा

**हाथियों को छेड़े नही, बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने का प्रयास करें : विधायक प्रतिनिधि**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड में जंगली हाथियों द्वारा लगातर उत्पात मचाया जा रहा है। हाथी घरों के साथ-साथ खेतों में लगे फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे है, जिससे ग्रामीणों को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के विधायक के निर्देश पर सोमवार को उनके प्रतिनिधि व अन्य कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने ठेठईटांगर प्रखंड के कोनपाला पंचायत के सर्पलता बाघचट्टा पंचायत के बिरंगाटोली, भावरखोल का भ्रमन कर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा साथ ही उनके समस्याओं से अवगत हुए तथा समस्या दूर करने का आश्वासन दिया। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने मौके पर ही वन विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर पीड़ितों के नुकसान का आंकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा देने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही हाथियों से बचाव के लिए ग्रामीणों के बीच जुट बोरा, जला हुआ मोबिल टार्च, बम, आदि का वितरण किया एवं साथ ही ग्रामीणों से कहा कि कभी भी गांव मे हाथी प्रवेश करता हैं तो उसकी खबर अपने विधायक तक जरूर पहुंचाए ताकि समय रहते गांव के लोगो को हाथी भगाने का संसाधन उपलब्ध कराया जा सके एवं वन विभाग को भी इसकी सूचना दी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि अगर वह विभाग के अधिकारी सूचना के उपरांत लापरवाही बरतते है तो उन पर भी कार्रवाई किया जाएगा। पुर्व प्रमुख सह कांग्रेस कार्यकर्ता जेरोम मिंज ने कहा कि आज जो समस्या है वह हाथी और इंसान के बीच की लड़ाई नही है बल्कि यह लड़ाई पेट की हैं। आज जंगलो में हाथियों के खाने का पेड़-पौधे व भोजन न होने के कारण वह इंसानों के घर में धान आदि खाने के लिए गांवों में हमला कर रहे है।उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जब भी गांव के आस-पास हाथियों के आने की सूचना मिलती है सभी सतर्क रहें और हाथियों को नही छेड़े बल्कि अपने गांव से हाथी को दूर रखने का प्रयास करें।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला स्तरीय बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिमडेगा जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए तैयार कार्य योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा जिला में लोगों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा युवा वर्ग को नशे की तरफ जाने से रोकने के लिए एक सघन अभियान स्वस्थ सिमडेगा, नशा मुक्त सिमडेगा चलाया जाएगा। इसके तहत वर्षभर समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों व स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान में सभी व्यावसायिक व तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों, सरकारी व निजी महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ ही विभिन्न आध्यात्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा ताकि नशे जैसी बुराई के हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाई जा सके। विद्यालय एवं कॉलेजों स्तर पर गठित छात्र क्लबों के माध्यम से भी नशा मुक्ति पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों जागरूक की जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय स्तर पर समिति का गठन करेंगे। समितियां स्कूल परिसर में नशे से जुड़ी किसी भी प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगी। पीड़ितों तथा उपभोक्ताओं की पहचान करते हुए नशा मुक्ति केंद्रों में परामर्श एवं उपचार सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर निगरानी एवं प्रोत्साहन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के अंदर मादक पदार्थ यथा- सिगरेट, तंबाकू इत्यादि की बिक्री प्रतिबंध का सख्त से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

## एस एस+2 उच्च विद्यालय जोराम के बच्चों के साथ साइबर क्राइम के मुद्दे को लेकर की गई बैठक



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा नागपुर कल्याण निकेतन एवं क्रिया के संयुक्त तत्वाधान से स्स+2 उच्च विद्यालय जोराम के बच्चों के साथ साइबर क्राइम के मुद्दे को लेकर बात किया गया जिसमें जेंडर आधारित हिंसा को जोड़ते हुए उन्हें बताया गया यह मुद्दा काफी गंभीर है इसके बारे में ठेठईटांगर थाना के स्ढ श्री जयकांत कुमार राय द्वारा साइबर क्राइम के मुद्दों को विस्तृत रूप से बताया गया जिसमें उन्होंने कई जगहों के बारे में बताया जो यह घटना घटा है उन्होंने बच्चों को यह बताया कि किसी भी तरह का अगर ओटीपी पासबुक एटीएम मांगा जा रहा है उसे कभी नहीं भेजना चाहिए और नहीं बताना चाहिए उन्होंने बताने के क्रम में यह भी बताया कि बच्चों को सदैव इसके लिए अपने माता-पिता को सपोर्ट करते हुए तत्पर रहना चाहिए और उन्हें अपने गांव पास पड़ोस सभी को यह सब बात बतानी चाहिए जिससे समुदाय में जागरूकता आए और घटना का दर कम हो सके उन्होंने यह भी बताया कि जो क्रिमिनल माइंडेड व्यक्ति रहते हैं वह कभी किसी को वृद्ध या विकलांग या बीमार नहीं समझते हैं वह किसी का दोस्त नहीं हो सकते हैं वह हमेशा गलत कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं इस तरह से यह कार्यक्रम जेंडर आधारित हिंसा को जोड़ते हुए यह भी बताया गया कि जेंडर एक ऐसा ढांचा है जो समाज द्वारा बनाया हुआ है और इसमें किस तरह से व्यक्ति आगे बढ़ते जाता है उसे पता भी नहीं चल पाता है हमारा यह भी बताया गया कि विद्यालय में कोई भी बच्चे हो विकलांग बच्चा हो या गरीब बच्चा हो एसटीएससी बच्चा हो सभी को एक समान सुविधा और अधिकार है वह किसी अधिकार से वंचित नहीं है बच्चों के साथ बाल विवाह के मुद्दे पर भी बातचीत किया गया उन्हें बाल विवाह नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया गया और ऐसी घटना होने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करने के लिए भी कहा गया यह भी एक जेंडर आधारित हिंसा है और सामाजिक कुरीति है इस तरह से बच्चों को कई बातें साइबर क्राइम को लेकर बताई गई अंत में छोटा नागपुर कल्याण निकेतन के सचिव द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए इस कार्यक्रम का समापन किया गया।

## प्रेम और आदर्श का प्रतीक समाज में रिश्तों की सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए एक प्रेरणा : संजय सर्राफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि विवाह पंचमी हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष पंचमी तिथि 5 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन यानी 6 दिसंबर को दोपहर 12 बजकर 07 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 6 दिसंबर को विवाह पंचमी मनाई जाएगी। इस दिन भगवान श्रीराम और माता सीता की शादी की वर्षगाँठ मनाई जाती है। इस दिन भगवान श्रीराम और माता सीता का दिव्य विवाह हुआ था। विवाह पंचमी का महत्व केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सनातन धर्म से जुड़े लोग विवाह पंचमी के पर्व के आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं।धार्मिक मान्यता है कि मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह हुआ था। इसलिए इस तिथि पर विवाह पंचमी मनाई जाती है। साथ ही इस तिथि पर अन्न, धन और सोलह श्रृंगार का दान करना शुभ माना जाता है। इस दिन राम जी और माता सीता को प्रिय चीजों का भोग लगाना चाहिए। विवाह पंचमी के दिन विशेष रूप से राम कथा का श्रवण और राम-सीता के विवाह के प्रसंग की पूजा की जाती है। विवाह पंचमी का महत्व इस बात से है कि यह भगवान राम और माता सीता के आदर्श वैवाहिक संबंधों का प्रतीक है। राम और सीता का विवाह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह धर्म, सत्य, प्रेम, और त्याग का अनुपम उदाहरण है। भगवान राम ने माता सीता के साथ अपने विवाह से यह संदेश दिया कि प्रेम और श्रद्धा से परिपूर्ण संबंध ही जीवन का सर्वोत्तम आधार हैं।

# शव मिलने के बाद अरु में तीन घंटा सड़क जाम, परिजनों ने हत्या का जताया आशंका

**तीन घंटा सड़क जाम वरीय अधिकारी के समझाने के बाद जाम हटा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** रामनगर के समीप संचालित ईट भट्ठा में शव मिलने के सूचना पर क्षेत्र में फैला सनसनी घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव का हुआ शिनाख्त परिजनों ने जताया हत्या का आशंका विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप संचालित किसान ईट भट्ठा परिसर में शव मिलने की सूचना पर पुलिस प्रशासन पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई। इस दरमियां शव का शिनाख्त अरु ग्राम निवासी सलामत अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र शमशेर अंसारी के रुप में किया गया। शव किसान ईट भट्ठा के समीप मिट्टी डंपिंग के पास मिलने से अरु के ग्रामीण आक्रोश जताते हुए हत्या का आरोप लगाया है। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि हत्या कर चक्का चढ़ा दिया गया है जिसपर गुसाए ग्रामीणों ने शव को उठा कर पहले सेन्हा राम नगर पेट्रोल पंप के समीप एन एच 143 ए पथ को आधा घंटा जाम किया फिर वहां से शव को उठाकर अरु चौक पर ले गए जहां पर तीन घंटा जाम के बाद जिला वरीय अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की अंचलाधिकारी मो0 मुदस्सर नजर मंसूरी के समझाने तथा परिजनों के विभिन्न मांग पत्र सौंपने के बाद जाम को हटा दिया गया। जाम करने वाले ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि हत्यारा को 12 घंटा के अंदर गिरफ्तार करें और मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और 20 लाख का सहायता दें मृतक के बच्चो को सरकारी व्यवस्था के तहत उचित शिक्षा दिया जाए जिसपर अधिकारी ने आश्वासन दिया तब जाकर जाम हटाया गया। जाम के दौरान घंटो छोटी बड़ी वाहने का कतार लग गया था। परंतु पुलिस प्रशासन सकारात्मक कदम उठाते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है। जाम की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात थे।

## महिला सम्मान, सुरक्षा व अधिकार को लेकर कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन में जागरुकता बैठक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार सौजन्य जिला प्रशासन लोहरदगा समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा के निर्देश पर 03 दिसंबर मंगलवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में कैरो अंचल अधिकारी कुमारी शीला उराँव, निवर्तमान उप-प्रमुख मधुलिका रानी, जेएसएलपीएस बीपीएम अल्पना खलखो, की उपस्थिति एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कैरो कुडु के अध्यक्षता मे महिला सुरक्षा, सम्मान एक साथ एक आवाज हिंसा के खिलाफ जागरुकता को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीडीपीओ कैरो कुडु सानिया मन्जूल, व मास्टर ट्रेनर अभिषेक कुमार, इमरान जी के द्वारा उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि महिलाओं के साथ मारपीट, महिलाओं को डराना या धमकाना, पीछा करना, या घूरना, भद्दे कमेंट्स करना, गंदे तरीके से छूना या जकड़ना, बगैर रजामंदी के यौन संबंधो की माँग करना, शरीर के बारे में शर्मिंदा करना, गाली देना बेईजती या अपमान करना यह सब हिंसा के रुप हैं आप आवाज उठाएँ और हिंसा के खिलाफ कदम लें। बैठक में अधिकारियों के द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता 1973 (सीआरपीसी) आईपीसी और अन्य कानूनों के तहत महिलाओं के अधिकार व महिला हेल्पलाइन 112 के विषय में बैठक मे उपस्थित महिलाओं को बताया गया। आधिकारियों ने कहा कि महिला हिंसा के मामले में अपना बयान सिर्फ महिला पुलिस आफिसर को ही देना हर महिला का अधिकार है, सूर्यास्त के बाद किसी भी महिला की गिरफ्तारी सिर्फ अतिविशेष परिस्थिति में मजिस्ट्रेट के आदेश से ही हो सकती है, सरकार के तरफ से जरुरतमंद संघर्षशील को वकील सेवा निश्शुल्क मुहैया करवाई जाती है। बैठक में महिलाओं के अधिकार से संबंधित अनेको विन्दुओं पर चर्चा अधिकारियो ने उपस्थित महिलाओं से किया एवं उन्हे पीड़ित हर महिला को जागरुक करने की बात कही। मौके पर बैठक मे प्रखंड के आँगनबाड़ी सेविका, सहायिका एवं अन्य महिला बैठक में उपस्थित थे।

## हर नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान कराना विधिक सेवा का कर्तव्य : कुमार चंद्रशेखर





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राष्ट्रीय कानूनी साक्षरता मिशन के माध्यम से भैया-बहनों को जागरूक किया गया। जिसमें लोहरदगा जिला के कोर्ट मेडिएटर कुमार चंद्रशेखर अधिवक्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, दिनेश प्रसाद, नेम्हान्ती मिंज, दुखित मिंज ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन किया। अतिथियों का परिचय आचार्य दिनेश प्रसाद ने कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लोहरदगा के तत्वाधान में कक्षा षष्ठ से नवम तक के भैया बहनों को कानूनी जागरूकता के तहत जानकारी दी गई। जिसमें नशापान, अपराध, बाल श्रम, शिक्षा का अधिकार, समानता का अधिकार, न्याय सदन, नए कानून के बारे में जानकारी दी गई। भैया-बहनों को उत्साहवर्धन एवं विधिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता अभियान में सहभागिता कराई गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कोर्ट मेडिएटर कुमार चंद्रशेखर अधिवक्ता, नेम्हान्ती मिंज P.L.V, दुखित मिंज P.L.V उपस्थित थे। जिला न्यायक्षेत्र लोहरदगा में स्थिति भैया-बहनों के बीच उत्सव, त्यौहार, राष्ट्रीय त्योहार, सामूहिक सहभागिता, खेलकूद, सभा इत्यादि के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा की राज्य विधिक सेवा द्वारा चलाए गए अभियान निश्चित रूप से कल के नागरिक को अपने समस्या के समाधान में सहयोग मिलेगा। धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर कुमार ने किया।

## संजय बर्मन के मेमो ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग पर रेलवे प्रबंधक ने दी स्वीकृति



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संजय बर्म्मन द्वारा पटना से वाया डाल्टनगंज वंदे भारत ट्रेन को एक दिन लोहरदगा होकर चलाने से आदिवासी गरीब बाहुल्य क्षेत्र गुमला, सिमडेगा, नेतरहाट, चंदवा, महुवाड़ाढ एवं छत्तीसगढ़ प्रांत के जशपुरनगर, बगीचा, तपकरा, कुनकुरी, पत्थलगांव, सन्ना आदि में रहने वाले छात्र, मैरिज, सेना के पूर्व व रिटायर्ड जवान, कृषक, व्यापारी, सरकारी गैर सरकारी अधिकारी व आम जनों को फायदे होंगे तथा रेलवे की दूरी भी कम होगी एवं लोहरदगा रांची लाइफ लाइन मेमू ट्रेन में बोगियां बढ़ाने हेतु सितंबर महीने में डिविजनल रांची मैनेजर, दक्षिण पूर्वी रेलवे जोन हटिया से पत्राचार कर आग्रह किया गया था, जिस पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची कार्यालय के सहायक वाणिज्य प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे रांची के अनिल जेराई ने अपने पत्रांक संख्या सं/सी/रांची जनता मांग/11/24 से चेंबर सदस्य श्री बर्म्मन को जानकारी दी की नई ट्रेन(वंदे भारत) का परिचालन नीतिगत मामला है जिसका निर्णय संबंधित क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालय एवं रेलवे बोर्ड द्वारा लिया जाएगा,साथ ही साथ लोहरदगा रांची मेमू ट्रेन में बोगी बढ़ाने हेतु विचार हो रहा है तथा सुझाव का स्वागत किया गया।

चलते चलते एक नजर

## एनआईसी में भाग लेने के लिए एनपी यूनिवर्सिटी की टीम बरेली रवाना




**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय बरेली में 5 से 11 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लेने के लिए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की 9 सदस्यीय टीम मंगलवार को बरेली के लिए रवाना हो गई। विश्विद्यालय की एन एस एस की टीम में सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज गढ़वा से मौलिक विश्वकर्मा, लौकिक विश्वकर्मा, सिमरन सोनी, वाई एस एन महिला कॉलेज मेदिनीनगर से रिया कुमारी एवं रुही प्रवीण, एम के कॉलेज पांकी से सोनू कुमार, अर्पिक कुमार मेहरा एवं चांदनी कुमारी के नाम शामिल है। टीम के कंटीनजेंट लीडर के रूप में एस पी डी कॉलेज, गढ़वा के प्रो. कमलेश कुमार सिन्हा शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि बरेली में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में विश्वविद्यालय की टीम झारखंड राज्य की टीम के रूप में भाग लेगी। साथ ही राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी टीम भाग लेगी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में देश के विभिन्न राज्यों से एनएसएस की टीमें हिस्सा लेगी जिससे बच्चों को एक दूसरे की संस्कृति को भी जानने का अवसर प्राप्त होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति, कुल सचिव, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक तथा विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य ने इस प्रतियोगिता के लिए टीम को बधाई दी है।

## जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप मनाया जाएगा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के एकदिवसीय बैठक रांची डोरंडा झंडा चौक स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, रोजी, रोजगार व नियोजन की गारंटी तथा जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. हमारी लंबित मांगों को अबुआ सरकार से देने की मांग की गई। आंदोलनकारियों ने 18 दिसंबर को अमर पुरोधा विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि कामरेड महेंद्र सिंह की पुण्यतिथि , 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती तथ 1 जनवरी 202 5 खरसावां गोली कांड के शहीदों को नमन करते हुए एवं झारखंड वासी इस तिथि को ब्लैक डे के रूप में मनाए तथा 3 जनवरी 2025 को मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में पूरे राज्य में मनाने का निर्णय लिया गया। 16 जनवरी को कामरेड महेंद्र सिंह की शहादत दिवस एवं 28 जनवरी को अबुआ दिशुम- अबुआ राइज मनाया जाएगा। आंदोलनकारी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रथम सप्ताह में विशाल शहादत सभा का आयोजन किया जाएगा। इस सभा में पूरे राज्य भर से आये 1,001 झारखंड आंदोलनकारी आत्मदाह करेंगे।संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड संघर्ष और शहादतों का प्रदेश है, हर दिन झारखंड के लिए विशेष है। मार्च के प्रथम सप्ताह विशाल शहादत सभा का आयोजन किया जाएगा और 1,001 आंदोलनकारी आत्मदाह करेंगे। अध्यक्ष विदेशी महतो ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय नीति एवंघ विस्थापित नीति बनाते हुए विस्थापन आयोग का गठन शीघ्र करें।

# कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की फिर बिगड़ी तबीयत



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार न होने पर ठाणे के जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जुपिटर अस्पताल में डॉक्टरों की टीम शिंदे का मेडिकल चेकअप कर रही है।मंगलवार को अस्पताल ले जाते समय एकनाथ शिंदे ने पत्रकारों को बताया कि वे ठीक है, चिंता की कोई बात नहीं है। एकनाथ शिंदे पिछले सप्ताह तबीयत खराब होने की वजह से सातारा जिले में स्थित अपने मूल गांव दरे गांव गए थे। वहां उन्हें तेज बुखार हो गया था, जिससे उनका गांव में ही उपचार किया गया था। सातारा से मुंबई आने के बाद शिंदे ठाणे स्थित अपने आवास पर ही आराम कर रहे थे, लेकिन आज उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद जुपिटर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।इस संबंध में शिवसेना शिंदे समूह के नेता और पूर्व मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को बताया कि एकनाथ शिंदे को चुनाव प्रचार के दौरान ही थ्राट प्राब्लम थी, लेकिन उन्होंने मेडिकल चेकअप नहीं करवाया था। आज सुबह उन्हें थकान महसूस हो रही थी, इसी वजह से उन्हें जुपिटर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उनका रुटीन चेकअप किया जा रहा है। शिवसेना नेता उदय सामंत ने बताया कि शिंदे मेडिकल चेकअप के बाद शाम को बैठक में शामिल हो सकते हैं।इसी बीच मुंबई के आजाद मैदान पर महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी की जा रही हैं। इसलिए आज भाजपानीत एनडीए गठबंधन के नेताओं की बैठक आयोजित की गई है।

## पुलिस सर्विस एसोसिएशन के शिष्यमण्डल ने मुख्यमंत्री से किया भेंट और दी बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के शिष्टमंडल द्वारा मुख्यमंत्री से मंत्रालय भवन में शिष्टाचार भेंट की गई। मौके पर मुख्यालय 2 डीएसपी अमल पांडेय, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय,सदर डीएसपी संजीव बेसरा,दिलीप खलखो सहित कई डीएसपी रहे मौजूद थे।

## डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने तीसरी बार जीता अबू धाबी टी10 का खिताब




एजेंसी

**अबू धाबी:** डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने सोमवार देर रात मॉरिसविले सैंप आर्मी को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार 2024 अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है।जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 105 रनों का पीछा करते हुए, ग्लेडियेटर्स ने तीन ओवर शेष रहते हुए 8 विकेट से जीत हासिल कर ली।105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्लेडियेटर्स की टीम को सलामी बल्लेबाज इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले ही ओवर में कप्तान रोहन मुस्तफा के ओवर में लगातार चार चौके लगाए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान निकोलस पूरन पाकिस्तान के स्पिनर इमाद वसीम पर हावी रहे। ग्लेडियेटर्स ने तीसरे ओवर में 20 रन बटोरे और 50 रन के आंकड़े को पार कर लिया। उनकी इस पारी की बदौलत ग्लेडियेटर्स ने 7 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।तेज गेंदबाज इसुरु उदाना की गेंद पर मुस्तफा ने डीप में पूरन का शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत किया। पूरन ने 10 गेंदों में 28 रन बनाए। लेकिन इससे सैम्प आर्मी को वास्तव में मदद नहीं मिली क्योंकि कैडमोर ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और अर्धशतक लगाया।इससे पहले, मॉरिसविले सैम्प आर्मी को वास्तव में वह शुरुआत नहीं मिल पाई जो वे चाहते थे और नियमित रूप से विकेट खोते रहे और एक समय वे 81 रन पर 5 विकेट खोकर संघर्ष कर रहे थे।अफ़ग़ानिस्तान के करीम जन्नत ने पारी के अंतिम ओवरों में 8 गेंदों में 16 रन बनाए, जिससे सैम्प आर्मी ने 10 ओवरों में 7 विकेट पर 104 रन बनाए।

## प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से बात की, हरसंभव मदद का आश्वासन दिया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से बात की और राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र की ओर से तमिलनाडु को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।प्रधानमंत्री से बातचीत की जानकारी साझा करते हुए स्टालिन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझसे फोन पर संपर्क किया और तमिलनाडु में चक्रवात फेंजल से हुए गंभीर नुकसान के बारे में जानकारी ली।स्टालिन ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को सूचित किया कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावी ढंग से निपट रही है और प्रभावित लोगों को राहत सहायता प्रदान की जा रही है।उन्होंने कहा कि मैंने अपनी मांग दोहराई कि तूफान के कारण हुए नुकसान के व्यापक मूल्यांकन और लोगों को राहत प्रदान करने के लिए केंद्रीय समिति को भेजा जाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री तमिलनाडु के इस अनुरोध पर तुरंत विचार करेंगे और उचित कदम उठाएंगे.इससे पहले मुख्यमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि चक्रवाती तूफान फेंजल ने तमिलनाडु के 14 जिलों में अभूतपूर्व तबाही मचाई है, जिससे 1.5 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं, 2.11 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो गई है और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

# भारत स्काउट और गाइड में सैन्य शक्ति का जिन है : अविनाश देव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला भारत स्काउट और गाइड भवन में तृतीय सोपान के प्रशिक्षण समापन समारोह के बतौर मुख्यातिथि शिरकत किया। डी ओ सी आमोद कुमार गले में स्कार्प लगा कर स्वागत किए। कैंप फायर मशाल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत किए। पलामू जिले के सभी विद्यालय से छात्र छात्राओं को तृतीय सोपान में शामिल कर प्रशिक्षण दिया गया। कड़ाके की सर्दी में भी सभी छात्र छात्राएं बड़े ही उत्साह में दिखे और अनुशासित नजर आए। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बेटियां एक से बढ़ कर एक गीत नृत्य पेश की जो सबों को मन मोह लिया। मैं अपने संबोधन में कहा भारत स्काउट और गाइड के बच्चों में सैन्य शक्ति का जिन हिलोरें मार रहा है वक्त पड़ा तो जिंदगी बचाने में एक एक कण कुर्बान होगा। भारत बासठ पैंसठ और इकहत्तर का जंग झेल चुका है, खुदा न खासते दुबारा यह नौबत आया तो स्काउट गाइड के बच्चे दुश्मनों के नाकों चने चबवा देंगे। देश के अंदर कोई प्राकृतिक विभीषिका होता है तो उससे बखूबी निबटने के लिए स्काउट गाइड के बच्चे काफी है। झारखंड सरकार व जिला प्रशासन से गुजारिश होगा स्काउट गाइड को अलग से बजट के प्रावधान कर वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्काउट गाइड को विकसित करें। स्काउट गाइड के नाम दो एकड़ सरसठ डिसमिल पड़े जमीन पर आधारभूत संरचना तैयार कर बच्चों के हित में काम करने की कृपा करें। जब हर एक बचा युद्धकला कौशल संस्कार अनुशासन से भरा होगा तो निश्चित ही हमारा भारत विकसित होगा। बच्चों को आगे बताया परिस्थिति चाहे जो कुछ हो कलम की ताकत हासिल करने के लिए विकट हाल आगे बढ़ना है। दो बेटियों के जन्मदिन था केक काट कर स्वस्थ सुंदर शिक्षित एवं लंबी उम्र की कामनाओं सहित ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इससे जुड़े तमाम पदाधिकारियों को कार्यक्रम कराते रहने की सलाह है हम इस सवाल पर आपके साथ हैं। बच्चों संस्था पदाधिकारी के उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर शानदार मंच संचालन सुनील जी ने किया,स्वागत भाषण अमोद जी,प्रशिक्षक सोनू जी,अतिथि रमेश सिंह जी,प्रदीप जी,सतीश जी,आलोक जी,श्याम बाबू सहित अन्य गणमान्य सज्जन की गरिमामयि उपस्थिति रही।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रांची:** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची स्थित परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अद्वितीय साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन सम्पूर्ण देशवासियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उनके बलिदान और वीरता की गाथा हमेशा अमर रहेगी।। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक में 33 प्रस्तावों पर लगी मुहर



एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री सचिवालय के कैबिनेट हॉल में दोपहर 12.05 बजे से चल रही नीतीश मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हो गई। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 33 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। सरकार ने जमीन सर्वे की अवधि को 06 महीना के लिए बढ़ा दिया है। राज्य में जमीन सर्वे को लेकर लोगों की परेशानी को देखते हुए सरकार ने बड़ी राहत दे दी है। सरकार ने सर्वे की अवधि को बढ़ाने का फैसला लिया है। लैंड सर्वे की टाइम लाइन में वृद्धि कर दी गई है। सरकार ने जमीन सर्वे की डेड लाइन को छह महीने बढ़ा दिया है। सेल्फ डेक्लियशन के लिए मिला 180 दिन, रैयत का दावा करने के लिए 60 दिन और दावे के निपटारा के लिए 60 दिन का समय मिलेगा।बिहार के शिक्षकों से जुड़े फैसले भी मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए। शिक्षा विभाग ने बिहार के सरकारी स्कूलों में अगले साल में होने वाली छुट्टियों का कैलेंडर जारी कर दिया है। जारी कैलेंडर के अनुसार अगले साल शिक्षकों को 72 छुट्टी मिलेगी। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले नीतीश सरकार ने शिक्षकों को खुश करने के लिए बड़ा फैसला लिया है। यहीं नहीं पूर्व एससीएस केके पाठक के समय शिक्षक जिस दिन या जिस पर्व त्योहार पर छुट्टी के लिए लगातार विरोध और आंदोलन कर रहे थे उस दिन भी उन्हें अब छुट्टी दी गई है। शिक्षा विभाग ने 6 जनवरी, 2025 से लेकर 31 दिसंबर, 2025 तक के छुट्टी का कैलेंडर जारी किया है। सबसे अहम बात है कि दशहरा में जहां शिक्षकों को एक छुट्टी मिल रही थी, वहीं अगले साल शिक्षकों को दशहरा में 5 दिन की छुट्टी मिलेगी। साथ ही छठ में भी शिक्षकों को दीपावली से लेकर छठ तक 10 दिनों की छुट्टी दी जाएगी।

## संत जेवियर्स कॉलेज ने अपने संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का मनाया गया त्योहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने 3 दिसंबर को कॉलेज प्रांगण में अपने संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत मिस्सा अनुष्ठान के साथ हुई। मिस्सा समारोह की अगुवाई कॉलेज के भूतपूर्व छात्र व वर्तमान में गुमला के धर्माध्यक्ष रेव्ह बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने की और उनका साथ कॉलेज के रेक्टर फादर सुधीर मिंज, एसजे व फादर ब्राइस बिलुंग ने दिया। मिस्सा में कॉलेज के प्रबंधकों, स्टाफ के सदस्यों, सहकर्मियों एवं छात्र-छात्राओं के लिए विशेष रूप से प्रार्थना की गई। धर्माध्यक्ष बिशप लिनुस पिंगल एक्का ने संत फ्रांसिस जेवियर के जीवनकाल को साझा करते हुए बताया कि जेवियर की आदर्शों, चिन्हों और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आत्मसात करने को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ईश्वर पर विश्वास करके उनकी योजना के अनुसार आगे बढ़ें। जहां भी कार्यरत हों वहां अपनी बात, काम और व्यवहार से ईश्वर के प्यार को दूसरों को दें। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने डॉ फादर अजय मिंज,एसजे व फादर संजय केरकेट्टा,एसजे की अगुवाई में सुमधुर गायन के साथ मिस्सा में प्रार्थना का उपयुक्त महौल बनाने में अपना योगदान दिया। इस दौरान कॉलेज की छात्राओं ने प्रवेश व अर्पण नाच कर कार्यक्रम को सार्थक बनाया। समारोही मिस्सा में फादर आनंद डेविड खलखो, डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर,एसजे, फादर अजय तिर्की, एसजे सहित 30 पुरोहितगण, धर्मबहनें, टीचिंग स्टाफ, नॉन टीचिंग स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में अर्जुन मुंडा ने सोशल मीडिया एक्स पर दुख जताते हुए जानकारी दी है। मुंडा ने कहा कि उनके बड़े भाई भीमसेन मुंडा का अंतिम संस्कार पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) स्वर्णरेखा घाट मानगो में होगा। इससे पहले घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित घर से सुबह 11.30 बजे अंतिम यात्रा निकलेगी। अर्जुन मुंडा ने पोस्ट में लिखा है कि दुःखद समाचार व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे और मंगलवार को प्रातः हम सभी को छोड़कर चले गये।

# एलएसी पर हालात सामान्य है : जयशंकर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भारत-चीन सीमा विवाद पर जानकारी देते हुए कहा कि, एलएसी पर हालात सामान्य है। फिलहाल शांति बहाली की कोशिश जारी है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि, सीमा पर हालात सुधारने के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि, कोई भी पक्ष स्थिति से छेड़छाड़ नहीं करेगा और सहमति से ही सभी मसलों का समाधान किया जाएगा। चीन से बातचीत के बारे में जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि, सीमा पर हालात सामान्य होने के बाद ही चीन से बातचीत की गई है।विदेश मंत्री ने कहा कि, एलएसी पर बहाली का पूरा श्रेय सेना को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि, कूटनीतिक पहल से सीमा पर हालात सामान्य हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन के बीच सहमति बनी है कि यथास्थिति में एकतरफा बदलाव नहीं किया जाएगा और साथ ही दोनों देशों के बीच पुराने समझौतों का पालन किया जाएगा। सीमा पर शांति के बिना भारत-चीन के संबंध सामान्य नहीं रह सकते।लोकसभा में विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, मैं सदन को भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में हाल के कुछ घटनाक्रमों और हमारे समग्र द्विपक्षीय संबंधों पर उनके प्रभावों से अवगत कराना चाहता हूं।

सदन को पता है कि 2020 से हमारे संबंध असामान्य रहे हैं, जब चीनी कार्रवाइयों के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द भंग हुआ था। हाल के घटनाक्रम जो तब से हमारे निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव को दर्शाते हैं, ने हमारे संबंधों को कुछ सुधार की दिशा में स्थापित किया है। भारत और चीन ने सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए कई दशकों तक बातचीत की है। सीमा विवाद के समाधान के लिए निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य रूपरेखा पर पहुंचने के लिए द्विपक्षीय चर्चा की गई।सदस्यों को याद होगा कि अप्रैल-मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर चीन की तरफ से बड़ी संख्या में सैनिकों को एकत्र करने के बाद कई बिंदुओं पर हमारी सेनाओं के साथ आमना-सामना हुआ। इस स्थिति के कारण गश्ती गतिविधियों में भी बाधा पैदा हुई। यह हमारे सशस्त्र बलों के लिए श्रेय की बात है कि रसद संबंधी चुनौतियों और तत्कालीन कोविड स्थिति के बावजूद, वे तेजी से और प्रभावी ढंग से जवाबी तैनाती करने में सक्षम थे।